हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

## नीरज चौपड़ा के रजत पदक जीतने से प्रेरणा ले रहे हैं सुमित अंतिल

देश

## जम्मू कश्मीर में फिर हुई राम माधव की वापसी, भाजपा को दिला सकते हैं फायदा



Page 10

मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, रेवती, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 23 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 253 • पृष्ठ 12

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹66,800 | ₹87,000 |



### आज का इतिहास

- 1944 : भारतीय फिल्मों की मशहूर हिरोइन सायरा बानो का जन्म हुआ।
- 1947 : वल्लभभाई पटेल भारत के उप प्रधानमंत्री बने।

### न्यूज बाइट्स

#### बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने आरजेडी छोड़ी

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को अलविदा कह दिया है। आरजेडी के राष्ट्रीय महासचिव पद पर तैनात रजक ने गुरुवार को अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से कहा को अपना इस्तीफा पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने लिखा है कि उनके साथ धोखा हुआ है। अगले साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले श्याम रजक के आरजेडी छोड़ने से सियासी पारा गर्मा गया है। उनके जेडीयू में वापस जाने की अटकलें तेज हो गई हैं।

#### मिस इंडिया बिहार बनी अदिति झा

**पटना (नि.सं.)।** पिछले पांच महीने में भारत के पांच अलग-अलग इलाकों फेमिना मिस इंडिया का ऑडिशन रखा गया। कड़ी मशक्कत के बाद दिल्ली, कोलकाता, गुवाहाटी, बेंगलुरू, पश्चिम बॉम्बे और मुंबई में ऑडिशन देकर हर राज्य की एक कंटेस्टेंट को चुना गया है। जूरी ने खूबसूरती, बुद्धिमता, बात करने की कला और पर्सनैलिटी के आधार पर टॉप 30 का चुनाव किया और फेमिना मिस इंडिया 2024 के टॉप 30 कंटेस्टेंट के लिस्ट की घोषणा कर दी गई। बिहार से मिथिलांचल की बेटी अदिति झा चुनी गई हैं। उन्हें मिस इंडिया बिहार बनने का गौरव प्राप्त हुआ। अदिति मिस इंडिया कॉन्टेस्ट जीतकर मिस वर्ल्ड में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं।

#### मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में 5 लाभुकों पर हुआ सर्टिफिकेट केस

**भभुआ (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभुकों को सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की स्थापना के लिए अनुदान पर सहायता राशि दी जाती है। सहायता राशि पाने वाले लाभुकों को 7 माह में 84 किश्तों में राशि वापस करनी है। मिली जानकारी के अनुसार योजना की राशि लेने के बाद लाभुकों के द्वारा निर्धारित समय पर राशि वापस नहीं की जा रही है। उद्यमी योजना की राशि वसूली के लिए विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला उद्योग केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पूर्व के वित्तीय वर्षों में योजना की राशि लेने वाले 61 लाभुकों द्वारा राशि की वापसी नहीं की गई।

#### सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए 95 लाख बच्चियों को लगेंगे टीके

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार ने सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए राज्य की नौ से चौदह वर्ष की लगभग 95 लाख बच्चियों को ह्यूमन पेपिलोना वायरस टीका लगाने का निर्णय लिया है।

नीतीश कुमार ने मुजफ्फरपुर में कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन, फोरलेन निर्माण की समीक्षा की

# सीएम ने सात थानों का किया शिलान्यास निर्माणाधीन बाईपास का किया निरीक्षण

निज संवाददाता | मुजफ्फरपुर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में मुजफ्फरपुर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का निरीक्षण और उद्घाटन किया। इस दौरे के दौरान उन्होंने तीन नए थानों का उद्घाटन किया और सात नए थाने के भवनों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को इन्हें तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सकरी-सरैया में निर्माणाधीन तुर्की थाना भवन का निरीक्षण किया और वहां आयोजित एक कार्यक्रम में 15.03 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मॉडल थाना भवन जजुआर, मॉडल थाना भवन हथ्था और एससी-एसटी विशेष थाना भवन का रिमोट से उद्घाटन किया। इसके अलावा, 32.76 करोड़ रुपये की लागत से 6 थाना भवनों सहित 7 पुलिस भवनों का शिलान्यास भी किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक प्रदान किया। सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत 6 करोड़ 95 लाख रुपये के सांकेतिक चेक 1479 लाभार्थियों को दिए गए। इसके साथ ही विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभार्थियों को भी सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल का वितरण भी इस कार्यक्रम का एक हिस्सा था, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार हो सके।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के साथ पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, गृह विभाग के प्रधान सचिव शअरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गोपाल मीणा, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक शिवदीप लांडे, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन, और अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे। इन सभी अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभाई।



#### फोरलेन निर्माण में बाधाओं पर चर्चा

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन निर्माण कार्य की समीक्षा भी की। राम दयालु में भूमि अधिग्रहण की समस्या के कारण इस फोरलेन का एक हिस्सा अधूरा पड़ा है। मुख्यमंत्री ने इस समस्या को अविलंब सुलझाने के लिए एक विशेष बैठक का आयोजन करने का आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आपसी समन्वय से काम करते हुए इस परियोजना को तेजी से पूरा करें ताकि इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग से यातायात में सुधार हो सके और लोगों को आने-जाने में सुविधा मिले।

#### जल-जीवन-हरियाली अभियान और सोलर पावर प्लांट का शिलान्यास

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान के अंतर्गत विभिन्न थानों में सोलर पावर प्लांट का भी शिलान्यास किया। इन सोलर पावर प्लांट्स का उद्देश्य थानों की ऊर्जा जरूरतों को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पूरा करना है।

## 10 दिन बाद काम पर लौटे डॉक्टर, पटना के एनएमसीएच-पीएमसीएच में मरीजों की भारी भीड़

- ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप-हत्याकांड के विरोध में 10 दिनों से चल रही डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त हुई

निज संवाददाता | पटना

कोलकाता में ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप-हत्याकांड के विरोध में पिछले 10 दिनों से चल रही रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल खत्म हो गई है। सभी डॉक्टर काम पर लौट गए हैं। जिससे परेशान मरीजों को राहत मिली है। बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एनएमसीएच में ओपीडी खुलने के बाद मरीज पहुंचने लगे हैं। नालंदा के हिलसा से पटना पहुंचे विनोद प्रसाद ने बताया कि बच्ची के हाथ में पिन लगा हुआ है। डॉक्टरों ने इसे निकालने के लिए 16 अगस्त का डेट दिया था। उस दिन भी आए थे, लेकिन हड़ताल की वजह से लौटकर जाना पड़ा। आज भी काउंटर पर भीड़ की वजह से पुर्जा कटाने में आधे घंटे का समय लग गया। पटना की रहने वाली बुजुर्ग महिला चिंता देवी ने बताया कि मेरा हाथ टूट गया था। प्लास्टर हटवाने के लिए 3 दिन पहले आना था, लेकिन हड़ताल की वजह से लौटना पड़ा।



#### मरीज और परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर

ओपीडी और इमरजेंसी सेवा बहाल होने के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए भास्कर रिपोर्टर अस्पताल पहुंचे। पीएमसीएच-एनएमसीएच के निबंधन काउंटर पर पुर्जा कटाने के लिए मरीजों और तीमारदारों की काफी भीड़ थी। इस दौरान कुछ लोग धक्का-मुक्की करते भी दिखे। हालांकि हड़ताल खत्म होने से मरीजों और उनके परिजनों में खुशी थी। कल तक जो चेहरे पर मायूसी थी, वो आज खत्म हो गई थी।

डॉक्टरों ने आज हाथ से प्लास्टर हटा हटाने की बात कही है। पीएमसीएच प्रबंधक ने बताया गया कि हड़ताल खत्म हो गई है। धीरे-धीरे लोग आ रहे हैं। सभी डॉक्टर्स ड्यूटी पर मौजूद हैं। आज से मरीज पहुंच रहे हैं। कल से और अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। वहीं, पटना जिले में निशुल्क एंबुलेंस सेवा डायल 102 ठप है। चालक और टेक्नीशियन बीते 7 अगस्त से हड़ताल पर हैं। अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया है। जिससे मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एनएमसीएच में टेक्नीशियन पद पर तैनात जीतेश कुमार ने बताया कि पूरे पटना में 40 से अधिक एंबुलेंस के पॉइंट्स हैं। जिसमें से सिर्फ धनरूआ और नौबतपुर के पॉइंट्स काम कर रहे हैं। बाकी हड़ताल पर हैं। 1 साल पहले भी हमलोगों ने हड़ताल की थी। उस समय सारी मांग मान ली गई थी। सिविल सर्जन, डीपीएम और संचालन करने वाली कंपनी के साथ हुई मीटिंग में आश्वासन मिला था। लेकिन अभी तक इसे पूरा नहीं किया गया है। मजबूरन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

## कंप्यूटर साइंस शिक्षक भर्ती मामले में कोर्ट ने मांगा जवाब

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने राज्य में आठ हजार से अधिक कंप्यूटर साइंस उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए ली गई टीआरई-1 परीक्षा के परिणाम और पूरक परिणाम रद्द करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने बीपीएससी एवं राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकलपीठ ने विजय शंकर तिवारी की रिट याचिका पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता विकास कुमार पंकज ने कोर्ट को बताया टीआरई-1 परीक्षा का विज्ञापन 30 मई 2023 को जारी किया गया था। विज्ञापन के अंतिम प्रकाशन के बाद योग्यता प्राप्त करने वाले 900 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन किया गया। परिणाम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी है, क्योंकि किसी भी तरह से बड़ी संख्या में ईडब्लूएस सफल उम्मीदवारों की मेरिट सीरियल अनारक्षित सफल उम्मीदवारों की मेरिट सीरियल से कम नहीं हो सकती है।

# 100 की स्पीड से रेलिंग से टकराई कार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

निज संवाददाता | आरा (भोजपुर)

आरा में गुरुवार की सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार को 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पति, पत्नी, बेटा, बहू और पोते की मौत हुई है। हादसे के बाद 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 2 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 25 साल की बहू और 4 साल की पोती की हालत गंभीर है। आरा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। एयरबैग खुलने के बाद भी ड्राइव कर रहे विपुल और फ्रंट सीट पर बैठे भूप नारायण की मौत हो गई। गजराज गंज ओपी थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव के पास आरा-बक्सर फोर लेन पर चढ़ने समय कार (टीयूवी 300) पुल की रेलिंग से टकरा गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। पूरा परिवार विंध्याचल से पूजा कर के लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।



इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। इसके बाद परिवार को सूचना दी गई। भूप नारायण पाठक पिछले 15 सालों से पूरे परिवार के साथ पटना के डीपीएस मोड़ के पास अर्पणा कॉलोनी में रहते थे। पिता और बेटा दोनों पूजा कराते थे। मृतक के भतीजे शिबू पाठक ने बताया कि 'सोमवार को रक्षा बंधन के दिन सभी लोग महिंद्रा (टीयूभी 300) गाड़ी पर सवार होकर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल दर्शन के लिए गए थे। गुरुवार की सुबह सभी लोग विंध्याचल से दर्शन कर वापस पटना लौट रहे थे। लौट के दौरान विपुल पाठक गाड़ी चल रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी बीबीगंज गांव के पास ओवर ब्रिज पर पहुंची। गाड़ी बेकाबू होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई। इसमें भूप नारायण पाठक, उनकी पत्नी रेणु देवी और बेटा विपुल पाठक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, उनकी बेटी अर्पिता पाठक और पोता हर्ष पाठक ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान दम तोड़ दिया।

#### एयरबैग खुलने के बाद भी हुई मौत

छपरा के रहने वाले संजीव ओझा हादसे के वक्त मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बिहिया की ओर से वो लोग आरा आ रहे थे। अचानक गाड़ी की स्पीड अधिक होने से बेकाबू होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई। हमने तुरंत अपनी बाइक रोकी और रास्ते से जा रहे ग्रामीणों की मदद से पहले सभी को एक-एक कर निकला। जो जिंदा थे, उन्हें पहले सदर अस्पताल भेजा। दो लोगों की हल्की सांसें चल रही थीं। अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी भी मौत हो गई। गाड़ी के अंदर एयर बैग खुलने के बाद भी आगे बैठे पिता-बेटा की जान चली गई।

## चैतन्य प्रसाद हो सकते हैं बिहार के नए मुख्य सचिव

- 31 अगस्त को रिटायर्ड हो रहे ब्रजेश मेहरोत्रा, रेस में केके पाठक के अलावा 4 और अधिकारी

निज संवाददाता | पटना

वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा 31 अगस्त को रिटायर्ड हो रहे हैं। उनकी जगह आईएएस चैतन्य प्रसाद ले सकते हैं। वे मुख्य सचिव की रेस में सबसे आगे हैं। चैतन्य प्रसाद के अलावा केके पाठक और प्रत्यय अमृत समेत 4 अधिकारी मुख्य सचिव की दौड़ में हैं। सीएम सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक, वर्तमान मुख्य सचिव का सेवा विस्तार नहीं होगा। इस स्थिति में कोई सीनियर आईएएस अधिकारी ही मुख्य सचिव का पद संभालेंगे।

मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा 1989 बैच के एक मात्र आईएएस अधिकारी हैं, जो बिहार में हैं। उनके बैच के आईएएस अमृत लाल मीणा केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में हैं। वो कोयला मंत्रालय के सचिव हैं। मुख्य सचिव से पहले स्वास्थ्य, कैबिनेट, राजस्व एवं भूमि सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाल चुके हैं। बिहार में ब्रजेश मेहरोत्रा के बाद चैतन्य प्रसाद सबसे सीनियर अधिकारी हैं। इसलिए उनका मुख्य सचिव बनना तय माना जा रहा है। वर्तमान में विकास आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी भी माने जाते हैं।



चैतन्य प्रसाद

## हमारा समाज और राज्य तभी आगे बढ़ेगा जब यहां के आदिवासी, दलित और महिलाएं सशक्त होंगी : हेमन्त

निज संवाददाता | रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा समाज और राज्य तभी आगे बढ़ेगा जब यहां के आदिवासी, दलित, गरीब, वंचित, मजदूर- किसान और महिलाएं सशक्त होंगी और इन सभी को साथ लेकर ही मजबूत झारखण्ड का निर्माण संभव हैं। श्री सोरेन ने गुरूवार को मेदिनीनगर (पलामू) के चियांकी हवाई अड्डा परिसर में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यही वजह है कि इन्हें सशक्त करने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में महिलाओं की गरिमा, मान-सम्मान और हक -अधिकार देने की दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत हुई है। नारी शक्ति को समर्पित यह योजना इस राज्य की बहन -बेटियों को आगे बढ़ने में काफी मददगार साबित होगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव- देहात से चल रही है। जब हमारे गांव मजबूत होंगे तभी हमारा राज्य मजबूत बनेगा। इसी संकल्प के साथ विभिन्न विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में जिन गांवों में बीडीओ, सीओ और और थानेदार नहीं गए, आज वहां अधिकारी दल बल के साथ पहुंच रहे हैं। वे लोगों की समस्याओं को ना सिर्फ संवेदनशीलता के साथ सुन रहे हैं, बल्कि उसका समाधान भी कर रहे हैं। आज राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। श्री सोरेन ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की फिर शुरुआत हो रही है । इस कार्यक्रम के तहत एक बार फिर गांव- गांव और टोले- टोले में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के साथ सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। यह ऐसा कार्यक्रम है, जिसका मकसद राज्य के विकास में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## स्कूलों में आधार कार्ड के साथ जन्म प्रमाण-पत्र भी बनेगा

**पटना(नि.सं.)।** बिहार में स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आधार कार्ड के साथ-साथ अब जन्म प्रमाण-पत्र आवश्यक कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं को आसानी से जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध हो सके। इसे लेकर बिहार सरकार द्वारा स्कूलों में ही जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने का आदेश जारी किया गया है। बिहार सरकार के आदेश के आलोक में राज्य के सभी प्रारंभिक एवं मध्य विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए अभिभावकों से आवश्यक कागजात के साथ-साथ फॉर्म लिया जा रहा है। ताकि, छात्र-छात्राओं का विभागीय स्तर पर आसानी से जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जा सके।

## पुलिसकर्मियों की स्थानातंरण नीति का अधिसूचना प्रारूप तैयार

निज संवाददाता | पटना

राज्य के पुलिसकर्मियों की स्थानांतरण एवं पदस्थापन नीति का अधिसूचना प्रारूप तैयार कर लिया गया है। अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। इससे पहले राज्य के पुलिसकर्मियों से सुझाव मांगे गए हैं। इसमें सिपाही से लेकर निरीक्षक पद के स्थानांतरण और पदस्थापन की नीति शामिल है। एसपी अपने जिले में पुलिस सभा का आयोजन कर प्रारूप पर आपत्ति और सुझाव मांगेंगे। इन आपत्तियों और सुझाव की समीक्षा के बाद स्थानांतरण एवं पदस्थापन नीति को अंतिम रूप दिया जाएगा। पुलिस मुख्यालय ने राज्य के रेल सहित सभी पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) एवं पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को इस संबंध में पत्र लिखा है। बुधवार को पुलिस उप महानिरीक्षक (प्रशासन) ने पत्र जारी किया। इसमें आईजी और डीआईजी से कहा है कि जिलों के पुलिस अधीक्षक (एसपी) को इस संबंध में निर्देश देने को कहा गया है। पत्र के अनुसार सभी जिलों के एसपी पुलिस सभा का आयोजन करेंगे। इसमें स्थानांतरण-पदस्थापन के अधिसूचना प्रारूप को पढ़कर सुनाया जाएगा। इसके बाद उनसे आपत्ति और सुझाव प्राप्त करेंगे। सभी एसपी अगले तीन सप्ताह में प्राप्त सुझावों को अपने मतंव्य के साथ क्षेत्रीय डीआईजी एवं आईजी को उपलब्ध कराएंगे। एसपी के मंतव्य भेजने के चार सप्ताह के अंदर सभी आईजी एवं डीआईजी इस पर अपना सुस्पष्ट मंतव्य देंगे। उसे पुलिस मुख्यालय को भेजेंगे। उसके बाद पुलिस मुख्यालय स्थानांतरण एवं पदस्थापन नीति को अंतिम रूप देगा। बिहार पुलिस में ऐच्छिक पदस्थापन पूरे सेवा काल में अधिकतम आठ वर्षों के लिए होगा।

#### एक जिले में अधिकतम पांच साल का कार्यकाल

सिपाही से इंस्पेक्टर रैंक तक के पदाधिकारियों का एक जिले में अधिकतम कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। एक क्षेत्र या इकाई में भी कार्यकाल अधिकतम आठ वर्ष का होगा। क्षेत्रावधि की गणना समेकित रूप में होगी। पुलिसकर्मियों की उनके गृह जिले या क्षेत्र में पोस्टिंग नहीं होगी। पुलिसकर्मियों का एक जिले या क्षेत्र में दोबारा पदस्थापन भी नहीं होगा। क्षेत्र अवधि पूरा होने पर स्थानांतरण समिति संबंधित पुलिसकर्मी या पदाधिकारी का स्थानांतरण रैंडमाइज्ड सॉफ्टवेयर से करेगा। क्षेत्र से जिलों का आवंटन आईजी या डीआईजी की अध्यक्षता में गठित जिलावधि पूर्ण स्थानांतरण समिति द्वारा योगदान के सात दिनों के अंदर किया जाएगा। इस प्रकार का स्थानांतरण वर्ष में एक बार ही होगा।

# 25 अगस्त को प्रधानमंत्री 11 लाख लखपति दीदीयों को प्रमाण पत्र देंगे और करेंगे संवाद : शिवराज सिंह चौहान

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदियों के सम्मान के लिए होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर नई दिल्ली में आज प्रेसवार्ता की। केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्र शेखर पेम्मासानी भी प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद थे। श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 अगस्त 2024 को महाराष्ट के जलगांव में आयोजित समारोह में लखपति दीदियों के साथ संवाद करेंगे, साथ ही 2500 करोड़ रु का रिवॉल्विंग फंड - सामुदायिक निवेश फंड भी जारी करेंगे जिससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री 5000 करोड़ रूपये का बैंक ऋण जारी करेंगे जिससे 2,35,400 स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के 25.8 लाख सदस्यों को लाभ होगा। लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। देशभर में 34 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों यानी राज्यों की राजधानियों में लगभग 30,000 स्थानों के जिला मुख्यालय, सीएलएफ वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम से जुड़ेंगे।



श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लखपति दीदियाँ ऐसी महिलाएँ हैं जो सालाना एक लाख रुपये या उससे ज़्यादा कमाती हैं। इन लखपति दीदियों ने न सिर्फ़ अपने परिवार को ग़रीबी से बाहर निकाला है, बल्कि वे बाकी समाज के लिए भी आदर्श बन रही हैं। हम पहले ही 1 करोड़ लखपति दीदियाँ बना चुके हैं। हमारा लक्ष्य अगले 3 सालों में 3 करोड़ लखपति दीदियां बनाना है। यह जानकर खुशी होती है कि इनमें से एक सीआरपी ने 95 लखपति दीदियां बनाई हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने स्वयं सहायता समूहों के परिवारों को एक लाख रुपये या उससे अधिक की वार्षिक आय अर्जित करने में सक्षम बनाने के लिए एक संरचित प्रक्रिया अपनाई है। इसमें राष्ट्रीय संसाधन व्यक्तियों को सक्षम बनाना, फिर प्रत्येक राज्य में मास्टर प्रशिक्षकों को विकसित करना शामिल है। ये मास्टर प्रशिक्षक व्यवसाय योजना, वित्तपोषण और अभिसरण प्रक्रिया पर सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों (सीआरपी) को आगे प्रशिक्षित करते हैं।

## बिहार में यूनिवर्सिटी का वार्षिक बजट अब होगा ऑनलाइन : एस. सिद्धार्थ

निज संवाददाता | पटना

बिहार में यूनिवर्सिटी का वार्षिक बजट अब ऑनलाइन होगा। नई व्यवस्था वित्तीय वर्ष 2025-26 से लागू किया जाएगा। इसके लिए 'समर्थ पोर्टल' बनाया जा रहा है। सारी डिटेल पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इस संबंध में एसीएस डॉ. एस सिद्धार्थ के निर्देश पर शिक्षा सचिव बैद्यनाथ यादव ने सभी कुलपतियों को लेटर भेजा है। आदेश के मुताबिक वार्षिक बजट शिक्षा मंत्रालय के पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। बजट के डिजिटल होने से छात्रों और शिक्षकों से जुड़ी योजनाओं की मॉनिटरिंग में आसानी होगी। पोर्टल में शिक्षक और कर्मचारियों का पूरा ब्योरा, सैलरी स्ट्रक्चर, वेतन मद में प्रतिमाह भुगतान राशि और इसके लिए प्रति वर्ष राशि की आवश्यकता इम्पलाई पेरौल मैनेजमेंट माड्यूल के माध्यम से दिखाई जाएगी। पोर्टल पर गैर वेतन मद की माह भी रहेगा। विभाग ने इस काम के लिए अलग से ऑफिसर नियुक्त किए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### एक अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय थाना में 20 अगस्त को एक लड़की के अपहरण करने का मामला दर्ज किया गया था। मविवि थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना के 8 घंटे के अंदर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए मविवि थानाध्यक्ष ने बताया कि वादी के द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया कि ये अपने घर पर थे। तभी सखवेन्द्र कुमार अपने सहयोगियों के साथ इनके घर पर आया और इनकी पुत्री को बाहर बुलाया। ये बाहर आए तो देखे कि इगुना के रहने वाले सखवेन्द्र कुमार उर्फ़ बम अपने सहयोगियों साथ इनकी पुत्री को बाइक पर जबरदस्ती बैठाकर भाग रहा है। इन्होंने हल्ला और उसका पीछा भी किया, फिर भी वे लोग भागने में सफल रहे।

### सिपाही भर्ती परीक्षा से 40% अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**गया।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर चयन के लिए बुधवार को आयोजित लिखित परीक्षा से 2404 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 11 केंद्रों पर इस परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 6290 अभ्यर्थियों को शामिल होना था जिसमें 3796 ही उपस्थित हुए। अब 25 और 28 अगस्त को भी इन्हीं केंद्रों पर परीक्षा होगी। स्वच्छ व कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन और विधि व्यवस्था संधारण के लिए केंद्रों पर 28 स्टेटिक दंडाधिकारी, 22 महिला दंडाधिकारी, 08 गश्ती दंडाधिकारी, 03 जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

### फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डुमरिया।** प्रखंड अंतर्गत बोधिबिघा थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के महुड़ी गांव से एक फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार महुडी गांव निवासी जीतवाहन साव के खिलाफ एक कांड में न्यायालय से वारंट निर्गत था और वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के फरार वारंटी जीतवाहन साव को गिरफ्तार बुधवार को जेल भेज दिया गया। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग जख्मी

**मानपुर।** मुफ्फसिल थाना अंतर्गत एसएच 70 भूसंडा फतेहपुर मार्ग स्थित बंधुआ गुमटी के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी की पहचान बोधगया थाना अंतर्गत लाल सलाम निवासी गुड्डु मांझी और रोहित मांझी के रूप में हुई। घटना की सूचना पर पहुंचे लोगों ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों कि माने तो बाइक सवार दोनों युवक नशे में थे। पहले सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होकर लौट रहे परीक्षार्थी की बाइक को टक्कर मार भागने के दौरान टोटो से टकरा गया। नतीजतन दोनों युवक नीचे गिर गए। इस बाबत थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने कहा कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही गश्ती दल को मौके पर भेजा गया है।

### कुंडी काट स्कूल से तीसरी बार कम्प्यूटर की चोरी

**परवलपुर।** थाना क्षेत्र के बाजार स्थित आदर्श मध्य विद्यालय के गेट की कुंडी काट सक्रिय बदमाशों ने सोमवार की रात कम्प्यूटर सेट की चोरी कर ली। स्कूल से एक साल में तीसरी बार कम्प्यूटर की चोरी की गई। एचएम ने घटना की प्राथमिकी का आवेदन थाने में दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# 2 दिन से लापता किशोर का मिला शव, खंडहरनुमा घर से मिली लाश

निज संवाददाता। नालंदा

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



नालंदा में मंगलवार से लापता एक किशोर का शव उसके ही खंडहरनुमा घर से गुरुवार को मिला है। ये 2 दिन से लापता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि, फिलहाल उन्होंने किसी पर मर्डर का आरोप नहीं लगाया है। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है। मामला हिलसा थाना क्षेत्र के विद्यापुरी मोहल्ले का है। मृतक की पहचान अरुण विश्वकर्मा का बेटा दिलखुश कुमार (16) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में दिलखुश के पिता अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि मंगलवार को 9 बजे तक बेटे से बात हुई थी। इसके बाद से उसका फोन रिंग हो रहा था। लेकिन, सामने से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पा रही थी।

**परिजनों ने की थी दिलखुश की खोजबीन:** परिजनों ने काफी खोजबीन की। बावजूद इसके उसका कोई अता-पता नहीं चल रहा था। गुरुवार की सुबह जब पिता अपनी मोटरसाइकिल निकालने के लिए अपने खंडहरनुमा मकान में पहुंचे, तो वहां से तेज दुर्गंध आ रही थी। अंदर के कमरे में टॉर्च जलाकर झांक कर देखा, तो बेटे का शव पड़ा हुआ था। दरअसल, जिस खंडहरनुमा घर से दिलखुश का शव मिला है। उसी घर में उसके पिता अपनी मोटरसाइकिल लगाते हैं। पॉकेट से ही बेटे का मोबाइल मिला है। इसका फोन वाइब्रेशन मोड में था। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि किसी ने उनके बेटे की हत्या कर दी है।

**झूला बनाने का काम करते हैं मृतक के पिता:** इलाके में चर्चा है कि किशोर ब्राउन शुगर के नशे में डूबा रहता था। गणेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था और उससे छोटी एक बहन है। पिता कन्हैया गंज में झूला बनाने का काम करते हैं। इस मामले में हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया गया है।

**मामले की जांच में जुटी पुलिस:** पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। बॉडी पूरी तरह से डीकंपोज हो गया है। दिलखुश बीते दो दिनों से लापता था। फिलहाल, पुलिस पूरे घटना की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नदी में डूबने से किशोर की मौत, पैर फिसलने से हुआ था हादसा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में मंगलवार से लापता एक किशोर का शव बुधवार को बरामद किया गया है। मृतक की पहचान मानपुर थाना क्षेत्र के पलनी गांव निवासी बबलू कुमार के बेटे गौतम कुमार (12) के रूप में हुई है। नदी में डूबने से इसकी मौत हुई है। शव दूसरे दिन 10KM दूर मिला है। पैर फिसलने से हादसा हुआ था। मामला अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत जीयर गांव के समीप सकरी नदी का है। देर शाम परिजन शव के पोस्टमार्टम के लिए पुलिस की मदद से बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। घटना के संबंध में मृतक के भाई रंजन सिंह ने बताया कि मंगलवार को गौतम अपने दोस्त के साथ शौच के लिए नदी किनारे गया था। जहां उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। इसके बाद से वह लापता हो गया। गांव आकर उसके दोस्त ने घटना की जानकारी दी।

**बुधवार को मिला किशोर का शव:** ग्रामीणों के सहयोग से काफी खोजबीन की गई। लेकिन, गौतम का कहीं पता नहीं चल सका। बुधवार को जीयर गांव के समीप सकरी नदी में शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। घटनास्थल पर पहुंच शव की पहचान की गई। शव मिलने के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना स्थल से करीब 10 किलोमीटर दूर जाकर किशोर का शव बरामद मिला है। मानपुर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत, खेत की तरफ गए थे

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में चण्डी-हरनौत मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक अधेड़ की गुरुवार को मौत हो गई। मामला चण्डी थाना क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरा मोड़ के समीप की है। मृतक की पहचान चण्डी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव निवासी नरेश यादव के (42) वर्षीय पुत्र राकेश यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन ने बताया कि राकेश यादव शौच के लिए खेत की तरफ गए थे। जहां से वापस हाथ-पैर धोने के लिए चापाकल के पास जा रहे थे। इसी बीच सड़क पार करने के दौरान हादसा हो गया। घटना में राकेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी परिवार वालों को मिली। मौत की खबर जैसे ही घर वालों को मिली परिजनों के बीच मातम का माहौल हो गया। चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मौत की सूचना पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# प्रेमिका संग आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ाया युवक की हत्या, लड़की के पिता और भाई ने पैर-हाथ बांधकर पीटा

निज संवाददाता। गया



♦ 8 किलोमीटर दूर से मिलने आया था लड़का

गया में मंगलवार की रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वो अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए उसके घर गया हुआ था। रात के तीन बजे लड़की के पिता ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। युवक के हाथ-पैर बांधकर लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इस दौरान कुछ ग्रामीण भी मौके पर जुटे। ग्रामीणों ने भी युवक की पिटाई की। लड़का 8 किमी दूर से लड़की से मिलने आया था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस आई और लड़की के पिता अशोक और चचेरे भाई पंकज कुमार को गिरफ्तार कर ले गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल दिया। घटना बेलागंज थाना क्षेत्र के लक्षण बिगहा गांव की है।

**युवक को चोर बताया:** मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र मकरपुर गांव निवासी ओमप्रकाश यादव के 20 वर्षीय पुत्र गौरव कुमार के रूप में हुई है। जो 8 किमी दूर अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। पहले लड़की के आरोपी पिता लक्षण बिगहा गांव निवासी अशोक राम ने पुलिस से कहा कि युवक चोरी करने पहुंचा था, लेकिन बाद में जांच-पड़ताल में पुलिस को शक हुआ। सख्ती से पूछताछ के बाद मामले का पता चला।

**दो लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट:** जिला मुख्यालय से FSL की टीम ने घटनास्थल की जांच की तो 2 कंडोम, खून लगा कपड़ा, खून से सना लोहे का रॉड, रस्सी और डंडा बरामद हुआ। थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी सदानंद कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। मृतक के पिता ओमप्रकाश यादव ने बेलागंज थाना में दो लोगों के खिलाफ लूटपाट कर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सरकारी स्टैंड से नहीं खुली एक भी बस, प्रमुख बाजारों की दुकानें बंद

निज संवाददाता। गया



सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में उप वर्गीकरण के फैसले के खिलाफ दलित संगठनों द्वारा बुलाए गए एक दिवसीय भारत बंद का गया में व्यापक असर दिखा। सरकारी बस स्टैंड से एक भी बसें नहीं खुली। दिन भर मुख्य द्वार पर ताला लटका रहा। बसों के साथ-साथ ऑटो, टोटो व रिक्शा का भी परिचालन ठप रहा, जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों को अपने गंतव्य स्थान से पैदल व वाहन के साथ अन्य रुटों (जहां बंद समर्थक नहीं थे) का सहारा लेना पड़ा, ताकि कोई उन्हें डिस्टर्ब न करें। इसके अलावे शहर के प्रमुख बाजारों में भी बंद का असर दिखा। शहर के जीबी रोड से लेकर टावर चौक, एपीआर, सर्राफा बाजार, पीरमंसूर, गांधी मैदान, राय काशीनाथ मोड़, स्वराज्यपूरी रोड, रमना रोड, कोईरीबारी व स्टेशन रोड की अधिकांश दुकानें बंद रहीं। भारत बंद का आलम यह था कि सबसे व्यस्त मार्ग में एक टावर चौक आज सुना रहा। एक भी ऑटो व टोटो यहां नहीं दिखे। दुकानें भी पूरी तरह से बंद थीं, हालांकि शाम के बाद कुछ दुकानें खुली हैं। यहां बता दें कि भारत बंद के दौरान गया कॉलेज के पास प्रदर्शनकारियों ने जमकर उपद्रव किया। उपद्रव करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने पर रामपुर थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

**बंद समर्थकों ने किया प्रदर्शन, निकाला जुलूस:** आंबेडकर संघर्ष मोर्चा के बैनर तले मखदुमपुर विधायक सतीश दास के नेतृत्व में बंद समर्थकों ने एक भव्य प्रदर्शन जुलूस निकाला। जुलूस गांधी मैदान से टावर चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। केन्द्र सरकार के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध किया। इस बीच बंद समर्थक जगह-जगह पर बाइक को सड़क पर रोकते दिखे और बंद का समर्थन मांगा।

## गया में इस साल ऑनलाइन पिंडदान की फीस 23 हजार

**गया** । गया में 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला शुरू हो रहा है, जो 2 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। बिहार पर्यटन विभाग ऑनलाइन पिंडदान की सुविधा मुहैया कराने जा रहा है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः एसजी.टेंडर/डीवाईसीपीएम/एसएनटी/एसडीएएच/01 दिनांक 21.08.2024।** उप सीपीएम/जीएसयू/इंजीनियरिंग/सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **'ई'- निविदा संख्याः डीसीपीएम-जीएस-एसएनटी-एसडीएएच-01-24-25। कार्य का नाम और स्थानः** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल में सहयोगी सुविधाओं के साथ चितपुर (कोलकाता स्टेशन) और आसपास के स्टेशनों यानी दमदम जंक्शन आदि पर कोचिंग डिपो के लिए कैटवॉक के साथ मौजूदा पिट लाइन संख्या 1,2,3 और 4 के विस्तार के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा मूल्यः** ₹ 13285559.94। **निविदा दस्तावेज की लागतः** शून्य। **बयाना राशि जमा/बोली सुरक्षाः** ₹ 216400.00। **कार्य पूरा होने की अवधिः** 6 (छह) महीने। **निविदा प्रस्तुत करने की आरंभिक तिथिः** 02.09.2024। **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथिः** 16.09.2024 को 15.00 बजे तक। **निविदा बोली खोलने की तिथिः** 16.09.2024 को 15.30 बजे तक। विस्तृत जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **तकनीकी पात्रता मानदंडः-** जिस महीने में निविदा आमंत्रित की जाती है, उससे पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त होने वाली तिथि तक जिन निविदाकर्ता ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों के कार्यों में से किसी एक को सफलतापूर्वक पूरा किया होगा या पर्याप्त रूप से पूरा किया होगाः (1) तीन समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% के बराबर राशि से कम नहीं है, या (यू) दो समान कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% के बराबर राशि से कम नहीं है, या (ii) एक समान कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% के बराबर राशि से कम नहीं है। **वित्तीय पात्रता मानदंडः-** निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधात्मक कारोबार V/N या 'V' जो भी कम हो, होना चाहिए; चुकि V- निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ों रुपये में है, N- कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, लेखापरीक्षित तुलन-पत्र के अनुसार, पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतानों के औसत के रूप में की जाएगी। हालांकि, यदि पिछले वर्ष की तुलन-पत्र अभी तैयार/लेखापरीक्षित की जानी है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदाकर्ताओं को अनुलग्नक-VIB जीसीसी 2022 (तत्काल निविदा दस्तावेज के फॉर्म-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करनी होगी, साथ ही सनदी लेखपाल द्वारा विधिवत प्रमाणित लेखा परीक्षित तुलन-पत्र की प्रतियां / लेखा परीक्षित तुलन-पत्र द्वारा समर्थित सनदी लेखपाल से प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। **प्रस्तुत किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः-** जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लिखित है। **समान प्रकृति का कार्यः** - पैनल इंटरलॉकिंग कार्य (इनडोर या इनडोर+आउटडोर) / रूट रिले इंटरलॉकिंग कार्य (इनडोर या (इनडोर आउटडोर) / इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य (इनडोर या (इनडोर आउटडोर) आरडीएसओ अनुमोदित निर्मित का कोई भी कार्य तत्काल निविदा कार्य के लिए कार्य की समान प्रकृति के रूप में माना जाएगा। **नोटः-** निविदाकर्ता को निविदा प्रस्ताव के साथ-साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए क्रेडेंशियल के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रति का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकर्ता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होना चाहिए। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) अवश्य होनी चाहिए।

(SDAH-162/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः एमसी_डब्ल्यूसी_एपोक्सीकोट _सीपी_2024, दिनांक 14.08.2024।** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, कमरा नंबर 42, पहली मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, कैसर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निर्धारित निविदा प्रपत्रों में 'सिंगल पैकेट सिस्टम' पर सीलबंद खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम/विवरणः** चितपुर डिपो में गुड्स सिक लाइन पर एपॉक्सी फ्लोरिंग। **निविदा मूल्यः** ₹ 48,37,056.00। **बोली सुरक्षाः** ₹ 96,800.00। **अनुबंध की अवधिः** 6 (छह) महीने। **बोली शुरू होने की तिथिः** 22.08.2024। **निविदा खोलने की तिथि और समयः** 05.09.2024 को 15.00 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 05.09.2024 को 15.00 बजे। ई-निविदा सूचना और कार्य के पात्रता मानदंड सहित निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(SDAH-155/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्याः टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी- 2024-25-18, दिनांक 20.08.2024।** निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन- 713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार लाइसेंस और पर्यवेक्षी लाइसेंस रखने वाले और निम्नलिखित कार्य को वित्तीय रूप से पूरा करने में सक्षम निविदाकारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा मामला संख्याः टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी -2024-25-18। कार्य का नामः निम्नलिखित कार्यों का टीआरडी भागः** (ए) आसनसोल डिवीजन - मुग्मा स्टेशन यार्ड की रीमॉडलिंग। (बी) आसनसोल डिवीजन - दोनों फीडर लाइनों के लिए डीटीपीएस/जीएसएस से ओवाईआर/एफपी तक 25 केवी बिजली के ट्रांसमिशन के लिए भूमिगत केबल। (सी) आसनसोल डिवीजनः विद्यासागर में अन्य सहायक कार्य के साथ फुट ओवर ब्रिज का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** ₹ 61,95,077.16। **बयाना राशि :** ₹ 1,23,900.00। **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 18.09.2024 को 11.00 बजे। **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 45 दिन। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.iraps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-153/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

**खुली निविदा आमंत्रण सूचना, ऑन लाईन (ई—निविदा) (दानापुर मंडल / गतिशक्ति विभाग)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्ल्यू.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन—लाइन (ई—निविदा) आमंत्रित करते हैं।

**निविदा सूचना संख्या : गतिशक्ति/ई—टेन्डर/11/ओपेन/दानापुर/2024—25,**

**क्रमांक : 1, क्र.सं. :** 1, **कार्य के नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर मंडल के अंतर्गत राजेन्द्रनगर स्टेशन (इनडोर और आउटडोर) पर मौजूदा सिगनलिंग सिस्टम (पी.आई.) के प्रतिस्थापन के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (वितरित ई आई सिस्टम) के शेष कार्य का प्रावधान।, **क्र.सं. :** 2, **अनुमानित निविदा राशि :** ₹ 1,31,18,516.69, **क्र.सं. :** 3, **बयाना की राशि :** ₹ 2,15,600/— **क्र.सं. :** 4, **निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑन लाइन www.ireps.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 12.09.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।, **क्र.सं. :** 5, **वेबसाईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना :** 1. निविदा सूचना, पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाईट CRIS Website : **http:// www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन / परिवर्तन किया जाता है तो, इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी गई सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संशोधनों के लिए वेबसाईट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

**वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति),**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/0941/डीएनआरजीएस/इंजी./टी/24—25/56



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**

E-Mail Id:- eenkcd1aurangabad@gmail.com

पत्रांकः—770 / औरंगाबाद

**अल्पकालीन निलामी सूचना सं0—02 / 2024—25**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, औरंगाबाद का पत्रांक 1073, दिनांक—25.06.2024 के निहित निदेश एवं बिहार वित्त नियमावली के नियम 143(i) (ख) के आलोक में उत्तर कोयल कॉलोनी शिविर अन्तर्गत जर्जर अवस्था में सी टाईप,डी टाईप,ई टाईप,एफ टाईप स्थायी आवास एवं गोदाम के ध्वस्त करने एवं तदोपरान्त अवशेषों की निलामी किया जाना है। जिसकी विस्तृत विवरणी निम्न प्रकार है :—

| क्रमांक | प्रमडलाधीन अवस्थित आवास का नाम एवं संख्या | ग्रुप संख्या | निलामी की न्यूनतम बोली (रूपयें में) | सुरक्षित जमा राशि | निलामी की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सी0—02 टाईप स्थायी आवास एक अदद एवं डी0—4 टाईप स्थायी आवास एक अदद | 01 | 38100.00 | 3900.00 | 30.08.2024 |
| 02 | ई0 टाईप स्थायी आवास सं0 E23से E26 एवं E51से E52 , छः अदद | 02 | 66900.00 | 6700.00 | 30.08.2024 |
| 03 | ई0 टाईप स्थायी आवास सं0 E27से E30 चार अदद | 03 | 43100.00 | 4400.00 | 30.08.2024 |
| 04 | एफ0 टाईप स्थायी आवास सं0 F49 से F58 एवं F61से F80 तीस अदद | 04 | 298600.00 | 29900.00 | 30.08.2024 |
| 05 | गोदाम दो अदद | 05 | 53100.00 | 5400.00 | 30.08.2024 |

इन अवशेषों का मूल्यांकन प्रतिवेदन के आधार पर सामूहिक निलामी ''जैसे है उसी स्वरूप में'' के आधार पर इस कार्य हेतु दिनांक—30.08.2024 को 03:00 बजे अपराह्न में उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के कार्यालय में की जाएगी।

**निलामी की शर्तें :—**

01. इच्छुक फर्म / आवेदक दिनांक—27.08.2024 से दिनांक—28.08.2024 तक कार्यालय अवधि में (**रविवार एवं अन्य सरकारी छुट्टियों को छोडकर**) सूचना पट्ट पर प्रदर्शित अनुपयोगी एवं ध्वस्त करने योग्य भवनों की सूची देख सकते है।
02. सभी अवशेष जहाँ भी है, जो भी हैं, जैसे भी हैं के आधार पर निलामी की प्रक्रिया सम्पन्न की जाएगी।
03. निलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति / फर्म को कॉलम संख्या—05 में अंकित सुरक्षित जमा राशि / अग्रधन / प्रतिभूति की राशि दिनांक—28.08.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद के कार्यालय में आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रधन की राशि, डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियन्ता, उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद (Executive Engineer, North Koel Canal Division, Aurangabad- Payble at State Bank Of India, Parisad Bazar, Aurangabad) के नाम से भुगतेय हो जमा करने के बाद हीं निलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी स्थिति में आवेदन एवं सुरक्षित जमा राशि स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**(ई0 अजय कुमार)**
**कार्यपालक अभियन्ता,**
**उत्तर कोयल नहर प्रमण्डल, औरंगाबाद**

PR. No.006572(WRD) 2024-25


**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

# राज्यसभा उम्मीदवार कुशवाहा के पास सिर्फ 2 लाख, करोड़ों के मालिक मनन मिश्रा



पटना, एजेंसी। राज्यसभा चुनाव की रणभेड़ी बज चुकी है। बिहार में दो सीटों के लिए चुनाव हो रहे हैं जो बीजेपी के विवेक ठाकुर और आरजेडी की मीसा भारती(लालू यादव की बेटी) के लोकसभा सांसद बनने से खाली हुए हैं। दोनों सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। विवेक ठाकुर की खाली सीट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और मीसा भारती की सीट पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन मिश्रा मैदान में हैं। दोनों की जीत लगभग तय मानी जा रही है। नामांकन पत्र के साथ दोनों उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति समेत सभी प्रकार का ब्योरा दिया है। लोगों को यह जानने का इंतजार है कि उनके उम्मीदवार कितने पानी में हैं। बुधवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा के लिए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्रा ने नामांकन दाखिल किया। दायर शपथ पत्र के अनुसार कुशवाहा के पास दो लाख रुपये नकदी है। नामांकन पत्र दाखिल किए जाने के साथ ही उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति का भी ब्योरा दाखिल किया। कुशवाहा के पास विभिन्न बैंकों में 28 लाख 28 हजार रुपये जमा हैं। उनके पास एक इनोवा गाड़ी है। वहीं, उनके पास पांच लाख के जेवरात हैं, जबकि 35 लाख रुपये मूल्य की खेती की जमीन है। उनके पास विभिन्न बैंकों की 12.36 लाख रुपये की देनदारी भी है। वहीं, उनकी पत्नी के पास 14 लाख रुपये के गहने और 2.50 लाख नकद हैं। कुशवाहा स्वयं व्याख्याता हैं, जबकि उनकी पत्नी व्यवसायी हैं।

**करोड़ों के मालिक हैं मनन मिश्र :** भाजपा कोटे से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने वाले बार काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनन कुमार मिश्र करोड़पति हैं। नामांकन के साथ दी गई विवरणी के अनुसार मनन मिश्र पांच लाख नकदी रखते हैं। विभिन्न बैंकों में लगभग दो करोड़ रुपये जमा है। बगहा के मूल निवासी मनन मिश्र का पटना और दिल्ली में मकान है। 20 लाख के जेवरात रखे हुए हैं। एक राइफल और एक रिवॉल्वर भी है। कुल संपत्ति तीन करोड़ 93 लाख 92 हजार दर्शायी है। खेती के लायक आठ एकड़ जमीन है। विरासत में मिली संपत्ति की कीमत ढाई करोड़ है। खुद की आमदनी से जो संपत्ति बनाई है, उसकी मौजूदा बाजार कीमत दो करोड़ है। पटना में दो फ्लैट की मौजूदा कीमत पांच करोड़ है। पीएनबी से 25 लाख का कर्ज लिए हुए हैं।

**नामांकन में नीतीश कुमार रहे मौजूद :** बताते चलें कि राज्यसभा उपचुनाव के लिए एनडीए के दोनों उम्मीदवारों ने बुधवार को विधानसभा में विधिवत नामांकन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने और भाजपा से मनन कुमार मिश्रा ने राज्यसभा के लिये नामांकन किया। नामांकन के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार समुन, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, सांसद संजय कुमार झा, देवेश चन्द्र ठाकुर मौजूद रहे।

## जूते-चप्पल की तीन मंजिले दुकान में लगी भीषण आग

**गया, एजेंसी।** बोधगया गोदाम रोड स्थित एक जूते-चप्पल की दुकान में भीषण आग लग गई। इस घटना में 20 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है। घटना बुधवार की अहले सुबह तीन बजे की है। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते दुकान में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग पर पूरी तरह से काबू पाने में दमकल की छह गाड़ियों को चार घंटे से ज्यादा का समय लगा। नुकसान का आकलन करना मुश्किल हो रहा है। एक अनुमान के अनुसार 20 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने का कारण बिजली की शॉट सर्किट बताया जा रहा है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने बिल्डिंग से धुंआ उठते देखा। देखते ही देखते आग की तेज लपटें उठने लगी और पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग और दुकान मालिक को दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गए। तीन मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर दुकान थी। बाकी दो फ्लोर पर गोदाम था। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ से न सिर्फ आग पर काबू पाया। बल्कि पूरी बिल्डिंग को आग की चपेट में आने से बचा लिया। नहीं तो एक बड़ा हादसा से इन्कार नहीं किया जा सकता था।



## जमीनी विवाद में खूनी खेल, लैंड सर्वे से पहले बिहार के मुजफ्फरपुर में पीट-पीटकर युवक की हत्या

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के सभी 45 हजार गांवों में लैंड सर्वे का काम शुरू हो गया है। इसके साथ जमीन पर कब्जा सीमांकन जैसे मुद्दों पर विवाद भी तेज हो गया है। मुजफ्फरपुर में इसे लेकर खूनी खेल खेला गया। अहियापुर के दादर कोल्हुआ में गुरुवार सुबह एक युवक की पिट पीटकर हत्या कर दी। घटना का कारण जमीन विवाद है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच कर रही है। अहियापुर थाना अध्यक्ष ने कहा है कि आरोपियों को जल्द दबोच लिया जाएगा। फिलहाल कांड को अंजामे देने के आरोपी फरार हैं। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह में दो पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले बहस हुई। फिर, देखते ही देखते दोनों और से हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान युवक की लाठी और डंडो से जमकर पिटाई की गई। इसमें युवक ने मौके पर ही दम तोड दिया। घटना की अंजाम देने के बाद दूसरे पक्ष के लोग फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। उसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तबतक युवक की पिटाई करने वाले आरोपी फरार हो चुके थे। घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है।

घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगो की भिड़ जुट गई। लोगो ने मामले की जानकारी अहियापुर थाने की पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। थानेदार रोहन कुमार ने बताया की मारपीट की घटना हुई थी। इसमें युवक की मौत हो गई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। मृतक के नाम पते का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन होने के बाद परिजन के आवेदन के आधार पर कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस गंभीरता से कांड की जांच कर रही है। कांड के सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शराब की सूचना देने का शक, युवक का किया अपहरण मुजफ्फरपुर में 2 बदमाश अरेस्ट, स्कॉर्पियो जब्त



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में बोचहां निवासी हरेंद्र सहनी का अपहरण हुआ था। इस मामले में 24 घंटे के अंदर ही अपहृत हरेंद्र सहनी को सकुशल बरामद किया गया है। दो अपहरणकर्ता विक्रम कुमार और शंभू राय को अरेस्ट किया गया है। एक स्कॉर्पियो को जब्त किया गया है। बदमाशों को ये शक था कि पीड़ित ने उनके शराब की सूचना पुलिस को दी है। इस कारण उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया था। मामला अहियापुर थाना क्षेत्र के एसकेएमसीएच ओवर ब्रिज के पास का था। दरअसल, 20 अगस्त को अहियापुर थाना के एक स्कॉर्पियो और एक ऑटो से शराब बरामद हुआ था। जब्त शराब मामले में शंभू राय और विक्रम को शक हुआ कि हरेंद्र सहनी ने ही शराब की सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद इन लोगों ने हरेंद्र सहनी का अपहरण कर लिया था। इन्होंने पुलिस के पकड़े गए शराब की कीमत, जितनी फिरौती मांगी थी।

**पीड़ित की पत्नी ने दर्ज कराई थी एफआईआर:** हरेंद्र सहनी की पत्नी राधा देवी ने इस बात की सूचना अहियापुर थाने में दर्ज कराई। राधा देवी के दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस ने टीम का गठन किया। टीम ने घटना के 24 घंटे के अंदर ही हरेंद्र सहनी को जीरोमाइल चौक के समीप से बरामद करने के साथ ही मामले में दो बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूरे मामले को लेकर एसडीपीओ टाउन टू विनीत सिन्हा ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के निर्देशन पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में अहियापुर थाना अध्यक्ष भी शामिल थे।

## दबंगों ने युवक को मारी गोली, मौत:खेत में बकरी घुसने को लेकर हुआ था विवाद



**घटना के बाद से गांव में तनाव,कैंप कर रही पुलिस**

**बांका, एजेंसी।** बांका के शंभूगंज थाना क्षेत्र के नरौन गांव में मामूली विवाद में दबंगों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान उक्त गांव के विष्णुदेव सिंह के बेटे सुधांशु कुमार(30) के रूप में हुई है। घटना बुधवार रात की है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि खेत में बकरी घुसने को लेकर विवाद होने पर फायरिंग कर दी। जिसमें मृतक के सीने में दो गोली लग गई जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति है, जिसके बाद से पुलिस वहां कैंप कर रही है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### खेत में बकरी छोड़ने पर हुआ था विवाद

मृतक के पिता विष्णुदेव ने बताया कि गांव के अशोक सिंह ने फसल लगे खेत में बकरी खुला छोड़ दिया था। यह देख बकरी का रस्सी पकड़ खेत से बाहर कर दिया। साथ ही अशोक से बकरी बांध कर रखने की शिकायत की गई। जिसके बाद अशोक का दामाद मनोज सिंह आए और गाली-गलौज करने लगा। जिसकी आवाज सुनकर मेरा बड़ा बेटा सुधांशु दौड़कर वहां आया। इस बीच मनोज ने घर के छत से सुधांशु के सीने में दो गोली दाग दी। जिससे वह मौके पर ही गिर गया और उसकी मौत हो गई। परिजन के चीखने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक अशोक और मनोज फरार हो गए थे। घटना की सूचना पर अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहित अन्य पुलिस बल पहुंचे । पुलिस ने जख्मी सुधांशु को निजी वाहन से सीएचसी भेजा।ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक प्रणव कुमार ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति है। पुलिस ने शव को पोस्टर्माटम के लिए बांका सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं घटना के बाद गांव में पुलिस कैंप कर रही है।

### जल्द ही हत्यारों की होगी गिरफ्तारी

अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस पदाधिकारी गांव में कैंप कर रही है। बताया कि जल्द ही हत्यारों की गिरफ्तारी होगी।

## पितृपक्ष : घाटों पर 22 जवानों के साथ तैनात रहेगी एसडीआरएफ की टीम

**गया, एजेंसी।** पितृपक्ष मेले में आने वाले पिंडदानियों की सुरक्षा फल्गु नदी से लेकर घाटों पर होगी। पिंडदान वाले तालाब व सरोवरों के घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि आपदा विभाग की ओर से मोटर बोट्स, स्थानीय तैराक और मास्टर ट्रेनर्स, लाइफ गार्ड्स और लाइफ बॉय की व्यवस्था की गई है। घाटों पर 22 जवानों के साथ एसडीआरएफ की टीम तैनात रहेगी।

साथ ही तैराक भी मुस्तैद रहेंगे। पिंडदान के दौरान कोई हादसा ना हो इसके लिए एसडीआरएफ की ओर से मोटर बोट्स का संचालन कराया जाएगा। पर्याप्त संख्या में स्थानीय तैराक और मास्टर ट्रेनर्स भी रहेंगे। घाटों पर तैराकी की तैनाती दो पालियों में होगी। देवघाट, सूर्यकुंड, सीताकुंड, वैतरणी, ब्रह्मसत सरोवर, रुक्मिणी सरोवर, पिता महेश्वर, रामशिला व प्रेतशिला स्थित सरोवर के घाट पर तैराक तैनात रहेंगे।

## आरा में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, एयरबैग खुला फिर भी नहीं बची जान

**भोजपुर, एजेंसी।** बिहार के आरा में गुरुवार (22 अगस्त) की सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार को 5 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में पति, पत्नी, बेटा, बहू और पोते की मौत हुई है। हादसे के बाद 3 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। 2 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गई। 25 साल की बहू और 4 साल की पोती की हालत गंभीर है। आरा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। एयरबैग खुलने के बाद भी ड्राइव कर रहे विपुल और फ्रंट सीट पर बैठे भूप नारायण की मौत हो गई। गजराज गंज ओपी थाना क्षेत्र के बीबीगंज गांव के पास आरा-बक्सर फोर लेन पर चढ़ने समय कार (टीयूवी 300) पुल की रेलिंग से टकरा गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी की रफ्तार 100 से ज्यादा थी। पूरा परिवार विंध्याचल से पूजा कर के लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। इसके बाद परिवार को सूचना दी गई। भूप नारायण पाठक पिछले 15 सालों से पूरे परिवार के साथ पटना के DPS मोड़ के पास अर्पणा कॉलोनी में रहते थे। पिता और बेटा दोनों पूजा कराते थे।

मृतक के भतीजे शिबू पाठक ने बताया कि सोमवार को रक्षा बंधन के दिन सभी लोग महिंद्रा गाड़ी पर सवार होकर उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल दर्शन के लिए गए थे। गुरुवार की सुबह सभी लोग विंध्याचल से दर्शन कर वापस पटना लौट रहे थे। लौट के दौरान विपुल पाठक गाड़ी चल रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी बीबीगंज गांव के पास ओवर ब्रिज पर पहुंची। गाड़ी बेकाबू होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई। इसमें भूप नारायण पाठक, उनकी पत्नी रेणु देवी और बेटा विपुल पाठक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि, उनकी बेटी अर्पिता पाठक और पोता हर्ष पाठक ने इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान दम तोड़ दिया। सभी लोग रक्षा बंधन के दिन गाड़ी पर सवार होकर विंध्याचल दर्शन करने गए थे।



**एयरबैग खुलने के बाद भी हुई मौत :** छपरा के रहने वाले संजीव ओझा हादसे के वक्त मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बिहिया की ओर से वो लोग आरा आ रहे थे। अचानक गाड़ी की स्पीड अधिक होने से बेकाबू होकर पुल के डिवाइडर से टकरा गई।

## मतदाताओं में चुनाव के प्रति रुझान का होगा अध्यन

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में केएपी सर्वे शुरू हो गया है। इसमें विशेषज्ञों द्वारा तैयार किये गए करीब 20 सवाल मतदाताओं से पूछे जायेंगे। यह सर्वे 11 विधानसभा क्षेत्रों के सबसे कम और सबसे अधिक मतदान वाले दो-दो बूथों के मतदाताओं के साथ किया जा रहा है। इसमें मतदाताओं से चुनाव में हिस्सा लेने और न लेने के कारणों के संबंध में पड़ताल की जाएगी। इसके अलावा चुनाव के प्रति उनकी जागरुकता का आकलन सवालों के माध्यम से किया जाएगा। चिन्हित बूथों के कम से कम 60 मतदाताओं के बीच यह सर्वे किया जा रहा है। मतदान में आयु-वर्गवार गैप्स, कम मतदान के कारणों, अपंजीकृत पात्र व्यक्तियों, माइग्रेशन, मीडिया उपभोग अर्थात विभिन्न मीडिया स्रोतों का प्रभाव -ग्रामीण, अर्द्ध शहरी, शहरी क्षेत्रों के मतदाताओं पर, पोस्टल बैलेट की जानकारी तथा निर्वाचन आयोग के एक्सेसिबिलिटी संबंधी कदमों का प्रभाव आदि की मतदाताओं से सटीक जानकारी के लिए किश ग्रिड पद्धति से सर्वे किया जा रहा है।

## बिहार में फिर नौकरी की बहार; शिक्षा विभाग में डेढ़ लाख बहाली का नीतीश के मंत्री ने किया ऐलान



**पटना, एजेंसी।** बिहार में एक बार फिर नौकरी की बहार आने वाली है। नीतीश सरकार के शिक्षा विभाग में फिर से बड़े पैमाने पर सरकारी नौकरी को लेकर बहाली निकलने वाली है। इस बात का एलान खुद नीतीश कैबिनेट के मंत्री ने किया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत डेढ़ लाख से अधिक पदों पर नियुक्ति होनी है। इन पदों पर बहाली के लिए अधियाचना बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को भेज दी गयी है। इनमें प्रधानाध्यापक, प्रधान शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षक आदि शामिल हैं। शिक्षा मंत्री बुधवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि सभी विधायकों और विधान पार्षदों से 10-10 ऐसे सरकारी स्कूलों की सूची मांगी गई है, जो जर्जर स्थिति में हैं। इन स्कूलों के भवनों का राज्य सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। कुछ जगहों पर यह काम भी शुरू भी कर दिया गया है। मदरसों में सिलेबस से जुड़े विवाद पर मंत्री ने कहा कि यह मामला संज्ञान में आने के बाद संबंधित अधिकारियों को छानबीन के निर्देश दिए गए हैं। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर सुधार के उपाय किये जाएंगे।

बिहार में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष और विपक्षी दलों के लिए राज्य में नौकरी और रोजगार बड़ा मुद्दा बना हुआ है। शिक्षा विभाग में अब तक 5 लाख से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। अभी भी शिक्षक बहाली टीआरई-3 पाइप लाइन में हो जिसमें एक लाख के लगभग भर्ती होना है। विगत 15 अगस्त को गांधी मैदान में झंडा फहराने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार न नौकरी और रोजगार को लेकर बड़ी घोषणा की। उन्होंने 12 लाख नौकरी के साथ 34 लाख रोजगार का ऐलान किया। बुधवार को नीतीश कैबिनेट की बैठक में नौकरी और रोजगार पर अहम निर्णय लिया गया। इसी के मद्देनजर शिक्षा मंत्री ने यह घोषणा की।



## अटल पेंशन स्कीम में सभी बिहार में सबसे पीछे पटना, गया बना नंबर वन

**गया , एजेंसी।** अटल पेंशन योजना में बिहार में पटना का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। सभी 38 जिलों में पटना निचले पायदान पर है। केवल पटना ही है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य हासिल नहीं कर सका। यहां के बैंकों ने तय लक्ष्य की 78 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। वहीं, पटना से सटा गया जिला अव्वल रहा। गया की 267 बैंक शाखाओं ने तय लक्ष्य से 340 प्रतिशत अधिक उपलब्धि हासिल की। पटना के अलावा भागलपुर और शिवहर का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा है। गया जिले को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 25,940 ग्राहकों को अटल पेंशन योजना से जोड़ने का लक्ष्य मिला था। वहां के बैंकों ने 88,391 ग्राहकों को इस योजना से जोड़ा। वहीं पटना जिले के 843 बैंक शाखाओं को 75,780 खाते खोलने थे, लेकिन 59,020 खाते ही खोले गए। यह खुलासा हाल में अटल पेंशन योजना की समीक्षा बैठक में जारी रिपोर्ट से हुआ है। बताते चलें कि प्रदेश में अटल पेंशन योजना के अब तक 55 लाख 47 हजार 524 खाते खुल चुके हैं। इनमें 11 लाख 28 हजार 838 खाते पिछले वित्तीय वर्ष में खोले गए हैं।

### निजी बैंकों ने नहीं दिया साथ

रिपोर्ट के मुताबिक, बिहार जैसे गरीब राज्य में अटल पेंशन जैसी लोकोपयोगी योजना के क्रियान्वयन में निजी बैंकों का साथ नहीं मिला। राज्य के 14 निजी बैंकों में किसी ने भी तय लक्ष्य को पूरा नहीं किया। आईडीबीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने 70 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की। कोटक महिन्द्रा, इंडसइंड बैंक, कर्नाटका बैंक, बंधन बैंक आदि तो मात्र 30 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर सकी। पेंशन योजना में प्रदेश के 11 बैंकों की उपलब्धि शून्य से 6 प्रतिशत के बीच रही है।

### नवादा, बांका का बढ़िया प्रदर्शन

अटल पेंशन योजना में गया के अलावा, नवादा, बांका, औरंगाबाद, अरवल जैसे जिलों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। नवादा की 116 बैंक शाखाओं ने तय लक्ष्य 11,410 के मुकाबले 32,796 ग्राहकों को इस योजना से जोड़ा। जो लक्ष्य से 287 प्रतिशत अधिक रहा। बांका ने लक्ष्य से 285 प्रतिशत, औरंगाबाद ने 243 प्रतिशत और अरवल ने 236 प्रतिशत ज्यादा पेंशन खाते खोले।

### सबसे कम पेंशन राशि के आवेदक बिहार में ज्यादा

अटल पेंशन योजना के तहत देश में बिहार के आवेदक पेंशन की सबसे कम राशि एक हजार रुपये प्रतिमाह के लिए सबसे अधिक आवदेन करते हैं। राज्य के 80 प्रतिशत अटल पेंशन के लिए निबंधित ग्राहक केवल एक हजार पेंशन के लिए अंशदान दे रहे हैं। हरियाणा, पंजाब, गुजरात आदि राज्यों में पांच हजार रुपये पेंशन के लिए निबंधित लोगों की संख्या अधिक है।

### 60 वर्ष के बाद मिलती है पेंशन

अटल पेंशन योजना में 18 वर्ष से 40 वर्ष उम्र के लोग जुड़ सकते हैं। लाभुकों को 60 वर्ष की अवधि के बाद एक से पांच हजार रुपये की राशि बतौर पेंशन दी जाती है।

### उम्र के साथ बढ़ती है अंशदान की रकम

इस योजना के तहत ग्राहक एक हजार, दो हजार, तीन हजार, चार हजार और पांच हजार रुपये पेंशन राशि के लिए पेंशन खाता खुलवा सकते हैं। 18 वर्ष की उम्र वाले आवदेक जो एक हजार रुपये पेंशन चाहते हैं उन्हें 42 रुपये प्रतिमाह 60 वर्ष की उम्र तक अंशदान देना होगा। वहीं 5000 रुपये प्रतिमाह पेंशन के लिए उनका अंशदान 210 रुपये देना होगा। उम्र के साथ पेंशन अंशदान की रकम बढ़ती जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर विद्यालय के मेन गेट के पास दुकान निर्माण से आक्रोश

**नवादा।** जिले के रजौली अनुमंडल मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार व चहारदीवारी के पास जिला परिषद द्वारा दुकान निर्माण कार्य आरंभ किये जाने से स्थानीय बुद्धिजीवियों में आक्रोश गहराने लगा है। इंटर विद्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के ठीक आमने सामने है। ऐसा तय है जब इंटर विद्यालय में मतगणना के अलावे विभिन्न सरकारी - गैर सरकारी बैठकों का दौर चलता रहता है। और तो और स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस का मुख्य झंडोत्तोलन समारोह के साथ खेल प्रतियोगिता से लेकर बिहार परीक्षा समिति की मैट्रिक इंटर की परिक्षाओं का आयोजन होता है। तब मुख्य प्रवेश द्वार के बाहर वाहनों की लम्बी कतारें लग जाती है। यहां तक कि भीड़ से बचने के लिए कई अधिकारी भी अपनी वाहन बाहर लगाने में ही अपनी भलाई समझते हैं। फिर दुकान निर्माण किसी मामले में न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। इंटर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सह समाजसेवी बालकृष्ण प्रसाद यादव समेत पूर्व पंस सदस्य रामानुज शर्मा ने समाहर्ता से हस्तक्षेप कर अविलंब इंटर विद्यालय मुख्य प्रवेश द्वार के पास दुकान निर्माण पर रोक लगाने की गुहार लगायी है।

### 24 घंटे के अंदर 35 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि 21 अगस्त 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, जिनमें हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 06, साईबर क्राईम में 01 एवं अन्य गिरफ्तारी 27 कुल 35 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 102 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 11 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 558 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 17 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 02, ट्रक 01, कार 01, मोबाईल 04, एटीएम कार्ड 01, आधार कार्ड 01, गैस सिलेंडर, एक गैस चुल्हा, एक चुलाई मशीन भट्ठी विनष्ट एवं महुआ घोल विनष्ट 190 लीटर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### संविधान के रक्षक है नरेंद्र मोदी : राजेश्वर पासवान

**आरा।** लोजपा रामविलास भोजपुर के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने प्रेस वार्ता में कहा कि राजेश्वर पासवान ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी संविधान के रक्षक और आरक्षण के पक्षधर है। देश के दलितों शोषितों, वंचितों के मसीहा है। वे कहते नही करते है। पूरे देश में विपक्षियों द्वारा एनडीए सरकार के खिलाफ अफवाह फैलाया गया कि नरेंद्र मोदी ने लोक सभा में चार सौ से पार सीट लायेंगे तो संविधान और आरक्षण बदल देंगे। विपक्ष पार्टियां भोली भाली जनता को गुमराह कर रही है। विगत दिन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति /जन जाति में ही उपवर्ग कर लाभ देने का सुझाव राज्य सरकार को दिया गया था, जिसे हमारे नेता चिराग पासवान ने आपत्ति जताते हुए भारत का संविधान का हवाला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय से पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। प्रधान मंत्री ने भी कैबिनेट के माध्यम से अनुसूचित जाति /जनजाति में उप वर्ग बनाने का सर्वोच्च न्यायलय द्वारा दिए गए सुझाव को खारिज करते हुए कहा कि यह विधि सम्मत नही है, संविधान में कहीं इस तरह का वर्णन नही है।

### दसियांव में ग्राम देवी मां काली की हुई वार्षिक पूजा

**केसठ।** प्रखंड अंतर्गत दसियांव गांव मेंमां काली कीवार्षिकपूजामंगल वार को ग्रामीणों द्वारा धूमधाम से की गई। यहपूजाहर साल ग्राम देवी मां काली कीवार्षिक पूजाके रूप मेंभादो मास के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा तिथि को की जाती है। मंदिर में मां कीपूजाके साथ साथ भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी किया गया। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं व भक्तों नेपूजाकी थाली सजाकर मंदिर पहुंचे और मां काली कीपूजा अर्चना और आरती की। इसके बाद ग्रामीणों ने विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अपने ग्राम देवी कीपूजाअर्चना कर हवन पूजन किया। इसके बाद आरती की गयी। इस दौरान मां काली के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा और भक्तिमय हो गया। मां को प्रसाद का राग भोग ग्रामीणों के तत्वावधान में लगाया गया तथा हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने मां काली का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

### इंटर विद्यालय नारदीगंज में आधार सेवा केंद्र का हुआ शुभारम्भ

**नवादा।** नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित इंटर विद्यालय नारदीगंज में गुरुवार को आधार कार्ड के लिए नए आधार सेंटर काउंटर का उद्घाटन किया गया। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद,सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस दौरान शिक्षक प्रशांत कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना कराये। आधार कार्ड ऑपरेटर मंजीत कुमार ने आधार सेंटर काउंटर की पूजा की। यह आधार सेंटर काउंटर प्रभारी डा0 कारु रजक के देखरेख में संचालित किया जा रहा है।इस दौरान प्रभारी प्राचार्य डा0 रजक ने कहा यह केंद्र सरकार के द्वारा निःशुल्क दर पर उपलब्ध कराया गया है।इस काउंटर पर 18 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क आधार कार्ड बनाया जाएगा।इसमें किसी भी प्रकार का राशि देय नहीं है, परंतु आधार कार्ड में सुधार व अद्यतन हेतु राशि लाभुकों को देना होगा। कहा गया डेमोग्राफी अद्यतन के लिए 50 रुपये व बायोमैट्रिक अद्यतन के लिए 100 रुपये शुल्क लगने का प्रावधान है। वही नये पंजीकरण के लिए निःशुल्क आधार कार्ड बनेगा। उन्होंने इस प्रखंड वासियों से अपील की है कि आधार कार्ड के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ अवश्य लें। मौके पर वरीय शिक्षक कृष्णकांत ईया गुड्डू,रूपेश कुमार,मो0 परवेज आलम,धनंजय कुमार,कामता प्रसाद सिंह,वरुण कुमार समेत अन्य शामिल हुए।



### बक्सर में आक्रोशित ग्रामीणों ने राजपुर विधायक का फुंका पुतला, सड़क के गड्ढों में रोपा धान

**बक्सर।** बक्सर जिले के अटांव पंचायत में जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार की दोपहर दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों द्वारा राजपुर विधायक विश्वनाथ राम के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया। सभी के हाथ में धान का बिचड़ा और विधायक विश्वनाथ राम का पोस्टर था। ग्रामीणों द्वारा विधायक का पुतला भी बनाया गया था। नारेबाजी करते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने राजपुर विधायक का पुतला दहन कर विरोध जताया। इसके साथ ही जर्जर और कीचड़ युक्त सड़क के गड्ढों में धान की रोपनी कर विरोध जताया। इसका नेतृत्व अटांव पंचायत के मुखिया इंदल कुमार के द्वारा किया गया। बता दें कि राजपुर विधानसभा क्षेत्र में आने वाला अटाव-दहीगना गांव की सड़क काफी जर्जर है। इसकी मरम्मत लोगों की शिकायत पर भी नहीं करायी गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। पुतला दहन करनेवाले अटाव पंचायत मुखिया इंदल कुमार ने कहा कि डुमरांव अनुमंडल स्थित अटांव पंचायत स्थित लगभग दर्जनों गांवों को काटकर राजपुर के विधानसभा में जोड़ दिया गया। लेकिन राजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक विश्वनाथ राम के जीतने के बाद इस गांव और पंचायत के लोगों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया है। चाहे ग्रामीणों की चार साल से जर्जर सड़क की परेशानी हो, किसानों के लिए ट्यूबवेल एवं खेतों तक बिजली पहुंचाने का वादा हो। इन्हें चुनाव जीते लगभग चार साल हो गए। अगले साल पुनः चुनाव होना है। लेकिन विधायक के द्वारा एक भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया। न ही इस क्षेत्र में इनके फंड का एक ईंट तक गिरा है। इंदल सिंह ने कहा कि मुंगाव, अटाव, कसियां, कनझरुआ एवं कोरानसराय पहले डुमरांव विधानसभा में शामिल था।

# जिला-स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर डीएम ने किया बैठक

**निज संवाददाता। नवादा**

जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला-स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित की गई। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन 02, 03 एवं 04 सितम्बर 2024 को हरिश्चन्द्र स्टेडियम, नवादा में कराने का निर्णय लिया गया है। नामांकण कराने के लिए 27 से 31 अगस्त 2024 तक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में निर्धारित किया गया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि नामांकन के लिए सभी स्कूलों के खिलाड़ियों को सूचित करें ताकि ससमय खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए भाग ले सके। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित प्रखंडों के विद्यालयों के खिलाड़ियों की सूची तैयार कर चयनित किये गए खिलाड़ियों का रिहल्सल कराकर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा



पदाधिकारी एवं प्रखंड परियोजना प्रबंधक के समीक्षा के उपरांत चयनित खिलाड़ियों की सूची भेजना सुनिश्चित करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश दिया की हरिश्चन्द्र स्टेडियम स्थित खेल भवन में बोर्ड लगाने के साथ-साथ अन्य तैयारियां पूरी कर लेंगे। उन्होंने कहा कि खेल भवन में विभागीय अधिसूचना भी प्रदर्शित करें ताकि खिलाड़ियों को खेल से संबंधित जानकारी एवं योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि खिलाड़ियों का चयन 14 वर्ष, 17 वर्ष तथा 19 वर्ष की श्रेणीयों में करेंगे। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद नवादा को निर्देश दिया कि हरिश्चन्द्र स्टेडियम में जल जमाव का निकासी जल्द से जल्द करेंगे एवं मोबाईल शौचालय की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय विद्यालय (बालक/बालिका अन्डर 14/17/19) खेल प्रतियोगिता 2024-25 आयोजित की जायेगी। खेल में भाग लेने वाले लेने की पात्रता खिलाड़ी बिहार राज्य अन्तर्गत मान्यता प्राप्त विद्यालय के नियमित छात्र होना अनिवार्य है। योग्यता प्रमाण पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, विगत वर्ष उत्तीर्ण परीक्षा का अभिप्रमाणित अंक पत्र तथा विद्यालय के उपस्थिति पंजी की छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य होगा। खेल प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगिता स्थल पर शुद्ध पेयजल, अस्थायी शौचालय, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं सहित फस्ट ऐड की व्यवस्था आयोजन समिति के द्वारा की जायेगी। 03 आयु वर्ग अंडर 14, अंडर 17 एवं अंडर 19 के विजेता/उप विजेता अथवा प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं के आयु प्रमाण पत्र की विस्तृत जॉच अनिवार्य रूप से करायी जायेगी। आज की बैठक में उप विकास आयुक्त श्री दीपक कुमार मिश्रा, खेल पदाधिकारी श्री नवीण कुमार पाण्डेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार चौधरी, डीपीओ शिक्षा श्री तनवीर आलम, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी श्री विवेक कुमार केसरी के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गंगा नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत, खेत से परवल तोड़कर लौट रहे थे

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के ख्वासपुर थाना क्षेत्र के कचहरी टोला गांव स्थित काली मंदिर के समीप बुधवार को गंगा नदी के भागढ़ में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। ये सब्जी लाने के लिए गए थे। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल रहा। पैर फिसलने से हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक बुजुर्ग खवासपुर थाना क्षेत्र के कचहरी के टोला गांव निवासी स्व.महेश के 57 वर्षीय बेटा डोमन बिन है। ये पेशे से किसान थे। इधर, मृतक के पोते सह ख्वासपुर पंचायत के वार्ड नंबर-18 के वार्ड सदस्य चंद्र शेखर कुमार ने घटना को लेकर जानकारी दी है।

**गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से खेत में भरा पानीः** मृतक के पोते ने बताया कि गंगा का जल स्तर बढ़ जाने के कारण चारों तरफ पानी फैल गया है और उनके खेत में परवल बोया हुआ था। कुछ खेत अभी पानी से बचा हुआ है। उसके दादा उसी खेत से परवल तोड़कर वापस घर लौट रहे थे। पैर फिसल जाने के कारण वह गंगा नदी के भागढ़ में गिरकर डूब गए। जिससे



उनकी मौत हो गई। शव को देखते ही शौच करने गए स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी है। सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से उनके शव को पानी से बाहर निकल गया। इसके बाद परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर खवासपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया।

**मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हालः** बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में तीसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी सुकवरिया देवी, पांच बेटा मुखदेव बिन, विदेव बिन, समारु कुमार, मंगरु बिन, महादेव कुमार व तीन बेटी सीताझरी देवी, रूबी देवी और एकम देवी है।

# एसीएस डा. सिद्धार्थ के निर्देश पर पुनः हुई आरोपों की जांच

## -शिक्षकों व छात्रों ने की आरोपों की पुष्टि

**निज संवाददाता। नवादा**

कहते हैं पाप जब बढ़ जाता है तो वह छप्पर चढ़कर बोलता है। कुछ इसी प्रकार की स्थिति गोविन्दपुर बीईओ दिगम्बर ठाकुर की होने वाली है। रजौली प्रखंड क्षेत्र के करीगांव में महिला प्रधानाध्यापक के साथ बदसलूकी, लेंगुरा विद्यालय में शिक्षकों के साथ अबैध वसूली का सोशल मीडिया में विडियो वायरल होने व अखबारों में खबर छपने के बावजूद न तो शिक्षा विभाग न ही प्रशासन ने कार्रवाई तो दूर जांच करना तक उचित समझा। लेकिन आखिरकार गोविन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के खखन्दुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में वे फंस ही गये। एसीएस के आदेश पर डीएम ने जांच की जिम्मेदारी अपर समाहर्ता को सौंपी थी लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से न लेकर बीडीओ के माथे सौंप दिया। डीएम को जानकारी मिलते ही वे भड़क उठे तथा अपर समाहर्ता को पुनः जांच कर प्रतिवेदन का निर्देश दिया। बुधवार को अपर समाहर्ता खखन्दुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंच शिक्षकों व छात्रों का बयान कलमवद्ध किया। ऐसे में बीईओ की मुश्किलें बढ़नी लगभग तय मानी जा रही है। तस्वीर में आप खुद देख सकते हैं अपर समाहर्ता वर्ग कक्ष में शिक्षकों व छात्रों से स्वंय मामले का कैसे संज्ञान ले रहे हैं।

# जीविका दीदी को अस्पताल की सफाई का मिला जिम्मा, बक्सर में डीएम ने केंद्र का किया शुभारंभ

## बोले-कई और लोगों को मिलेगा रोजगार

**निज संवाददाता। बक्सर**

जिले के सदर अस्पताल और अनुमंडलीय अस्पतालों में जीविका दीदी रसोई के बाद अब साफ-सफाई और कपड़े की धुलाई का काम भी करेंगी। इसको लेकर बक्सर के सदर अस्पताल में गुरुवार को साफ सफाई और लांड्री केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन डीएम अंशुल अग्रवाल और सिविल सर्जन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन ने कहा कि जीविका दीदियां ग्रामीण इलाके में स्वच्छ वातावरण, शौचालय का प्रयोग आदि पर काफी दिनों से काम कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि जीविका दीदी सदर अस्पताल में साफ-सफाई के काम को अच्छे से संभाल लेंगी और किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं देंगी। इसके शुभारंभ से जिले के नए जीविका दीदियों को इसका रोजगार मिलेगा। इससे जीविका दीदियों को कम से कम 8 हजार रुपए का काम मिल जाएगा।



इसकी शुरुआत से पहले जीविका दीदियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सदर अस्पताल में इसके पहले दीदी के रसोई घर के माध्यम से जीविका दीदियों की ओर से मरीजों के बीच पौष्टिक आहार पहुंचाने का काम किया जाता रहा है। वहीं अब मरीजों के कपड़े धुलने के साथ अस्पताल परिसर की साफ सफाई का जिम्मा भी इनको दिया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि सदर अस्पताल और डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल के साथ मुख्य कार्यालय की साफ सफाई का कार्य जीविका दीदियों के माध्यम से कराया जाए। इससे पहले यह काम आउट सोर्सिंग के माध्यम से कराया जाता था। इसको लेकर शिकायतें भी मिलती थी। अब उम्मीद है कि जिस प्रकार से जीविका दीदी रसोई चलाती है, उसी तरह सफाई भी करेंगी।

# झुकती है सरकार, झुकाने वाला चाहिए-सुधाकर सिंह



## ◆ बक्सर सांसद बोले-आरक्षण के नियमों में अनदेखी बर्दाश्त नहीं, संविधान-सामाजिक न्याय की हुई जीत

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने कहा की आरक्षण के नियमों की अनदेखी किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मोदी सरकार को अपने लेटरल एंट्री के फैसले के वापस लेने पर विडियो बयाना जारी कर देश वासियों को बधाई दिया है।साथ ही सुधाकर सिंह ने कहा की एक बार फिर सामाजिक न्याय और संविधान को जीत हुई है। उन्होंने कहा की यह घटनाक्रम ने एक बार फिर साबित किया है कि जनता की आवाज और संवैधानिक मूल्यों के सामने सरकार को झुकना ही पड़ता है। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की लेटरल इंट्री के जरिए केंद्र में बैठे नरेंद्र मोदी अपनी मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के ऋण को उतारने का काम करती है। लगातार वैसे लोगो को ज्वाइंट सेक्रेटरी डायरेक्टर,और डिप्टी डायरेक्टर के पद पर जहां आईएएस अधिकारी बैठते थे। जो यूपीएससी की परीक्षा से स्लेक्ट होकर आते थे। लेकिन वहां पर डायरेक्ट न्यूक्ति की जा रहा थी। लेकिन जनमत और संविधान की ताकत ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया है। ये देश की जनता की जीत है।

**सरकार ने फैसला लिया वापसः** सुधाकर सिंह ने बताया की 7 अगस्त, 2024 को सरकार ने "लेटरल एंट्री" से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया। विज्ञापन जारी होने के तुरंत बाद, विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने सरकार को एक महत्वपूर्ण चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरक्षण के नियमों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राहुल गांधी ने भी इस फैसले का विरोध किया। लगभग दो सप्ताह बाद, 20 अगस्त, 2024 को, सरकार ने अपना फैसला वापस ले लिया। यह घटनाक्रम ने एक बार फिर साबित किया है कि जनता की आवाज़ और संवैधानिक मूल्यों के सामने सरकार को झुकना ही पड़ता है, बोलते हुए कहा की "झुकती है सरकार, बस झुकाने वाला चाहिए।" यह परिणाम लोकतंत्र की मज़बूती और नागरिकों के अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। जब लोग एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाते हैं, तो परिवर्तन संभव है।

# मारपीट में सगे भाई समेत 4 लोग जख्मी

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शुक्लपुर गांव में बुधवार को दो लड़कियों के बीच आपसी विवाद में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान एक पक्ष ने अपने पाटीदार को लाठी डंडे से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पड़ोसियों की मदद से मामले को शांत कराया गया। घायल को इलाज के लिए आरा सदर लाया गया । 4 लोग घायल है। इनमें 2 की हालत गंभीर है। घायल में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शुकुलपुरा गांव निवासी स्व पांचा केशरी के बेटे शिव भजन केशरी (50), बेटा राम राज केशरी (42),शिव भजन केशरी की पत्नी आरती देवी (40), और बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र के नचाप गांव निवासी विजय केशरी की पत्नी राधिका देवी (45) शामिल है।

**गाली-गलौज के बाद हुई मारपीटः** घटना की जानकारी देते हुए शिव भजन केशरी ने बताया कि घर की लड़कियां गांव के शिव मंदिर में पूजा करने जा रही थी। तभी पाटी दार के घर की लड़कियां उसे देख कर हंसने लगी । जब इन लोगों से हंसने की वजह पूछी, तभी उसने गाली–गलौज करना शुरू कर दिया। दोनों आपस में भीड़ गए । अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया।

घायल ने बताया कि उनका बेटा खेलने जा रहा था। इसी बीच पाटीदार के लड़कों ने उसे डंडा से मारना शुरू कर दिया। इसके बाद हम लोग घटना की बात सुनकर जब बीच बचाव करने गए, तभी अन्य लोगों के मदद से हम सभी की बेहरमी से पिटाई कर दी गई। इसके बाद सभी घायल को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# छतनी और ढाब के अलावे डैम पार के गांवों में फैला डायरिया, पीएचसी प्रभारी ने लगवाया मेडिकल कैंप

◆ डायरिया के मरीजों के साथ चिकित्सक द्वारा किया जा रहा सौतेला व्यवहार

◆ बिना ठीक हुए मरीजों को भेजा जा रहा घर,पुनः अस्पताल में होना पड़ता है भर्ती

**निज संवाददाता। रजौली**

प्रखंड क्षेत्र के छतनी,ढाब एवं फुलवरिया डैम के पार वाले कुछ गांव में डायरिया का प्रकोप फैला हुआ है।प्रतिदिन दर्जनों डायरिया के मरीज अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं।बीते लगभग पांच दिनों से दरिया का प्रकोप को प्रखंड क्षेत्र में अपना पैर पसार रहा है।डायरिया के प्रकोप से बचाव को लेकर पीएससी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला के निर्देश पर गांव में मेडिकल कैंप लगाकर मरीजों का इलाज कर दवाई का वितरण किया जा रहा है। जबकि गंभीर रूप से पीड़ित डायरिया के मरीजों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अनुमंडलीय अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों द्वारा डायरिया से पीड़ित मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।पीड़ितों ने बताया कि गांव में उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी, चिकित्सक द्वारा निर्देश दिया गया कि आप अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती हो जाइए। अस्पताल में भर्ती होने के बाद पूर्णतः ठीक नहीं होने के पूर्व ही मरीजों को दवा आदि देकर वापस घर भेज दिया जा रहा है। जिसके कारण मरीज पुनः या तो अस्पताल आ रहे हैं अथवा रजौली के निजी अस्पताल में अपना इलाज करने को मजबूर हैं। जबकि अस्पताल में बेडों की संख्या की कोई कमी नहीं है।इस स्थिति में भी ट्रामा सेंटर में पड़े बेडों को कमरे में बंद करके रखा गया है।यदि बेडों का सदुपयोग किया जाए,तब मरीजों के साथ-साथ उनके परिजनों को भी काफी आसानी होगी। अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों के इस व्यवहार से मरीजों में सरकारी अस्पताल के प्रति नकारात्मक सोच की बढ़ोतरी हो रही है।

**अस्पताल में भर्ती हैं दर्जनों मरीजः** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को दर्जनों मरीज इलाज हेतु भर्ती पाए गए।जिनमें सबसे ज्यादा मरीज छतनी गांव के थे।वे लोग बीते तीन-चार दिनों से अस्पताल में ही भर्ती हैं।किंतु उनके स्वास्थ्य में विशेष सुधार नहीं




फोटो-अस्पताल एम भर्ती डायरिया के मरीज

देखा जा रहा है।जिससे मरीजों के परिजन परेशान दिखाई दिए।अस्पताल में भर्ती मरीजों में छतनी गांव निवासी संदीप यादव की 4 वर्षीय बेटी टूसी कुमारी,रमेश प्रसाद की 15 वर्षीय बेटी ममता कुमारी,मुनीरक यादव की 9 वर्षीय बेटी छोटी कुमारी व 15 वर्षीय बेटी आरती कुमारी,मनोज यादव के 8 वर्षीय बेटे रोहित कुमार एवं पत्नी गुड़िया देवी,धनेश्वर यादव की बेटी नीलम कुमारी एवं अभिषेक कुमार के बेटे आर्यन कुमार के अलावे खुशियली भेजता निवासी मिट्ठू राजवंशी के 55 वर्षीय बेटे सुरेश मांझी एवं अशोक यादव की 8 वर्षीय बेटी सुबेरी कुमारी शामिल हैं,जो विगत तीन-चार दिनों से अस्पताल में भर्ती हैं।अस्पताल में मौजूद परिजन सरजू यादव ने बताया कि छ्तनी गांव में शुरुआत के दिनों में दो-तीन मरीजों से बढ़ते-बढ़ते संख्या दर्जनों में पहुंच गई।अस्पताल कर्मियों के रवैया से परेशान कई लोग निजी क्लीनिक में अपना इलाज करवा रहे हैं,तो कई गरीब तबके के लोग सरकारी अस्पताल में ही किसी तरह अपना इलाज करवाने में जुटे हैं।गुरुवार को अस्पताल में डॉ. राघवेंद्र भारती,डॉ. मुकेश कुमार एवं डॉ. शिवपुरारी अस्पताल में मौजूद थे।जिनमें डॉ. शिवपुरारी मरीजों का हाल-चाल लेते नजर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मध्य रेल पर राजभाषा हिंदी से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन

राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशासन विभाग को महाप्रबंधक द्वारा प्रदान किया गया अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड




**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय/हाजीपुर द्वारा क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 81वीं बैठक महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि पूर्व मध्य रेल पूर्णतः हिंदी भाषी क्षेत्र के अंतर्गत आता है और हम सभी हिंदी भाषा की जानकारी रखते हैं। आप इस तथ्य से भी अवगत होंगे कि हिंदी हमारी बोलचाल की भाषा तो है ही साथ ही राजभाषा भी है। उन्होंने कहा कि जब तक कि हम सभी निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का सम्यक संपादन नहीं करेंगे तबतक राजभाषा को उसका उचित स्थान प्राप्त नहीं हो सकता । महाप्रबंधक ने अधिकारियों/कर्मचारियों का ध्यान आकृष्ट कराया कि सरल और सहज शब्दों का प्रयोग करें, क्योंकि भाषा प्राथमिक रूप से अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अगर किसी शब्द में परेशानी व असमंजस की स्थिति हो, वहाँ अंग्रेजी शब्द को देवनागरी में ही लिखने की कोशिश करें तथा अधिकारीगण जब भी निरीक्षण दौरे पर जाएँ, राजभाषा हिंदी का निरीक्षण भी करें। मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बीके सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूर्व मध्य रेल ''क'' क्षेत्र में स्थित है। इसलिए यहां अधिकांश कार्य स्वाभाविक रूप से हिंदी में ही होते हैं फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें और अधिक प्रयास करके हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। हमारा दायित्व है कि संघ की राजभाषा नीति के अनुरूप धारा 3 (3) के अंतर्गत आने वाले सभी दस्तावेज हिंदी/अंग्रेजी द्विभाषी रूप में जारी किये जाएं। मूल पत्राचार में भी हिंदी का शत-प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। हिंदी निरंतर समृद्ध हो रही है और उसका दायरा भी विस्तृत हो रहा है। इस अवसर पर राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशासन विभाग को महाप्रबंधक द्वारा अंतर्विभागीय राजभाषा चल शील्ड प्रदान किया गया। इसे शैलेश वर्मा, वरि. उप महाप्रबंधक ने प्राप्त किया। उसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा "वैशाली" पत्रिका का लोकार्पण भी किया गया साथ ही क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। राजभाषा प्रयोग-प्रसार के इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल के मंडलों, कारखानों आदि के उच्च अधिकारी उपस्थित थे, उन्होंने अपने विभागों, मंडलों आदि में राजभाषा के प्रचार-प्रसार की स्थिति के संबंध में समिति को सूचित किया। जून-2024 को समाप्त तिमाही के दौरान हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले जेपी सिंह, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (औसं व कल्याण) व धनंजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक, परिचालन विभाग, पूमरे/हाजीपुर को महाप्रबंधक महोदय द्वारा नकद पुरस्कार व प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

### 33 दिवसीय रुद्राभिषेक का समापन आज, होगा भंडारा

**भागलपुर**। कोतवाली चौक स्थित कुपेश्वरनाथ महादेव में आयोजित 33 दिवसीय रुद्रभिषेक कार्यक्रम का समापन गुरुवार को होगा। यहां 11 पंडितों के द्वारा 21 जुलाई से लागातर प्रत्येक दिन शाम पांच बजे रूद्राभिषेक कराया जा रहा है। मंदिर के पंडित विजयानंद शास्त्री ने बताया कि विश्व कल्याण की कामना को लेकर पिछले 67 वर्षों से लगातार रूद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है। रुद्राभिषेक में पंडित विजयानंद शास्त्री, विकास शर्मा, गोविंद शर्मा, विमल चन्द्र झा, पंडित अक्षय झा, आशीष शर्मा, चंदन शर्मा सहित 11 पंडितों द्वारा किया जा रहा है। 22अगस्त को रुद्राभिषेक समापन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### केवीके में चलाया जा रहा गाजर घास उन्मूलन सप्ताह

**भागलपुर**। सबौर केवीके में गाजर घास जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सप्ताह 16 से 22 अगस्त तक मनाया जाएगा। वरीय वैज्ञानिक व प्रधान डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि गाजर घास (पार्थेनियम) देश के विभिन्न भागों में कांग्रेस घास, सफेद टोपी, चटक चांदनी, गंधी बुटी के नाम से जाना जाता है। यह देश के 35 मिलियन हेक्टेयर में फैला हुआ है। वर्षा ऋतु में इसका अंकुरण होने पर भीषण खरपतरवार का रूप ले लेती है। यह घास तीन-चार महीने में अपना जीवन चक्र पूरा कर लेती है। अभियंत्रण वैज्ञानिक पंकज कुमार ने बताया की गाजर घास जो कृषि भूमि और पारिस्थितिक तंत्र पर गंभीर प्रभाव डालता है। इसकी प्रभावशाली वृद्धि और बीज उत्पादन के कारण यह फसलों, भूमि की उर्वरता, और सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। इसे नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कृषि तकनीकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. ममता कुमारी ने बताया गेंदे के पौधे लगाकर गाजर घास के फैलाव को रोका जा सकता है। पशु विज्ञान वैज्ञानिक डॉ. मो. ज्याउल होदा ने बताया कि इस घास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी एलर्जी, दम्मा, बुखार आदि पैदा होता है। पशुओं के लिए यह खरपतवार हानिकारक है। उन्होंने इसके उन्मूलन को लेकर विविध जानकारी दी।

### प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के लिए शिक्षकों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

**भागलपुर**। जिले में गणित एवं विज्ञान पढ़ने का तरीका बदलेगा। बच्चों को रटाने या फिर ब्लैक बोर्ड के जरिए पढ़ाने की बजाय प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग से पढ़ाया जाएगा। स्कूलों में गणित एवं विज्ञान विषय को प्रयोग के माध्यम से प्रोजेक्ट बेस्ट बनाकर बच्चों को बताया जाएगा ताकि वह सीधे से समझ सके। वर्ग छह से आठ तक के बच्चों को गणित एवं विज्ञान में रुचि लेने को लेकर प्रोजेक्ट के माध्यम से शिक्षा देने की व्यवस्था की गयी हैं। इसको लेकर जिले में शिक्षकों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वह विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट के माध्यम से समझा सके। विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित की शिक्षा उनके दिनचर्या में हो रही घटनाओं को जोड़कर बताया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को तैयार करने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है कि विद्यालयों में प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से छात्रों के मानस पटल पर विज्ञान और गणित के अनुप्रयोग को कैसे स्थायी रूप से अंकित किया जा सकता है। इसके तहत विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट बनाने को भी दिया जाएगा। इसका मकसद बच्चों में बौद्धिक व तार्किक क्षमता का विकास करना है। साथ ही उन्हें देश और समाज की समस्याओं से भी रूबरू कराना है।

### 20 स्वयंसेवक व सेविका का किया गया चयन

**भागलपुर**। टीएमबीयू में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार शिविर लगाया गया। राष्ट्रीय एकता शिविर, एडवेंचर शिविर, यूथ फेस्टिवल के अलावा अन्य शिविरों के लिए 10 स्वयंसेवक, 10 स्वयंसेविका का चयन किया गया। जिसका नाम 25 अगस्त तक निदेशक को भेजना था। इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक द्वारा पूर्व में ही महाविद्यालय को निर्देशित किया गया था। इस चयन में कुल 15 इकाइयों के लगभग 100 स्वयंसेवक सेविका ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राहुल कुमार ने बताया कि भारत बंद की ऐलान की वजह से 15 इकाई के ही स्वयंसेवक सेविका चयन में भाग ले सके अतः शेष बचे 15 इकाई के लिए दिनांक 24 अगस्त को चयन सिविल आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर निशा झा, मारवाड़ी कॉलेज कल्चरल काउंसिल की सदस्य प्रज्ञा राय, टीएनबी कॉलेज के अंशु कुमार व नीतू कुमारी को शामिल किया गया था।

# अधेड़ की गोली मार हत्या, आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। 3 दिन पहले पड़ोसियों ने मारपीट भी की थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राघोपुर से सहजादपुर जाने वाली सड़क मार्ग को जाम कर दिया है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के राघोपुर पंचायत के माधोपुर गांव की है। मृतक के परिजनों में मातम का माहौल है। फिलहाल, घटना की सूचना नजदीकी थाने की पुलिस को दे दी गई है। सोए अवस्था में किसान के सिर में गोली मार कर हत्या की गई है। वहीं, मृतक की पहचान माधोपुर गांव निवासी मुकेश कुमार उर्फ फूलन शर्मा के रूप में हुई है। इनकी उम्र करीब 50 साल है।



**पुलिस ने आक्रोशित लोगों को किया शांतः** घटना के बाद भागलपुर डीएसपी 2 राकेश कुमा,र नाथनगर थाना पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची है। मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देते देते हुए आक्रोशित लोगों को शांत किया है। बता दें कि करीब 20 मिनट तक सड़क जाम रहा।

**3 दिन पहले पड़ोसी ने की थी मारपीटः** मृतक की चाची ने बताया कि 3 दिन पहले जमीनी विवाद में पड़ोसी मिथुन मंडल, सागर मंडल, बांघटू मण्डल, बरूण मंडल ने लाठी-डंडे से घर पर आकर मारपीट की थी। साथ ही जान से मार डालने की धमकी भी दी थी। नाथनगर थाने में इसको लेकर आवेदन दिया गया था। लेकिन, पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है।

❐ भागलपुर में पड़ोसी ने 3 दिन पहले की थी मारपीट, मौके पर पहुंची FSL की टीम

**घटनास्थल से पिलेट जब्तः** इस मामले में राकेश कुमार, डीएसपी -2 ने कहा है कि बीती रात नाथनगर थाना क्षेत्र स्थित माधोपुर गांव के रहने वाले मुकेश कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिजन ने पड़ोस के ही रहने वाले एक व्यक्ति से जमीन विवाद को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। डीएसपी -2, स्थानीय पुलिस व FSL की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जहां से 1 पिलेट जब्त किया है।

# तीसरे लोक अदालत का 14 सितंबर को होगा आयोजन



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सिविल कोर्ट परिसर में साल के तीसरे लोक अदालत का आयोजन होगा। 14 सितंबर 2024 को लोक अदालत लगेगी। जिसके लिए व्यापक रूप से तैयारी चल रही है, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और बिहार राज्य प्राधिकार पटना के निर्देश पर जिला लोक अदालत का आयोजन भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में होगा। इसमें कई मामलों का निपटारा किया जाएगा।

**बिजली, श्रम जैसे मामलों का होगा निपटाराः** लोक अदालत के आयोजन को लेकर डालसा के प्रभारी सचिव श्वेता सिंह ने प्रेस वार्ता की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि यह लोक अदालत इस साल का तीसरा लोक अदालत है। इसमें बैंक, बिजली, श्रम जैसे कई मामलों का निपटारा किया जाएगा। श्वेता सिंह ने ये भी कहा कि इस लोक अदालत के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए जगह-जगह होडिंग के साथ विभिन्न माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रचार का मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस लोक अदालत में शामिल हो सके।

# नव पदस्थापित थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों संग की बैठक



निज संवाददाता। चंपानगर

नव पदस्थापित थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने चंपानगर थाना क्षेत्र में शांति बनाए रखने को लेकर जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों एवं लोगों ने बताया चंपानगर थाना क्षेत्र में खासकर नशेड़ियों का आतंक तथा मुख्य सड़क का जाम की समस्या आम हो गई है। स्मैक तथा शराब के नशेबाजों से लोग परेशान हैं। स्मैक के नशेबाज स्मैक पीकर छोटी-मोटी चोरी की घटना प्रायः प्रतिदिन हो ही जाती है।

बैठक में शामिल लोगों ने पुलिस प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों से अपील करते कहा कि आपलोग पुलिस को सहयोग करें। आपके हर समस्या का निदान मेरी जिम्मेदारी होगी। उन्होंने बताया कि चिन्हित मार्गों एवं टोले मोहल्ले में पुलिस गश्ती दल बराबर गश्त लगाती रहेगी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि विद्यासागर मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुनील मेहता, पूर्व मुखिया विजय प्रकाश गौतम, पूर्व सरपंच सुदिष्ट कुमार सिंह, बनैली स्टेट चंपानगर की मृदुला सिन्हा, समाज सेवी राजेश नाथ पाठक, रामकुमार सिंह, मो. रशीद आलम तथा नगर पंचायत चंपानगर के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि निर्भय कुमार सिंह मौजूद थे।

# संदिग्ध हालत में लटकता मिला महिला का शव

निज संवाददाता। चंपानगर



चंपानगर क्षेत्र के चनका पंचायत के वार्ड-5 स्थित गौरी बाबू टोला में संदिग्ध हालत में फंदे से लटकी महिला की लाश मिली। घटना की सूचना मिलते ही चंपानगर थाना के इंस्पेक्टर रेंक के पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार, नवल किशोर यादव तथा फोरेंसिक टीम में सहायक निदेशक पुलिस फारेंसिक टीम के साथ पहुंचे और छानबीन की। पुलिस एवं फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल दौरान मृतक महिला के गले पर काले का निशान मिला। इस दौरान फारेंसिक टीम ने सैंपल कलेक्ट कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पूर्णिया जीएमसीएच भेज दिया। मृत महिला की पहचान सुपौल जिले के कटही गांव निवासी राजकिशोर कामत पुत्री नेहा कुमारी(20 वर्ष) के रूप में हुई है। मामले को लेकर चंपानगर थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने बताया की मृतक परिजनों की ओर से लिखित शिकायत नहीं की गई है। घटना को लेकर यूडी केस दर्ज किया जाएगा। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नेहा की शादी एक साल पहले गौरी बाबू टोला चनका गांव निवासी पवन कुमार विश्वास से हुई थी। पवन ज्यादा शराब पीता था। जिसको लेकर अक्सर पति पत्नी बीच लड़ाई-झंझट हुआ करता था। शादी के कुछ दिन बाद पवन ने अपनी पत्नी को बेंगलुरु ले गया था। बेंगलुरु में भी पवन की पत्नी नेहा देवी ने अपने मानसिकता हाल बिगड़ जाने के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

# रेल परिचालन से जुड़ी अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के लिए महाप्रबंधक द्वारा ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम (एपीआईएस) की लांचिंग

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज मुख्यालय हाजीपुर के सभाकक्ष में ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम (एपीआईएस) की लांचिंग की गयी। इस सिस्टम द्वारा स्टेशनों पर ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी समस्त जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध करायी जा सकेगी जो यात्रियों के लिए काफी लाभदायक होगा । प्रारंभिक चरण में पूर्व मध्य रेल के छोटे-बड़े लगभग 500 स्टेशनों को बहुत ही कम लागत पर ऑटोमेटेड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम से लैस किया जाएगा । इसके तहत् सीम कार्ड के माध्यम से इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्टेशनों पर स्क्रीन लगाया जाएगा जो क्रिस के सर्वर से रेल परिचालन से संबंधित संपूर्ण डाटा प्राप्त करेगा । इसके चालू हो जाने के बाद चार घंटे पूर्व से ही ट्रेनों के परिचालन से जुड़ी समस्त अद्यतन सूचनाएं स्क्रीन पर निरंतर स्वतः प्रदर्शित होती रहेंगी । इनमें ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय,



रनिंग स्टेटस के साथ-साथ कौन सी ट्रेन किस प्लेटफार्म पर आएगी ये सभी सूचनाएं यात्री प्लेटफार्म पर लगे स्क्रीन पर देख पाएंगे । अगर किसी तकनीकी कारणवश प्लेटफार्म में किसी प्रकार का बदलाव किया जाता है तो इसकी भी सूचना प्रदान की जाएगी । इसके द्वारा इंजन के बाद ट्रेन के कोच का क्रम भी देखा जा सकता है इससे यात्रियों को अपने-अपने कोच का सही क्रम पता लग पाएगा जिससे ट्रेन में चढ़ने में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी ।

# SSB जवान को कुचल पत्नी पर पलटा ट्रक, दोनों की मौत

निज संवाददाता। बेगूसराय

बेगूसराय में NH-31 फोरलेन पर आज दोपहर सड़क हादसा हुआ है। इसमें पति-पत्नी की मौत हो गई। दरअसल, यहां हाइवा और ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसकी चपेट में सड़क किनारे लगा बोलेरो भी आ गया। साथ ही यहां बाइक में हवा भरवा रहे SSB जवान की वाहन की ठोकर से मौत हो गई। जबकि, इनकी पत्नी के शरीर पर बालू लगा ट्रक पलट गया। इससे इनकी भी मौत हो गई। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के राजा पेट्रोल पंप बखड्डा के पास की है। मृतक की पहचान मुंगेर के बरियारपुर निवासी एसएसबी जवान सोनू कुमार (30) और उसकी पत्नी मौसम कुमारी (28) के रूप में की गई है।



**मौके पर पहुंची पुलिसः** फिलहाल, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस ने वाहन को जेसीबी से हटवाया। साथ ही शवों को बालू के नीचे से निकाला गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि सोनू आज अपने बाइक से ससुराल बहादुर नगर आ रहे थे। इसी दौरान राजा पेट्रोल पंप साहेबपुर कमाल के समीप बाइक में हवा डलवाने के लिए रुके हुए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद थानाध्यक्ष के सरकारी मोबाइल पर लगातार फोन किया गया। लेकिन उनका मोबाइल बंद था। इसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पत्रकार को दी। पत्रकार ने थानाध्यक्ष के पर्सनल नंबर पर घटना के संबंध में पूछा तो उन्होंने अनभिज्ञता जाहिर की।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 28-RI/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 21.08.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA/7 9/2 023-24 (2nd Call) | चिनियाँ मुख्य पथ रूपन उराँव के घर से लखुराम के घर तक पथ निर्माण कार्य। (2.900 कि0मी0) | 320.871 | तीन करोड़ बीस लाख सतासी हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/GARHWA/ 84/2 023-24 (2nd Call) | एन0एच0–343 मुख्य पथ से टोंगरी टोला होते हुए लोटो प्राथमिक विद्यालय तक पथ निर्माण। (2.270 कि0मी0) | 255.884 | दो करोड़ पचपन लाख अठासी हजार चार सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 24.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 29.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 31.08.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.333370 Rural Work Department(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं०–02,गढ़वा

ई–निविदा आमंत्रण सूचना दिनांक–22.08.2024
PR 331237 (Rural Development)24-25*D
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/06/2024-25/Gr.-03/RE(2nd Call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के केतार प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम–बनखेता और मोटंगवा के बीच में आदिवासी टोला में पण्डा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण। | 34949283.24 | 6,99,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 67.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–23.08.2024 से दिनांक–29.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–31.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा

PR 333394 Rural Development(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेनिंग सेशन के अभाव में पिछड़ जाते हैं छोटे शहरों के विद्यार्थी

**रांची, एजेंसी।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) रांची शाखा ने मई 2024 में उत्तीर्ण सीए के लिए आगामी कैंपस प्लेसमेंट को देखते हुए रांची शाखा भवन में ग्रुप डिस्कशन ऑफ मॉक इंटरव्यू का आयोजन किया. रांची शाखा की चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बाग्ला ने कहा कि सीए संस्थान हर साल नये उत्तीर्ण चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के लिए रांची सहित देश भर के प्रमुख शहरों में कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम का आयोजन करता है. इस कैंपस प्लेसमेंट में विभिन्न देशी, मल्टीनेशनल कंपनी, विभिन्न पीएसयू और फर्म अपने संस्थान के लिए ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू के माध्यम से चार्टर्ड एकाउंटेंट्स नियुक्त करते हैं. छोटे शहरों के विद्यार्थी इस तरह के ट्रेनिंग सेशन के अभाव में बड़े शहरों के विद्यार्थियों से पिछड़ जाते हैं. इस दौरान सीए शिवम ने नये सीए को महत्वपूर्ण टिप्स दिये.सेशन में सीए अभिनव शाह, आरके अग्रवाल, सीए साकेत मोदी, सीए शुभम मोदी, सीए सुमित अग्रवाल, सीए हरेंद्र भारती, सीए पंकज मक्कड़, सीए निशांत मोदी आदि उपस्थित थे. आयोजन में संयोजक सीए तनुज जालान और सह संयोजक सीए अंकित अग्रवाल की अहम भूमिका रही.

### आधा दर्जन दवा दुकानों का लाइसेंस निलंबित, एक का रद्द

**रांची, एजेंसी।** सहायक निदेशक औषधि प्रणव प्रभात ने राजधानी के करीब आधा दर्जन दवा दुकानों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है. वहीं, एक दवा दुकान का लाइसेंस रद्द किया गया है. इन दुकानों में दवा की बिक्री पर रोक लगा दी गयी है. साथ ही नजदीकी थाना को इस पर नजर रखने को कहा गया है. कुछ दुकानों का लाइसेंस पांच से 20 दिनों के लिए और एक दुकान का लाइसेंस अगले आदेश तक निलंबित किया गया है. दुकानों पर फार्मासिस्ट नहीं मिलने और शेड्यूल दवाओं की बिक्री और उपलब्धता का रजिस्टर नहीं मिलने पर उक्त कार्रवाई की गयी है. ज्ञात हो कि पूर्व में औषधि निरीक्षक ने उक्त दवा दुकानों की जांच की थी. इस दौरान औषधि नियमावली के नियम के तहत कई अनियमितताएं मिली थीं. तब सभी को नोटिस थमाते हुए जवाब मांगा गया था. लेकिन, संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उक्त कार्रवाई की गयी. आपको बता दें कि शहर में लगातार नशीली दवाओं की बिक्री की सूचना के बाद लगातार छापामारी की जा रही है. मेडिकल स्टोर संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह बिना फार्मासिस्ट के दवा की बिक्री नहीं कर सकते हैं. नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जायेगी. छोटानागपुर कॉन्वेंट स्कूल हेहल स्थित आरके एजेंसी, लालजी हिरजी रोड के हरे कृष्णा इंटरप्राइजेज, सिविल कोर्ट स्थित राहुल एजेंसी, कचहरी रोड स्थित मेसर्स राहुल एजेंसी, कचहरी रोड स्थित मेसर्स सत्यम फार्मा, शांति नगर मेन रोड स्थित मेसर्स अशोक फार्मा और एचसीजी हॉस्पिटल इरबा ओरमांझी के मेसर्स मेडलाइफ का लाइसेंस निलंबित किया गया है.

### अवैध कारोबार का रिकॉर्ड बना रही हेमंत सरकार : सुनील

**धनबाद, एजेंसी।** भाजपा धनबाद जिला महानगर के तत्वावधान में बुधवार को अग्रसेन भवन हीरापुर में युवा आक्रोश रैली योजना सह नव नियुक्त पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष सम्मान समारोह आयोजित किया गया. अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय व संचालन महानगर जिला महामंत्री मानस प्रसून ने किया. इस दौरान 23 अगस्त को रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में आहूत युवा आक्रोश रैली की तैयारियों की समीक्षा की गयी. वहीं धनबाद जिला महानगर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों व सभी सातों मंडल अध्यक्ष को सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि भाजपा धनबाद विधानसभा के प्रभारी सह गिरिडीह के पूर्व मेयर सुनील पासवान ने रैली की तैयारी की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये. उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पूरे राज्य में कोयला, लोहा व बालू चोरी समेत सभी अवैध कारोबार का रिकॉर्ड बना रही है. पांच लाख युवाओं को नौकरी व बेरोजगारी भत्ता का झूठा वादा कर सत्ता में आयी हेमंत सरकार से युवा निराश हैं. संचालन जिला महामंत्री मानस प्रसून व धन्यवाद ज्ञापन भाजयुमो जिलाध्यक्ष नित्यानंद मंडल ने किया. मौके पर रमेश राही, वीरेंद्र हांसदा, फूल जोशी, विभा रानी सिंह, रीता प्रसाद, पंकज सिन्हा, अभिमन्यु कुमार, नरेंद्र त्रिवेदी, किशोर मंडल, सूरज पासवान, राजाराम दत्ता, संजय कुशवाहा, मनोज सिंह, सन्नी रवानी, कृष्णा राउत, मुकेश पांडे, जवाहर पांडे, मुकेश सिंह, तमाल राय व रवि मिश्रा आदि थे.विधायक राज सिन्हा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार प्रदेश के विकास के बजाय अपने परिवार के विकास में लगी है. इस सरकार के भाषण और शासन में अंतर है.

# शर्त पूरी करो, मुफ्त बालू ले जाओ, 20 ट्रैक्टर फ्री रेत के लिए धड़ाधड़ हो रहे आवेदन



**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की घोषणा के बाद मुफ्त के बालू के लिए सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आवेदन करना शुरू कर दिया है। आनलाइन आवेदनों की संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। इसमें सर्वाधिक आवेदन देवघर एवं सरायकेला जिलों से प्राप्त हुआ है।

खान विभाग के अधीन कार्यरत झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) को बालू के स्टाक और वितरण के लिए एजेंसी के तौर पर मान्यता दी गई है। जेएसएमडीसी के अनुसार पिछले एक सप्ताह में आवेदनों की रफ्तार बढ़ी है। निगम ने अपने अधिकृत साइट पर लाभुकों के लिए आधार को परिभाषित किया है और बताया है कि कैसे लोगों को मुफ्त बालू मिल सकेगा।

निगम के अनुसार मुफ्त बालू के लिए लाभुक का गैर आयकर दाता होना जरूरी है। उसे इसके लिए किसी प्रकार का प्रमाण दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी बल्कि अपने पैन कार्ड की छायाप्रति जमा करानी होगी। आवेदक आयकर दाता नहीं है एवं जिस किसी कार्य के लिए बालू ले रहा है, उसकी जानकारी देते हुए स्वघोषणा पत्र दाखिल करना होगा। विभाग ने तमाम बातों की जानकारी जेएसएमडीसी के पोर्टल पर दी है।

निगम से लाभुकों को बालू के एवज में एक भी पैसा नहीं लिया जाएगा लेकिन इसकी ढुलाई के लिए खुद इंतजाम करना होगा। एक लाभुक को अधिकतम 2000 सीएफटी बालू मिलेगा यानि कि लगभग 20 ट्रैक्टर बालू मुफ्त मिलेगा। वर्तमान में एक ट्रैक्टर बालू की कीमत बाजार में तीन से चार हजार रुपये तक वसूली जा रही है। इस प्रकार अधिकतम 80 हजार रुपये तक का बालू मुफ्त मिलेगा।

क्रेता को अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हुए बालू की आनलाइन बुकिंग करनी है। अपना व्यक्तिगत आधार और पैन (वैकल्पिक) को स्व अभिप्रमाणित करके साइट पर अपलोड करना होगा इसके साथ ही बालू उपयोग करने का पूरा पता और उद्देश्य की भी जानकारी देनी होगी। इस संदर्भ में क्रेता की ओर से दायर स्वघोषणा को स्वीकार किया जाएगा। इसके बाद क्रेता संबंधित स्टाकयार्ड से बालू की बुकिंग कर सकते हैं।मुफ्त बालू प्राप्त करने की यह योजना केवल गैर आयकर दाताओं के लिए है। यह भी अनिवार्य है कि बालू का उठाव करनेवाला क्रेता थोक अथवा खुदरा बालू की बिक्री से जुड़ा अधिकृत डीलर ना हो। यह बालू लाभुकों को केवल अपने व्यक्तिगत उपयोग के लिए दिए जाने का प्रविधान किया गया है। एक अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक मुफ्त बालू देने की योजना है।

जेएसएमडीसी के अनुसार कई लोग बिना वाहन के ही बालू लेने आ जा रहे हैं। उन्हें यह लग रहा है कि मुफ्त में बालू उनके घर पर पहुंचाया जाएगा। जबकि ऐसी बात नहीं है। बालू मुफ्त में जरूर है, परिवहन का इंतजाम लाभुक को स्वयं ही करना होगा। इसी तरह से लगभग 7550 सीएफटी बालू का उठाव हो चुका है।

## भाजपा संग मिलकर झारखंड में विस चुनाव लड़ेगा जदयू, सरयू होंगे जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी : अशोक चौधरी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी ने कहा- आने वाले झारखंड विस चुनाव में जदयू भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। विधायक सरयू राय जमशेदपुर पूर्वी विस क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी होंगे। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने बुधवार को माइकल जॉन प्रेक्षागृह में आयोजित जदयू के मिलन समारोह में यह घोषणा की। सरयू के जदयू के शामिल होने के बाद बुधवार को पहली बार शहर में जदयू का सम्मेलन हुआ। इसमें प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो समेत कई नेताओं ने शिरकत की।

अशोक चौधरी ने कहा- जदयू एनडीए का घटक दल है। केंद्र व बिहार में भाजपा-जदयू मिलकर सरकार चला रहे हैं। 2019 में जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय सरयू राय ने बड़े अंतर से चुनाव जीता था। इस बार भी वे (सरयू) चुनाव जीतेंगे। झारखंड में भाजपा के साथ सीटों को लेकर जल्द नीतीश कुमार बातचीत करेंगे। झारखंड में इंडी सरकार का पतन आने वाले दिनों में होगा।

झारखंड में जदयू को फिर से निर्णायक भूमिका में लाएंगे -सरयू

सरयू राय ने कहा- बिहार बंटवारे के बाद जब झारखंड बना तो नीतीश कुमार की अहम भूमिका थी। उसी भूमिका को फिर से झारखंड में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू को लाने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड में आने वाले दिनों में एनडीए की सरकार बने, इसके लिए अभी से एनडीए के घटक दल एकजुट होकर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं।

## नीतीश कुमार करेंगे सरयू राय के भाग्य का फैसला ! बिहार सीएम के खास सिपहसलार ने बताया पूरा प्लान





**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के जमशेदपुर में जदयू का मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बिहार सरकार में मंत्री और नीतीश कुमार के खास सिपहसलार डॉ. अशोक चौधरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

पार्टी में कुछ ही दिनों पूर्व शामिल हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय भी विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। सरयू राय के जदयू में शामिल होने के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने जदयू का दामन भी थामा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि विधायक सरयू राय पार्टी सुप्रीमो नीतीश कुमार के अच्छे मित्र है। बिहार में जब जंगलराज के खिलाफ नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उस वक्त भी सरयू राय ने अपने मित्र का काफी सहयोग किया था।

अशोक चौधरी ने कहा कि बीते झारखंड विधानसभा चुनाव में विधायक सरयू राय ने जितने वोटों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे जीत दर्ज की थी। इस बार एनडीए के प्रत्याशी के रूप में वे दो गुना से अधिक वोटों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार एनडीए का परचम लहरायेगा। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने इस बार किस सीट से चुनाव लड़ने के सवाल चौधरी का कहना था कि इसपर पार्टी आलाकमान यानी नीतीश कुमार फैसला लेंगे।चौधरी ने कहा कि जदयू और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व इसपर बैठक कर फैसला लेंगे। पार्टी द्वारा जो निर्णय लिया जायेगा, उसी के आधार पर वे आगे कार्य करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद झारखंड सरकार लगायेगी खनिज भूमि पर सेस, रूल तैयार



**रांची , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राज्य सरकार खदानों की भूमि पर सेस लगाने जा रही है. इससे करीब 2000 करोड़ रुपये सालाना अतिरिक्त राजस्व की वसूली होगी. खान विभाग द्वारा बनाये गये इस विधेयक को विधानसभा के मॉनसून सत्र से पारित किया जा चुका है. झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को अब राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजा जायेगा. इसी बीच विधेयक के पारित होने के बाद खान विभाग द्वारा इसका रूल तैयार किया गया है. रूल का प्रस्ताव अब अगली कैबिनेट की बैठक में रखा जायेगा. कैबिनेट अनुमोदन के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंजूरी दे दी है.

सुप्रीम कोर्ट के 25 जुलाई 2024 के फैसले में राज्यों को खनिजों वाली जमीन पर उपकर (सेस) लगाने का अधिकार दिया. इसके बाद ही सरकार ने तुरंत ही विधेयक तैयार करके मॉनसून सत्र में इसे पारित करा लिया. अब इसे कैबिनेट में भेजा जा रहा है. इसमें यह कहा गया कि सेस से मिलनेवाली राशि राज्य के विकास पर खर्च की जायेगी. सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सेवाएं, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल स्वच्छता सहित अन्य प्रकार की सेवाओं पर खर्च की जायेगी. सेस की राशि खान भूतत्व विभाग के माध्यम से वसूली जायेगी.

**1.36 लाख करोड़ रुपये की वसूली के लिए केंद्र को भेजा जायेगा पत्र :** इसी मामले की सुनवाई की अगली कड़ी में सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त 2024 को राज्यों का एक अप्रैल 2005 के बाद से केंद्र सरकार, खनन कंपनियों से खनिज संपन्न भूमि पर रॉयल्टी का पिछला बकाया वसूलने की अनुमति दे दी. कोर्ट ने कहा था कि केंद्र, खनन कंपनियों द्वारा खनिज संपन्न राज्यों को बकाये का भुगतान अगले 12 वर्ष में क्रमबद्ध तरीके से किया जा सकता है. वहीं, कोर्ट ने खनिज संपन्न राज्यों को रॉयल्टी के बकाये के भुगतान पर कोई जुर्माना न लगाने का निर्देश दिया था.

राज्य सरकार ने बकाये का आकलन किया है. आकलन के अनुसार, राज्य को एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया मिलेगा. 12 साल में चरणबद्ध तरीके से यह भुगतान होगा. इसमें झारखंड में कार्यरत कोल कंपनियों सीसीएलस, बीसीसीएल और इसीएल पर राज्य सरकार का विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपये बकाया है. बताया गया कि माडा, भू-राजस्व विभाग व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बकाये की मांग करेंगे.

## झारखंड में आतंकी संगठन से जुड़े 7 संदिग्ध हिरासत में, एटीएस ने कसा शिकंजा, कई हथियार भी बरामद



**रांची, एजेंसी।** झारखंड पुलिस की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने रांची, लोहरदगा व हजारीबाग जिले के 14 ठिकानों पर छापेमारी में सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनपर आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कांटिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने का आरोप है।

जिन्हें हिरासत में लिया गया है, उनमें हजारीबाग के पेलावल से एक, लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र के हेंजला से एक और रांची के चान्हो, इटकी आदि क्षेत्रों से पांच संदिग्ध युवक शामिल हैं। एटीएस सभी सातों संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।इस छापेमारी में एटीएस को कुछ हथियार भी मिले हैं। उनकी योजना क्या थी, कब से और किसके संपर्क में थे, इसपर एटीएस के अधिकारी जानकारी ले रहे हैं। एटीएस को सूचना है कि अलकायदा इंडियन सब कांटिनेंट अंसारूल्लाह बांग्ला टीम के साथ इस्लामिक राज्य बनाने की फिराक में है। इसके लिए लगातार प्रयास कर रहा है। पूर्व में रांची व लोहरदगा का कुछ क्षेत्र आतंकियों के स्लीपर सेल को पनाह देने के लिए कुख्यात रहा है। पूर्व में चान्हों में आतंकी अब्दुल रहमान कतकी की सभा होने की भी जानकारी सामने आ चुकी है।

गत वर्ष लोहरदगा से आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया (आइएसआइएस) के आतंकी फैजान उर्फ फैज की गिरफ्तारी हुई थी। 19 साल के इस फैजान का संपर्क आइएसआइएस के विदेशी संचालकों से था। ये भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बना रहे थे। ये इंटरनेट मीडिया,फेसबुक आदि पर आतंकी गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कर रहे थे और भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए प्रयासरत थे। बाद में इस मामले में देश के अलग-अलग हिस्सों से आधा दर्जन से अधिक आतंकी गिरफ्तार किए गए थे।

2019 में आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े आतंकी मौलाना मोहम्मद कलीमुद्दीन मुजाहिरी को भी झारखंड एटीएस ने पकड़ा था। वह अलकायदा के पूर्व में गिरफ्तार आतंकियों मोहम्मद अब्दुल रहमान अली खान उर्फ हैदर उर्फ मसूद उर्फ कटकी, जीशान हैदर और अब्दुल समी उर्फ उजैर उर्फ हसन का सहयोगी था।

## रांची सहित कई जिलों में भारी बारिश : 14 जिलों में बारिश का दिखेगा असर, 27 अगस्त तक मध्यम दर्जे की बारिश



**रांची, एजेंसी।** आज राज्य के 14 जिलों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जारी रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के दक्षिणी, मध्य और संथाल परगना के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इस तरह भारी बारिश के दायरे में रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़ और साहेबगंज जिले आ रहे हैं।

**देर शाम कई जिलों में हुई बारिश :** राजधानी रांची सहित राज्य के कई जिलों में देर शाम बारिश हुई। सिमडेगा जिले के बानो में 79.2 मिमी बारिश हुई। इसके अतिरिक्त चाईबासा, चतरा, बोकारो, धनबाद और गिरिडीह जिले में बारिश हुई है। अचानक हुई बारिश का असर शहरी इलाकों में देखने को मिला। कई मोहल्लों में बारिश का पानी घुस गया।

**ऐसा है मौसम का पूर्वानुमान :** वहीं मौसम पूर्वानुमान की बात करें तो 23 अगस्त को देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, पलामू, गढ़वा, चतरा, रांची और बोकारो में बारिश होगी। इस दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इसी तरह 24 अगस्त को पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार तथा लोहरदगा में भारी से भारी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान आकाशीय बिजली भी गिर सकता है। इन्हीं क्षेत्रों में 25 अगस्त को भी बारिश का पूर्वानुमान है।

**कहीं मौसम है साफ तो कहीं बादल छाए :** आज राज्य के अलग-अलग जिलों में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। संथाल परगना के जामताड़ा जिले में मौसम साफ है। वहां धूप निकली हुई है। जबकि जामताड़ा से सटे दुमका-देवघर इलाके में बादल छाए हुए हैं। आज यहां बारिश की संभावना जताई गई है।

राजधानी रांची में ठंडी हवा के बीच आसमान बादलों से ढका हुआ है। जमशेदपुर में भी हल्के बादल छाए हुए हैं। जबकि पश्चिमी सिंहभूम जिले में मौसम साफ है। हल्की-हल्की हवा चल रही है। हर दिन की तरह दोपहर बाद बारिश की संभावना है।

# भारत का वर्तमान में जीडीपी 3.8 ट्रिलियन, आर्थिक ताकत से ही दुनिया में बन सकता अलग स्थान : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश

**चतरा, एजेंसी।** आर्थिक ताकत से ही दुनियां भर में भारत एक अलग स्थान बना सकता है। सभी समस्याओं का समाधान आर्थिक विकास से हल किया जा हसकता है, चाहे रोजगार की समस्या हो या अन्य। भारत का जीडीपी काफी तेजी बढ़ रहा है। इसी अनुपात से जीडीपी बढ़ता रहा तो वर्ष 2075 में भारत अमेरिका को पछाड़ देगा। उक्त बातें द प्रेस क्लब चतरा की ओर से डीएमएफटी प्रशिक्षण भवन में भावी दुनियां में भारत विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत का वर्तमान में जीडीपी 3.8 ट्रिलियन है। जबकि अमेरिका का 27 एवं चीन का 18 है। उन्होंने कहा कि यदि कोरोना महामारी नहीं आता तो भारत का जीडीपी काफी तेजी बढ़ता। भारत में एक दिन 220 करोड़ का वैक्सीन लगाया गया। इस मामले में भारत की क्षमता अन्य देशों की तुलना बेहतर था। उन्होंने कहा कि पीएम का कहना है कि हर साल दो ग्राम पंचायत को विकसित किया जाए तो आने वाले समय में भारत विश्व में विकासशील देशों में अग्रणी होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान हर घर से चले। ग्राम से लेकर पंचायत और जिला तक इस अभियान को चला कर नई इतिहास लिख सकते हैं।

उन्होंने कहा कि देश आर्थिक स्थिति से मजबूत हो रहा है। अब भारत में मेक इन इंडिया के तहत हथियार भी निर्माण किया जा रहा है। पहले भारत दूसरें देशों से हथियार खरीदती थी। अब खुद निर्मित कर दूसरे देशों से सथियार बेच रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में भारत हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए योजना बना कर काम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि चिन ने 100 साल की योजना बनाई थी। आज पूरे विश्व में उनका रुतबा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में कोई भी रहे,पर हमारा लक्ष्य और मकसद एक होना चाहिए।



टेक्नोलॉजी के युग में सृजित हो रहे हैं रोजगार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि देश काफी तेजी से बदल रहा है। अब टेक्नोलॉजी का युग आ गया है। टेक्नोलॉजी के इस युग में रोजगार के नए-नए साधन बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग काफी कम संसाधन में काम करते थे। अब संसाधन के साथ-साथ विकास की किरणें गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछा है।

लोगों के पास सुख सुविधा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य की दुनिया में भारत की पकड़ भी मजबूत होगी। इससे पहले उन्होंने शहीदों की धरती चतरा आगमन के लिए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का स्वागत करते हुए कहा कि पत्रकारिता जगत से जीवन की शुरुआत करने वाले हरिवंश जी ने राजनीति के क्षेत्र में भी एक नया आयाम स्थापित किया है। कार्यक्रम में मंच का संचालन नौशाद आलम ने की।भावी दुनिया में भारत। विषय ही काफी व्यापक है। यू तो कालांतर से ही हमारा देश भारत, पुरे विश्व में अपनी धार्मिक, राजनीतिक, समाजिक व शैक्षणिक उन्नति से दुनियां के लोगों को अचंभित करता रहा है। उक्त बातें सांसद कालीचरण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है। देश दुनिया पर रिसर्च कर रहे कई लोगों का मानना है कि भारत का भविष्य सकारात्मक है। कुछ लोगों का मानना है कि भारत 2020 के अंत में जापान से आगे निकलकर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन सकता है।

वहीं, कुछ का मानना है कि भारत 2030 तक दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन सकता है। जिस तेजी से भारत विकास की राह पर बढ़ चला है, अपना देश 2047 तक विकसित देश की श्रेणी में लाकर खड़ा हो जाएगा। भारत अगले दशक में हर साल 8 प्रतिशत जीडीपी बढ़ोतरी हासिल करना चाहती है और 2047 तक भारत की जीडीपी को 19 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है। साल 2047 अपने देश का साक्षरता दर 77.8 प्रतिशत से बढ़कर 89.8 प्रतिशत हो जाएगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी रमेश घोलप ने कहा कि चिराग से तासिर रखिए यह ना सोचिए कि घर किसका रौशन हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को ऐसा कुछ काम करना चाहिए जिसका लाभ समाज के अन्य लोगों को भी मिल सके। हम सभी के सामूहिक प्रयास से ही समाज व देश में बदलाव लाया जा सकता है।डीसी ने कहा किचतरा में वरिष्ठ पत्रकार, चिंतक व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का व्याख्यान कार्यक्रम होना चतरा के लिए गर्व की बात है। समाज का हर तबका इन्हें पढ़ता और देखता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंडक नदी के डिस्चार्ज में उतार-चढ़ाव से ठोकरों पर खतरा

**कुशीनगर , एजेंसी।** गंडक नदी के डिस्चार्ज में लगातार उतार-चढ़ाव से विरवट कोन्हवलिया में कट एंड टू बांध के पास के ठोकर निशाने पर हैं। नरवाजोत सहित अन्य ठोकरों एवं तटबंधों पर दबाव बना हुआ है। नदी के रुख ने बाढ़ खंड के अभियंताओं को भी सतर्क कर दिया है। बुधवार को तीन बजे बाढ़ खंड के एक्सईएन व एसडीओ ने अन्य अभियंताओं के साथ तटबंधों का जायजा लिया और विशेष सतर्कता बरतने के साथ जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया।

गंडक नदी के डिस्चार्ज में लगातार उतार-चढ़ाव बने रहने से नरवाजोत से लगायत अहिरौलीदान तक के अधिकांश ठोकरों व तटबंधों पर कटान का खतरा बना हुआ है। सबसे ज्यादा विकट स्थिति विरवट कोन्हवलिया में ठोकर नंबर चार (कट एंड टू बांध) की है, जहां विगत दिनों में नदी तांडव मचा चुकी है। इसके बाद कटान के जद में आए ठोकरों व तटबंधों पर विभाग द्वारा बोल्डर की डंपिंग करानी पड़ी थी। यहां डिस्चार्ज बढ़ने से फिर ठोकर निशाने पर आ गए हैं। यही हाल नरवाजोत में किमी 1.700 पर निर्मित ठोकर और उसके अप एंड डाउन स्ट्रीम का है। नदी ठोकर से टकराने लगी है। यही नहीं, एपी बांध के किमी 1.400, किमी 2.800, किमी 3.050, किमी 3.500, किमी 4.500, किमी 7.000, किमी 10.518 और किमी 14.500 पर स्थित ठोकरों व तटबंधों पर भी दबाव बना हुआ और नदी की धारा ठोकरों व तटबंधों से टकरा कर बह रही है, जो उनकी सुरक्षा के लिए कभी भी खतरनाक साबित हो सकता है।

### आरक्षण को लेकर सड़क पर बसपा, तीन घंटे प्रदर्शन

**बाराबंकी।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए आदेश के विरोध में बुधवार को प्रस्तावित भारत बंद को लेकर बसपा के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे। इस दौरान बंद का समर्थन करते हुए भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी व गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने अलग अलग स्थानों पर रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक लोग जाम से परेशान रहे। कांग्रेस व सपा ने भी इसका समर्थन किया। एससी-एसटी वर्गो में उपवर्गीकरण करने, क्रीमीलेयर लागू करने समेत अन्य मामलों को लेकर बसपा ने भारत बंद का आयोजन किया था। लेकिन शहर से लेकर गांव तक इसका कोई असर नहीं दिखा। दुकानें व बाजार पूरी तरह खुले रहे। बुधवार सुबह इसे लेकर बसपा जिलाध्यक्ष केके रावत के नेतृत्व में बड़ेल स्थित जिला कार्यालय से झंडा व हाथों में नारे लिखी तख्तियां लिए बसपा कार्यकर्ता निकल पड़े। कार्यकर्ता नाका चौराहा पहुंचे। यहां पर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्य मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

### दो दिन बंद रहेंगे जिले में कक्षा 1 से 12वीं तक के विद्यालय

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 23 और 24 अगस्त को कक्षा 1 से लेकर 12वीं के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। ये आदेश डीएम कृष्णा करुणेश ने जारी किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ऑफलाइन लिखित परीक्षा 23, 24 और 25 अगस्त होनी है। इसके अलावा 26 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व है। ऐसे में शहर में परीक्षा देने आने वाले और शहरवासियों को ट्रैफिक व अन्य दिक्कतों का सामना न उठाना पड़े, इसे देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। इसे देखते हुए 23 और 124 अगस्त को सभी विद्यालय बंद रहेंगे।

### पारिवारिक कलह में हुआ विवाद, मझले भाई ने बड़े भाई की रॉड से पीटकर की हत्या

**देवरिया , एजेंसी।** मलघोट बीरैचा गांव में एक मझले भाई ने अपने भाई की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी नशे में धुत बताया जा रहा था। मृतक, पथरदेवा विकास खंड के रामपुर शुक्ल गांव में सफाईकर्मी के पद पर तैनात था। घटना बुधवार देर रात की है। पहले घर की महिलाओं के बीच कहासुनी हुई और बात बढ़ गई। हत्या की सूचना पर मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# संघ ने संभाली चुनावी कमान, उपचुनाव में भाजपा के साथ जुटेंगे आरएसएस कार्यकर्ता




**लखनऊ , एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद से ही भाजपा के भीतर मचे घमासान को थामने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने अब कमान संभाल ली है। इसी कड़ी में बुधवार को मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ और संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार की मौजूदगी में सरकार, संघ और भाजपा संगठन के बीच समन्वय को लेकर एक बड़ी बैठक हुई। जिसमें सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय के साथ ही उप चुनाव की रणनीति, निकायों और बोर्डों में पार्टी पदाधिकारियों की नियुक्ति समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में तय हुआ है कि उप चुनाव में भाजपा के साथ संघ कार्यकर्ताओं को भी तैयारियों में भागीदार बनाया जाए।

सूत्रों के मुतबिक सीएम आवास पर करीब ढाई घंटे तक हुई बैठक में सबसे अधिक चर्चा सरकार और संगठन के कद को लेकर छिड़ी रार को लेकर हुई। संघ की ओर से इस बात पर चिंता जताई जताई गई कि अगर यही स्थिति रही तो आगे के सियासी सफर में सबसे अधिक नुकसान भाजपा को उठाना पड़ सकता है। सूत्रों का कहना है कि संघ ने नेताओं को ऐसी स्थिति से बचने की सलाह दी है। बैठक में उप चुनाव के साथ ही सरकार और संगठन के आपसी समन्वय पर खास चर्चा हुई और यह कहा गया है कि पार्टी के सभी बड़े नेताओं की यह जिम्मेदारी है कि यदि कहीं पर आपसी मतभेद या मनभेद की स्थिति हो तो उसे आमने-सामने बैठकर समाधान कर लिया जाए। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल रायबरेली रोड स्थित प्रकृति सदन भी गए थे. जहां पर क्षेत्र प्रचारक अनिल कुमार के साथ बैठक करके सीएम आवास पर होने वाली बैठक के संबंध में चर्चा की।बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक के अलावा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल, क्षेत्र प्रचारक पूर्वी अनिल कुमार और क्षेत्र प्रचारक पश्चिमी महेन्द्र भी मौजूद रहे।

### मतदाता सूची, संवाद व बूथ प्रबंधन पर फोकस

सूत्रों के मुताबिक बैठक में उप चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। खास तौर से बूथ प्रबंधन को और मजबूत करते हुए बूथवार छोटी-छोटी बैठकें करके जनता के बीच लगातार संवाद करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

कहा गया है कि विपक्ष द्वारा आरक्षण और संविधान को लेकर बनाए जा रहे नेरेटिव को खत्म करने के लिए लोगों के बीच सच्चाई रखने को कहा गया है। बैठक में यह भी तय किया गया है कि विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे पीडीए के भ्रमजाल को तोड़ने के लिए भी बूथवार हर समाज के लोगों को जोड़कर जनता के बीच सरकार और पार्टी के नजरिए को रखें। बैठक में यह भी तय किया गया है कि सदस्यता अभियान में पिछड़े और दलित समाज के लोगों को जोड़ा जाए।

### निगम-बोर्डों में पुराने कार्यकर्ताओं को तरजीह

सूत्रों का कहना है कि बैठक में यह भी तय किया गया है कि इस बार विभिन्न निकायों और बोर्डों में रिक्त पदों पर समायोजन में पार्टी के कॉडर वाले व पुराने कार्यकर्ताओं को ही तरजीह दी जाएगी। पिछले दिनों जिलों और क्षेत्रीय संगठन से जो नाम भेजे गए हैं, उनमें से पार्टी के लिए वर्षों से जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को ही प्राथमिकता दिए जाने की बात हुई है। जो लोग दूसरे दलों से आएं हैं, उन्हे बाद में समायोजित किया जाएगा।

### कार्यकर्ताओं के असंतोष पर भी हुई चर्चा

बैठक में माना गया है कि जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच पनपे असंतोष और उपेक्षा के कारण भी लोकसभा चुनाव में भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा है। इसलिए आगे से पुराने और कॉडर वाले कार्यकर्ताओं के सम्मान का ख्याल रखा जाए। उनकी उपेक्षा की शिकायतों को दूर किया जाए। नौकरशाही के मनमाने व्यवहार को लेकर भी बैठक में कहा गया कि जिला स्तर पर पार्टी पदाधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों बीच बेहतर समन्वय से जनता के काम कराने की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए।

## रिटायर्ड फौजी की क्रूरता, पिस्टल से नाबालिग बेटे का सीना कर दिया छलनी; घटना से दहशत में पूरा परिवार

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बुधवार शाम को घर में सेवानिवृत्त फौजी धीरज गुर्जर ने 16 वर्षीय बेटे विवेक की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि पिता नशे में था। घरवालों को गाली दे रहा था। बेटे ने ऊंची आवाज में बोलने से मना किया। घर के अंदर जाने के लिए कहा था। आरोपी फरार है। उसकी तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। घटना सदर थाना क्षेत्र के राजपुर चुंगी स्थित उखर्रा की है।

एसीपी सदर डॉ. सुकन्या शर्मा ने बताया कि धीरज शराब पीने का आदी है। बुधवार सुबह भी शराब पीकर आया था। इस बात पर घर में झगड़ा हो गया। शाम को 7 बजे भी गाली दे रहा था। उस समय बेटा विवेक भैंस को सानी लगा रहा था। उसने पिता को गाली देने से मना किया। कहा कि घर के अंदर जाओ। यहां पर सब लोग देख रहे हैं। इस पर वो और गाली देने लगा। बेटा तेज आवाज में पिता को बोलने लगा।

इससे धीरज इतना नाराज हुआ कि वह घर के अंदर से लाइसेंस पिस्टल ले आया। विवेक को अंदाजा नहीं था कि पिता गोली चला देगा। विवेक के सीने में गोली लगी। वह गिर पड़ा। आवाज सुनकर मां सुधा और छोटा भाई नितिन आ गए। वह विवेक को उठाने के लिए दौड़े। उधर, धीरज भाग निकला। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। विवेक को एसएन मेडिकल कॉलेज लेकर आए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**कक्षा नौ का छात्र था विवेक:** विवेक कक्षा नौ का छात्र था। पिता की जगह घर के कामकाज वही संभालता था। पिता से बेहद प्यार करता था। मगर, किसी को क्या पता था, जिसको वह प्यार करता है, वही एक दिन उसकी जान भी ले लेगा। परिवार के लोग पिता को कोस रहे थे। कह रहे थे कि बेटा तो सिर्फ समझा रहा था। उसकी जान क्यों ले ली? जीते जी अपने जिगर के टुकड़े को मौत की नींद सुला दिया। आरोपी पिता अपने साथ पिस्टल भी ले गया है। पुलिस ने घर से एक और लाइसेंस दोनाली भी बरामद की है। बेटे की मौत से मां का हाल बेहाल है। वह रोये जा रही थीं। उन्हें परिवार के लोग किसी तरह संभाल रहे हैं।

**आरोपी की तलाश में खंगाले कैमरे:** पुलिस को आशंका था कि आरोपी धीरज ज्यादा दूर नहीं गया होगा। वह आसपास ही पुलिस की गतिविधि पर नजर रख रहा होगा। इसलिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसमें वो जाता हुआ नजर आया है। हालांकि उसके बारे में परिचितों से भी जानकारी जुटाई जा रही थी।

### रुपये लेने के बाद भी शादी में नहीं भेजा बैंड, मामला पहुंचा कोर्ट; केस दर्ज करने के आदेश



**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में रुपये लेने के बाद भी शादी में बैंड नहीं भेजने पर युवक ने अमानत में खयानत, धोखाधड़ी व अन्य आरोपों में केस दर्ज कराने के लिए अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। एसीजेएम-2 बटेश्वर कुमार ने मलपुरा थानाध्यक्ष को आरोपी प्रिंस बैंड के प्रोपराइटर व अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए। न्यू आगरा के नगला बूढ़ी निवासी प्रदीप कुमार ने अदालत में प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया। आरोप लगाया कि 28 नवंबर 2023 को उनकी शादी थी। 11 जून 2023 को पिता कैलाश और मामा ने शाहगंज में प्रिंस बैंड 25 हजार रुपये में बुक किया था। एडवांस में 5000 रुपये दिए थे। रसीद उनके पास है। 28 को घुड़चढ़ी के दौरान बैंड नहीं आया। 10 हजार रुपये देकर दूसरा बैंड बुलाना पड़ा।

शिकायत करने पर संचालक ने शादी में समय से आने का भरोसा दिलाया। वहां भी नहीं पहुंचा। फोन करने पर प्रोपराइटर और ब्रजेश चौधरी मौके पर पहुंचे। बकाया 20 हजार रुपये लेकर मलपुरा नहर से जल्दी बैंड भेजने के लिए बोलकर चले गए। मगर, बैंड नहीं आया। मजबूरी में धनौली से 35 हजार में बैंड बुलाकर बरात की चढ़ाई करानी पड़ी। रुपयों की वापस मांग करने पर गाली-गलौज की।

## सरकारी नौकरी : शिक्षा विभाग में लिपिक-आशुलिपिक के 990 पदों पर होगी भर्ती

### बेसिक शिक्षा ने आयोग को भेजा अधियाचन




**प्रयागराज, एजेंसी।** बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग में लिपिक (कनिष्ठ सहायक) और आशुलिपिक के 990 पदों पर भर्ती होगी। इसके लिए बेसिक शिक्षा निदेशालय से आयोग को ऑनलाइन अधियाचन भेज दिया गया है। इसी के साथ ही खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के 34 पदों पर भी भर्ती के लिए अधियाचन भेजा गया है। इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया आने वाले महीनों में आयोग से पूरी की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों, डीआईओएस कार्यालयों, राजकीय इंटर कालेजों और बीएसए कार्यालयों में कनिष्ठ सहायक के 3197 पद सृजित हैं। इन पदों के सापेक्ष प्रदेश भर में 1682 पद भरे और 1515 खाली हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष 875 पदों का अधियाचन बेसिक शिक्षा निदेशालय में तैयार हो गया है। ऐसे ही प्रदेशभर में आशुलिपिक के 163 पद सृजित हैं।

उसमें से 22 पदों पर ही कर्मचारी तैनात हैं और 141 रिक्त हैं। रिक्त पदों के सापेक्ष 115 पदों का अधियाचन तैयार हो गया है। इन पदों का अधियाचन अपर निदेशक बेसिक कामता राम पाल ने आयोग को ऑनलाइन भेज दिया है। इन पदों पर भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) से होगी। इसके अलावा प्रदेश में बीईओ के 1031 पद सृजित हैं। उसके सापेक्ष 997 पद भरे और 34 रिक्त हैं। इन रिक्त पदों का ऑनलाइन अधियाचन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को भेजा गया है।

## झोलाछाप की दुकान में भर्ती मिली गर्भवती, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कराई बंद; थमाया नोटिस



**आगरा , एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के शमसाबाद कस्बा में एक झोलाछाप की दुकान पर बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा। जहां गर्भवती भर्ती मिली। टीम देख स्टाफ भाग निकला। संचालक कोई अभिलेख नहीं दिखा सका। झोलाछाप की दुकान बंद कराकर टीम ने नोटिस थमा दिया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को शमसाबाद कस्बा स्थित न्यू राधिका हॉस्पिटल पर छापा मारा। एसीएमओ डॉ. जितेंद्र कुमार लवानियां ने बताया कि मौके पर कोई डॉक्टर नहीं मिला। पैरामेडिकल स्टॉफ भी नहीं था। एसीएमओ ने बताया कि संचालक भूपेंद्र कुमार हैं। वह कोई अभिलेख नहीं दिखा सके।

भर्ती गर्भवती को सीएचसी रेफर कर दिया गया। दुकान में ताला बंद कर नोटिस दिया गया। वहीं बगल में संचालित पैथोलॉजी फोन करके सैंपल के लिए राधिका हॉस्पिटल बुलाया गया। जब वह सैंपल लेने के लिए आया तो स्वास्थ्य विभाग की टीम को देखकर भाग गया। टीम को लैब में जांच की मशीन लगी हुई थी। वहां भी कोई स्टाफ नहीं मिला। दोनों के खिलाफ थाना शमसाबाद में केस दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

### प्रतियोगी छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, कमरे में नहीं मिला कोई सुसाइट नोट, छानबीन में जुटी पुलिस

**प्रयागराज , एजेंसी।** कटरा के नेतराम चौराहे के पास रहने वाली एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

गाजीपुर जिले के मरदा थाना क्षेत्र के पठानपुर गांव की रहने वाली अशीफा (24) कटरा के नेतराम चौराहे के पास किराए पर कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य संकलित किया। कमरे में मिले बैग से कुछ पैसे और की पैड का मोबाइल मिला। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दे दी गई है। छात्रा ने आत्महत्या क्यों किया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## मंदिर निर्माण का 85 फीसदी काम पूरा, शिखर बनाने को जयपुर से आएंगे कारीगर



**अयोध्या , एजेंसी।** राम मंदिर निर्माण का 85 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राम मंदिर निर्माण के दूसरे चरण में द्वितीय तल का निर्माण किया जा रहा है, शिखर का निर्माण वैसे तो शुरू हो चुका है लेकिन शिखर के मुख्य कार्य व नक्काशी आदि के लिए विशेष कारीगरों को बुलाया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण की कार्यदायी संस्था एलएंडटी जयपुर व राजस्थान के 24 कारीगरों के संपर्क में है जो शिखर निर्माण के विशेषज्ञ कारीगर माने जाते हैं। माना जा रहा है कि सितंबर माह के पहले सप्ताह में ये कारीगर अयोध्या पहुंच जाएंगे। शिखर समेत राम मंदिर की कुल ऊंचाई 161 फीट होगी। राम मंदिर के प्रथम तल का काम पूरा हो चुका है जबकि दूसरे तल के स्तंभ भी 15 फीट की ऊंचाई तक पहुंच गए हैं। कुल 19.5 फीट की ऊंचाई दूसरे तल की होगी। इसी के साथ शिखर निर्माण की भी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। शिखर निर्माण में राजस्थान के वंशी पहाड़पुर के 50 हजार घनफीट पत्थरों का इस्तेमाल किया जाना है। शिखर समेत मंदिर के निर्माण का काम पूरा करने का लक्ष्य दिसंबर 2024 तय किया गया है। वहीं दूसरे तल पर जाने के लिए सीढ़ी का निर्माण पूरा हो गया है। दूसरे तल पर मूर्ति स्थापित करने के लिए फाउंडेशन भी बनाया जा रहा है। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि दूसरे तल पर भी मंदिर बनेगा। हालांकि ट्रस्ट ने इसकी पुष्टि नहीं की है। ट्रस्ट का कहना है कि दूसरे तल को खाली रखा जाएगा। यहां पर अनुष्ठान आदि किए जाएंगे।

### 30 फीसदी पूरा हो गया सप्त मंडपम का निर्माण कार्य

रामजन्म भूमि परिसर में सप्त मंडपम का भी निर्माण कार्य चल रहा है। सप्त मंडपम में राम के समकालीन सात पात्रों के मंदिर बनाए जा रहे हैं। ऋषि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, वाल्मीकि समेत निषादराज, शबरी व अहिल्या के मंदिर यहां बनाए जाएंगे। इनके फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है। इन मंदिरों का निर्माण भी राम मंदिर की तर्ज पर नागर शैली में किया जा रहा है। सप्त मंडपम का निर्माण कार्य अब तक 30 फीसदी पूरा हो चुका है। सप्त मंडपम के निर्माण कार्य की समय सीमा पर दिसंबर 2024 तय की गई है।

## डाकघर अधीक्षक आत्महत्या: रात से बनाई भूमिका, पत्नी से पूछी संदूक की चाभी, निकाली रायफल, सीने में मार ली गोली

**अलीगढ़ , एजेंसी।** बुलंदशहर के प्रधान डाकघर के अधीक्षक त्रिभुवन प्रसाद सिंह उर्फ टीपी सिंह के दिमाग में क्या चल रहा था? इस बात का अंदाजा साथी स्टाफ से लेकर परिवार तक किसी को न था। मगर इतना जरूर है कि उनकी गतिविधियों को याद कर परिवार के सदस्य व साथी अनुमान लगा रहे हैं कि वह रात से ही मन में कुछ गलत पाल बैठे थे। पत्नी का तो इस बात पर रोते हुए बुरा हाल है कि खुद उन्होंने मुझसे ही उस संदूक की चाभी का पता पूछा, जिसमें रायफल रखी थी। अगर जरा भी अंदेशा होता तो शायद जीवन में कभी चाभी न बताती। इसके कुछ देर बाद ही पत्नी को घटना की खबर मिली।

**मां की मौत के तीन माह बाद फिर परिवार में कोहराम:** गांव अकरावत निवासी राजवीर सिंह खुद सेवानिवृत्त एपीएम हैं। उनके चार बेटों में टीपी सिंह सबसे बड़े थे। बुलंदशहर से पहले उनकी कन्नौज, उन्नाव आदि जनपदों में तैनाती रही। दूसरे नंबर के प्रेम सिंह गांव में विद्यालय चलाते हैं, जबकि तीसरे नंबर के रामवीर सिंह अधिवक्ता हैं और तहसील में प्रैक्टिस करते हैं। सबसे छोटे मैनपुरी में सरकारी सेवा में हैं। टीपी सिंह ने काफी पहले बच्चों की पढ़ाई लिखाई के इरादे से सुरक्षा विहार कॉलोनी में मकान बनाया था। यहीं से शिक्षामित्र पत्नी स्कूल जाती हैं। अब बच्चे उच्च शिक्षा के लिए बाहर रहने लगे हैं। 30 मई को टीपी सिंह की मां का गांव वाले घर में कूलर में करंट आने से देहांत हो गया था। परिवार उस सदमे से जैसे तैसे उबर पाया था कि अब इस घटना से पहाड़ टूट गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

## संपादकीय

# 23 साल पूर्व जब राजनाथ सरकार के ऐसे ही फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी थी रोक

## खनिज संपदा पर -सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा निर्णय

किसी भी राज्य के विकास और आर्थिक संपन्नता में उसके अपने संसाधनों की अहम भूमिका होती है। मगर, देश के कुछेक राज्य ऐसे हैं, जहां प्राकृतिक संसाधन तो भरपूर हैं, लेकिन उन्हें इनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसका कारण केंद्र सरकार और राज्यों के बीच करों तथा उपकरों के बंटवारे को लेकर विवाद था। खनिज संपदा पर किसका हक है, यह सवाल कई मौकों पर उठता रहा। पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने इस विवाद का निपटारा करते हुए व्यवस्था दी कि खनिज भंडार राज्य की संपदा हैं। फिर राज्यों को एक और बड़ी राहत बुधवार को मिली, जिसमें उन्हें खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार द्वारा पिछले बारह वर्षों में क्रमबद्ध तरीके से वसूले गए कर का बकाया लेने की अनुमति मिल गई। दरअसल, यह मामला इसलिए उलझा हुआ था कि संविधान में खदानों के आबंटन से संबंधित सीमाएं तय करने का अधिकार केंद्र सरकार को दिया गया है। जमीन और इमारत आदि पर शुल्क लगाने का अधिकार राज्य सरकारों को है। इसलिए राज्यों में खनिजों पर कर केंद्र सरकार लगा रही थी। मगर, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने पिछले महीने स्पष्ट कर दिया था कि खनिज राज्य की संपदा हैं, इसलिए वे पट्टे की कीमत तय कर सकते हैं।खदानों और खनिज-युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार राज्यों का है। कुछ राज्यों में प्राकृतिक संसाधन ही राजस्व अर्जित करने का मुख्य स्रोत होता है, इसलिए अगर खनिजों पर भी केंद्र सरकार ही कर वसूलेगी तो राज्यों को अपने विकास कार्यों के लिए धन जुटाना मुश्किल हो जाएगा।सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद राज्य खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर केंद्र सरकार की ओर से वसूली गई रायल्टी और कर की बकाया राशि के भुगतान की मांग कर रहे थे। हालांकि केंद्र सरकार ने इसका विरोध किया, मगर शीर्ष अदालत ने केंद्र की दलीलों को खारिज कर राज्यों को खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर वसूले गए रायल्टी और कर पर एक अप्रैल 2005 से बकाया लेने की अनुमति दे दी। शीर्ष अदालत के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि खनिज के खजाने पर पूरी तरह राज्यों का हक है। केंद्र और राज्य के बीच खनिज संपदा को लेकर तकरार, सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा निर्णय शीर्ष अदालत ने केंद्र की दलीलों को खारिज कर राज्यों को खनिजों और खनिज-युक्त भूमि पर वसूले गए रायल्टी और कर पर एक अप्रैल 2005 से बकाया लेने की अनुमति दे दी।

## तकनीक का संजाल, स्मार्टफोन और कंप्यूटरों पर बढ़ती निर्भरता

आज बहुत सारे कामों के लिए स्मार्टफोन और कंप्यूटरों पर निर्भरता बढ़ती गई है। मगर इसका एक पहलू यह भी है कि आज ज्यादातर लोग जिस तरह स्मार्टफोन में खोए रहते हैं, वह इसकी उपयोगिता के बरक्स एक विरोधाभासी स्थितियां पैदा कर रहा है। चिंता की बात यह है कि शहरों-महानगरों में ऐसे तमाम बच्चे हैं, जिनकी सुबह मोबाइल के स्क्रीन के साथ होती है, उनका ज्यादातर वक्त उसी के साथ कटता है। ऐसे में बच्चों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर पड़ने वाले असर का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की एक रपट में भी यह साफ कहा गया है कि मोबाइल या स्मार्टफोन के नजदीक रहने से विद्यार्थियों का ध्यान भंग होता है और उससे सीखने की क्षमता पर नकारात्मक असर पड़ता है। यूनेस्को के मुताबिक, विद्यार्थी अगर निश्चित सीमा से ज्यादा स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं तो इससे उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में बाधा आती है। गौरतलब है कि आज बहुत सारे घरों में बच्चों को जरूरत के तर्क पर स्मार्टफोन तक आसान पहुंच तो दी गई है, लेकिन ज्यादातर बच्चों का बहुत सारा वक्त अब मोबाइल के स्क्रीन में कटता है। इससे न केवल उनकी पढ़ाई-लिखाई की सहजता और ज्ञान की ग्राह्यता बाधित हो रही है, बल्कि उनके स्वभाव में भी बदलाव दर्ज किए जा रहे हैं। कई बच्चे स्मार्टफोन का उपयोग किसी लत की तरह करते हैं और मना करने पर उनके भीतर अस्वाभाविक प्रतिक्रिया देखी गई है। इसके मानसिक प्रभावों के समांतर ही ज्यादा समय तक मोबाइल के स्क्रीन में खोए रहने से शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है।

(अजय कुमार)

बता दें इससे पहले, 2004 में पांच न्यायाधीशें की पीठ ने फैसला दिया था कि यह अधिसूचित करने का अधिकार सिर्फ राष्ट्रपति को ही है कि संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत किस समुदाय को आरक्षण का लाभ मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बैंच ने अपने ऐतिहासिक फैसले में अनुसूचित जातियों को मिलने वाले आरक्षण प्रक्रिया मे बड़ा बदलाव करते हुए अनुसूचित जातियों में अति पिछड़ी अनुसूचति जातियों को चिन्हित करके उन्हें फायदा पहुंचाने के लिये कोटा में कोटा का जो आदेश पारित किया है। वह हिन्दुस्तान में लम्बे समय से चल रही आरक्षण की सियासत में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है। अभी इस पर बीजेपी को छोड़कर किसी भी दल के बड़े नेता की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, फिलहाल सिर्फ बीजेपी ही अनुसूचित जातियों को कोटे में कोटा देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले से गद्गद है और उसके शिक्षा मंत्री धमेन्द्र प्रधान द्वारा इसे सत्य की जीत बताया गया है। सबसे खास बात यह है कि पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण में जैसे क्रिमी लेयर को बाहर रखा जाता था, वैसे ही अब एससी/एसटी को मिलने वाले आरक्षण में भी क्रिमी लेयर लागू होगी। बहरहाल, यूपी में ऐसा ही प्रयास 23 साल पूर्व 2001 में उत्तर प्रदेश की तत्कालीन भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने भी किया था, जिस पर राजनाथ सिंह सरकार में ही राज्य मंत्री और शिकोहाबाद से विधायक अशोक यादव अपनी ही सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट चले गये थे और तब सुप्रीम कोर्ट ने उनके (राजनाथ सरकार) फैसले पर रोक लगा दी थी जिसे अब उसने कानून बना दिया है। अब राजनाथ सिंह मौजूदा केंद्र सरकार में गृहमंत्री हैं। राजनाथ सरकार ने अन्य पिछड़ी जाति और अनुसूचित जाति के समूहों को उप समूहों बांटकर तय आरक्षित कोटे में विभाजन का प्रयास किया था। राजनाथ सरकार ने जो समूह बनाए थे वे आय आधारित क्रीमी लेयर या नॉन क्रीमी लेयर जैसे नहीं ?थे, बल्कि कई जातियों को आरक्षण के दायरे से ही बाहर करने का प्रयास किया गया था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राजनाथ सरकार की कोशिशों पर पानी फेर दिया था, और उनके प्रस्ताव को रद्द कर दिया गया। उस समय उत्तर प्रदेश की राजनाथ सिंह

> *सच यह है कि ओबीसी समाज की तरह एससी-एसटी समुदाय में भी कई जातियों की आर्थिक-सामाजिक स्थिति न केवल कहीं कमजोर है, बल्कि उन्हें अपने ही वर्ग की अन्य जातियों से भेदभाव का भी सामना करना पड़ता है। यह एक ऐसी सच्चाई है, जिससे कोई इनकार नहीं कर सकता।*

सरकार ने पिछड़ी जातियों के 27 फीसदी कोटे में यादव, अहिर और यदुव?ंशियों का कोटा 5 फीसदी तय किया था, जबकि अनुसूचित जातियों और जनजातियों के 21 फीसदी कोटे में जाटव, चमार और धुसिया जातियों का कोटा 10 फीसदी तय किया ?गया था। अनुसूचित जनजातियों का कोटा घटा कर दो से एक फीसदी कर दिया गया था, ताकि प्रदेश में कुल कोटा 50 फीसदी तक ही बना रहे। राजनाथ सरकार के फैसले का राजन?ीतिक दलों समेत जाति समूहों ने भी कड़ा ?विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट उस फैसले को रद्द कर चुका है, हालांकि राजनाथ सिंह की निजी वेबसाइट पर ये एक उपलब्धि के रूप में दर्ज है। बता दें जून, 2001 में राजनाथ सिंह एक समिति बनाई थी, जिसे उन्होंने 'सामाजिक न्याय समिति' नाम दिया था। यूपी सरकार के तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री हुकुम सिंह को इसका अध्यक्ष बनाया गया था, स्वास्थ्य मंत्री रमापति शास्त्री और विधान परिषद सदस्य दयाराम पाल सदस्य थे। समिति को ये पता करने जिम्?मेदारी दी गई थी कि आरक्षण का लाभ उन्हें मिल पा रहा है या नहीं, जिन्हें इनकी आवश्यकता है। समिति को आरक्षण नीति में बदलाव की सिफारिशें देने का निर्देश भी दिया गया था। भाजपा सरकार ने ये फैसला 'आरक्षण नीतियों की गड़बड़ियां' दूर करने के लिए किया था। सामाजिक न्याय समिति ने 60 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंप दी। भाजपा सरकार ने उसके बाद एक सामाजिक न्याय (30 जुलाई से 6 अगस्त, 2001) सप्ताह मनाया, जिसमें समिति के सुझावों पर राय मांगी गई ?थी। राजनाथ सरकार ने उस समय सरकार नौकरियों में जातियों के कुल प्रतिनिधित्व का आकलन करने के लिए एक सर्वेक्षण भी कराया था। उस सर्वे के बाद राजनाथ सरकार ने ये नतीजा निकाला था कि आरक्षण अधिकांश लाभ ?पिछड़ी जातियों में यादवों को और अनुसूचित जातियों में जाटव, चमार और धुसिया को ही मिल रहा है। इन्हीं नतीजों के बाद यादवों और जाटवों को आरक्षण सी?मित कर दिया गया था। दरअसल, हाल में आरक्षण में कोटे में कोटा पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला उस समय आया जब सात जजों की संविधान पीठ ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश मामले में 2004 के उसके फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत है या नहीं, पर विचार कर रह थी, जिसमें माना गया था कि अनुसूचित जातियों के बीच किसी तरह का उप-विभाजन नहीं हो सकता। ताजा फैसला उन राज्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा जो प्रमुख अनुसूचित जातियों की तुलना में आरक्षण के बावजूद को आरक्षण का व्यापक लाभ देना चाहते हैं। कोर्ट के इस तथ्य पर मुहर लगाने के बाद कि ऐतिहासिक और अनुभवजन्य साक्ष्य यही बताते हैं कि अनुसूचित जातियां एक समरूप वर्ग नहीं हो सकतीं, राज्यों को आरक्षण पर अपने हिसाब से कानून बनाने का मौका मिल सकेगा। उप-वर्गीकरण रणनीति का पंजाब में वाल्मीकि और महजबी सिखों, आंध्र प्रदेश में मडिगा के अलावा बिहार में पासवान, यूपी में जाटव और तमिलनाडु में अरूंधतिर समुदाय पर सीधा असर पडेगा। इस मामले में शीर्ष कोर्ट की पीठ ने 8 फरवरी 2024 को अपना फैसला सुरक्षित रखा था। उस समय अदालत ने कहा कि उप-वर्गीकरण की अनुमति न देने से ऐसी स्थितियां उत्पन्न होंगी, बता दें इससे पहले, 2004 में पांच न्यायाधीशें की पीठ ने फैसला दिया था कि यह अधिसूचित करने का अधिकार सिर्फ राष्ट्रपति को ही है कि संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत किस समुदाय को आरक्षण का लाभ मिल सकता है। राज्यों को इसमें किसी भी तरह के संशोधन का अधिकार नहीं है। तब पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने आंध्र प्रदेश सरकार की तरफ से वर्ष 2000 में लाए गए ई.वी. चिन्नैया मामले में शीर्ष कोर्ट ने आंध्र प्रदेश अनुसूचित जाति अधिनियम, 2000 को समानता के अधिकार का उल्लंघन करार देते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह.एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधान सम्मत बताया वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई जैसी ओबीसी आरक्षण में है सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह.एक के बहुमत से एससी.एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधानसम्मत बतायाए वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू बात अभी आये सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कि जाये तो सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने जहां छह-एक के बहुमत से एससी-एसटी आरक्षण में कोटे के भीतर कोटे को संविधान सम्मत बताया, वहीं चार न्यायाधीशों ने इन वर्गों के आरक्षण में उसी तरह क्रीमी लेयर की व्यवस्था लागू करने की भी आवश्यकता जताई, जैसी ओबीसी आरक्षण में है।

## हाशिये पर अब भी इंतजार करते लोग

पिछले सतहत्तर वर्षों के दौरान हमारे देश में जो प्रगति हुई है, उसमें सभी प्रांतों, वर्गों और समुदायों का बराबरी का योगदान है। इसके बावजूद इस प्रगति से नागरिकों की एक बड़ी आबादी आज भी वंचित है। राष्ट्रीय प्रगति की रफ्तार और स्वरूप अनियमित रहे हैं, इस तर्क से कम ही लोग आज असहमति जता सकते हैं। इसके कारण जनता की एक बड़ी संख्या आर्थिक विषमता की आग में झुलस रही है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि राष्ट्रीय आय का 22.6 प्रतिशत हिस्सा आज शीर्ष एक प्रतिशत धनाढ्य भारतीयों की मुट्ठी में है। नीचे की 50 प्रतिशत आबादी के हाथ, जिसमें गरीब और निम्न मध्यवर्ग के लोग शामिल हैं, राष्ट्रीय आय का केवल 15 प्रतिशत लगता है। अर्थशा्त्रियों के अनुसार, ऐसी असमानता तो अंग्रेजी शासन के दौरान भी नहीं थी। आजादी के सात दशक बाद भी ऐसी स्थिति बनी हुई है, तो इसका मतलब यह है कि देश में संसाधनों की उतनी कमी नहीं, जितनी उनके आवंटन में समस्या है। अविकसित और अल्पविकसित अर्थव्यवस्थाओं में एक बड़ा अंतर होता है। अविकसित अर्थव्यवस्था में संसाधनों की कमी होती है। दुनिया में कई ऐसे देश हैं, जहां खनिज पदार्थ, कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र, उद्योग इत्यादि भौगोलिक व ऐतिहासिक कारणों से मौजूद नहीं हैं। ऐसे देशों को अपने आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। लघु उद्योग, पर्यटन जैसे सेवा क्षेत्रों के विकास पर उनका ज्यादा ध्यान रहता है। ऋण और आर्थिक सहायता पर उनकी निर्भरता बढ़ जाती है। मगर अल्पविकसित अर्थव्यवस्थाओं में संसाधनों की कमी नहीं होती। इनमें संसाधनों का नियोजन कुछ इस प्रकार होता है कि उनका फायदा सभी को बराबरी से नहीं मिलता। हमारे देश के कई प्रांत खनिज संपदाओं से संपन्न हैं, पर विडंबना यह है कि इन्हीं राज्यों में सबसे ज्यादा गरीब भी हैं। सोचकर देखिए, जहां अरबों रुपये मूल्य का खनन होता है, वहां गरीबी कैसे हो सकती है? उसी तरह, जहां बांध हैं, वहां पानी की कमी है। जहां बिजली पैदा की जाती है, वहां अंधेरा है। निस्संदेह, सामाजिक दायरे में कुछ बदलाव आए हैं, पर स्थिति गंभीर ही है। हमारे यहां जन्म के आधार पर सामाजिक वर्गीकरण की पकड़ इतनी मजबूत है कि वह मृत्युपर्यंत व्यक्ति को अपनी हदों को लांघने की इजाजत नहीं देता। ऊंच-नीच की भावनाओं ने आधुनिकता और तथाकथित आर्थिक विकास के पांच ट्रिलियन वाले सपने के बीचोबीच अपने लिए नए प्रतिमान गढ़ लिए हैं। आए दिन युवक-युवतियों की जाति-समुदाय के नाम पर हत्या होती है। समाज में भेदभाव और द्वेष कम होने के बजाय बढ़ता जा रहा है। हर स्तर पर प्रतिनिधित्व सार्वभौमिक न होकर सांकेतिक है। बहुजन और दलित आबादी ने राजनीतिक क्षेत्र में जो कुछ भी भागीदारी हासिल की है, उसकी आंशिक छवि भी उन संस्थानों में नहीं दिखती, जो मूलत॰ देश की नीतियों व प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन में महती भूमिका निभाते हैं। एक सरसरी नजर ही अपने न्यायालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कार्यपालिका पर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि देश की तीन-चौथाई से ज्यादा आबादी की गैर-मौजूदगी वहां किस प्रकार उनके सरोकार को प्रभावित करती है। आज के परिप्रेक्ष्य में सामाजिक न्याय के कुछ ज्वलंत मुद्दों के ईद-गिर्द जिस प्रकार की भ्रम की स्थिति बनाई जा रही है, वह हमारे सांविधानिक मूल्यों और सरोकारों के लिए उचित नहीं है। इस पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय जनता दल एक सटीक और व्यापक जातिगत गणना की मांग उठाता रहा है। हमारा मानना है कि 'गिनोगे नहीं, तो समझोगे नहीं' और 'समझोगे नहीं, तो सुनोगे नहीं'। मुझे बेहद खुशी है कि बिहार से उठी यह आवाज अब देश के बाकी हिस्सों में भी उठ रही है और इंडिया गठबंधन के लगभग सभी दल जातिगत गणना की आवश्यकता के पक्ष में खड़े हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5469

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | 1 | | | 6 | |
| 9 | | 6 | 5 | | 2 | | | 4 |
| | | | | | | 9 | 5 | |
| 3 | 2 | | | | | | 8 | |
| 1 | | | 7 | 5 | 9 | | | 2 |
| | 9 | | | | | | 1 | 5 |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| 6 | | | 4 | | 8 | 5 | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5468

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 8 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 1 | 9 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 8 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 3 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 8 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली 5469



**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1987 को यह देश एक गणराज्य घोषित हुआ (2)
3. 1980 को इस देश ने संविधान को अंगीकार किया (3)
6. विभावरी, रात्रि, रजनी (2)
7. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
9. जब सूर्य कन्या राशि में हो, श्राद्ध पक्ष (4)
11. रिश्ता, संबंध (2)
13. गुलुबंद को यह भी कहते है (4)
15. किसी आपत्ति, आदि से बचाव, हिफाजत (2)
16. हाथ, कर, एक प्रकार का नक्षत्र जिसमें पांच तारे है (2)
17. प्राप्त करना, लब्ध करना (2)
18. ताश के खेलों का एक प्रकार, सुमात्रा द्वीप में होने वाली एक प्रकार की घास (2)
19. ध्यानचंद नाम इस खेल से जुड़ा है (2)
20. एक संवादहीन फिल्म जिसमें कमलहासन के साथ अमला थी (1987)(3)
22. यह इंडोनशिया का सबसे अधिक जनखंख्या वाला द्वीप है (2)
24. कुल संख्याओं का जोड़, परिकलन (3)

**ऊपर से नीचे**
1. उर्दू भाषा के प्रसिद्ध रचनाकार जिनका मूल नाम रघुपति सहाय था (निधन 3 मार्च 1982)(8)
2. फतह हासिल करना, विजय प्राप्त करना (3)
3. बात का सहीअर्थ न समझना, बात समझने में धोखा खा जाना (6)
4. मित्र, दोस्त, सखा, उपपति (2)
5. फख्र, घमंड, विलास चेष्टा, नखरा (2)
8. विविध, एक रिश्ता, मातामह (2)
10. गहरा दुख, शोक (2)
12. खींचकर कड़ा करना, फैलाना (3)
14. थका हुआ, शिथिल, अशक्त (2)
17. शुद्ध, पवित्र, स्वच्छ (3)
18. दस्तावेज लिखित, कलमबंद, तहरीरी (3)
21. मर्यादा, दृढ़ प्रतिज्ञा (2)
23. फरियादी, मुकदमेबाज, मुद्दई (2)

### वर्ग पहेली 5468 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | गु | डा | के | श |
| स | ना | थ | | ग | ल | | ह |
| | | प | हे | ली | | प | ना |
| श | प | थ | | | स | गा | ई |
| ह | त | | त | ल | वा | र | |
| र | वा | | मा | त | लि | | ख |
| या | र | | शा | | या | प | न |
| र | | र | ई | स | | ता | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी, कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे। इससे आपका काम बनेगा।

### वृष
आज आपकी कोई डील फाइनल होगी, जिससे कि आपको खुशी का अनुभव होगा। सरकारी महकमे की तरफ से आपको विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। आप कमाई के नए साधन तलाशेंगे। समाज में शुभ व्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। नौकरी में मेहनत करने से सफलता मिलेगी।

### कर्क
कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नये प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। सूझबूझ के साथ आर्थिक मामलों पर ध्यान दें। इससे आप नई बिजनेस योजनाएं पर काम करेंगे।

### सिंह
आज व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आप कमी रही है। आज आप बिजनेस के मामले में किसी अपने से सलाह लेंगे, तो बेहतर नतीजा निकलेगा।

### मिथुन
आज काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन धर्म अध्यात्म के मामले पढ़ाई- लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रूकावट डालने की कोशिश करेंगे। नौकरी में बदलाव करना भी फलदायी रहेगा।

### कन्या
आज किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट के साथ दिन बिताने से करियर को नई दिशा मिलेगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी। अपने से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

### तुला
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे, आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। बिजनेस में कई नए प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं।

### वृश्चिक
दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। कारोबार में नई जान आएगी। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें।

### मकर
आज बिजनेस के मामले में थोड़ा-सा जोखिम उठाएंगे, तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है।

### कुंभ
आज भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के करियर के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखें। काम को लेकर धैर्य बनाए रखें। नौकरी से जुड़ा फैसला जल्दबाजी में न लें।

### धनु
आज कार्यस्थल में आपसी वार्ता व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए, इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। कार्यस्थल पर बातों की जगह काम करने पर ध्यान दें।

### मीन
आज नौकरी के प्रति सावधानी बरतने का है। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। आपकी अगर कोई परियोजनाएं काफी दिनों से रुकी हुई थी, तो आज वो पूरी हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**



# शुगर कंट्रोल करने के साथ फैट भी कम करता है यह ड्रिंक

**आजकल कम उम्र में भी लोग डायबिटीज के शिकार हो रहे हैं। ज्यादातर यह समस्या उन लोगों में देखने को मिलती है जो सेडेंटरी लाइफ जीते हैं। मोटापा के कारण डायबिटीज हो जाती है। ऐसे में हम आपको एक खास ड्रिंक के बारे में बता रहे हैं जिससे फैट भी लॉस होगा और ब्लड शुगर को कम करने में भी मदद मिलेगी।**

## शुगर कंट्रोल करने में कैसे मददगार है दालचीनी वाटर

- दालचीनी का पानी पीने से इंसुलिन सेंसिटिविटी को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। शरीर इंसुलिन के प्रति अधिक संवेदनशील होता है तो बेहतर तरीके से शुगर को कोशिकाओं में पहुंचा सकता है ।
- दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो ग्लूकोज के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं,इससे अचानक से शुगर बढ़ने की समस्या नहीं होती है।
- दालचीनी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो शरीर में सूजन को कम करने में मदद करते हैं। डायबिटीज के मरीजों में सूजन बढ़ने से शुगर नियंत्रण प्रभावित होता है।
- दालचीनी ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है,जिससे शरीर में शुगर का इस्तेमाल सही तरीके से होता है जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करता है।

## फैट घटाने में भी मददगार है दालचीनी वाटर

- दालचीनी का पानी पीने से शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद मिलती है जब मेटाबॉलिज्म तेज होता है तो शरीर अधिक ऊर्जा खर्च करता है और कैलोरी बर्न होती है। यह फैट लूज करने की प्रक्रिया को गति देता है। वहीं यह इंसुलिन सेंसिटिविटी को बढ़ाने में मदद करती है जिससे शुगर का अवशोषण बेहतर होता है और शुगर फैट में बदलने की संभावना कम हो जाती है। दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट होता है जो शरीर में फ्री रेडिकल्स को कम करने में मदद करते हैं इससे भी फैट लॉस करने की प्रक्रिया में सुधार होता है।

## ऐसे तैयार करें दालचीनी का पानी

- इसके लिए एक गिलास पानी गैस पर उबालने के लिए चढ़ाएं।
- अब इसमें एक चुटकी दालचीनी पाउडर डालें।
- जब यह अच्छी तरह से बॉयल हो जाए तो इसे छानकर सिप-सिप कर पिएं।



# जानलेवा साबित हो सकता है मंकीपॉक्स वायरस

## WHO ने घोषित की हेल्थ इमरजेंसी

**वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने मंकीपॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है. अमेरिका, पकिस्तान, अफ्रीका, स्वीडन और सऊदी अरब सहित अब तक 13 अफ्रीकी देशों में मंकीपॉक्स के मामले देखे जा चुके हैं।**

मंकीपॉक्स वायरस मुख्य रूप से इंसानों और जानवरों को प्रभावित करता है। यह चेचक के वायरस परिवार से ही संबंधित है, लेकिन इसके लक्षण हल्के होते हैं जैसे बुखार, ठंड लगना और बदन दर्द। हालांकि, कुछ मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। यह वायरस केवल दो से चार हफ्ते तक रहने वाले लक्षण पैदा करता है। यह एक जानलेवा बीमारी है। यह वायरस टूटी हुई त्वचा या श्वसन मार्ग से शरीर में प्रवेश करता है। फिर यह रक्त के माध्यम से फैलता है जिससे व्यक्ति को फ्लू जैसे लक्षणों का अनुभव होता है और त्वचा पर घाव हो जाते हैं। चलिए जानते हैं कि मंकीपॉक्स क्या है, यह कितना खतरनाक है, कैसे फैलता है और इससे बचने के क्या उपाय हैं।

### जानवरों से इंसानों में फैल सकता है

इसके फैलने का सबसे महत्वपूर्ण तरीका त्वचा से त्वचा का संपर्क है क्योंकि वायरस त्वचा के घावों पर लगभग तीन सप्ताह तक पता लगाने योग्य रहता है, न कि श्वसन तंत्र के माध्यम से क्योंकि अधिकांश लोगों में वायरस सात से दस दिनों तक गले से साफ़ हो जाता है। इंसानों से जानवरों में संचरण के लिए, वायरस आमतौर पर काटने, खरोंचने या संक्रमित जानवर के घावों के संपर्क से शरीर में प्रवेश करता है।

### मंकीपॉक्स कितना घातक?

इस बीमारी के कारण फ्लू जैसे लक्षण और मवाद से भरे घाव हो जाते हैं। यह आमतौर पर हल्का होता है लेकिन जानलेवा भी हो सकता है। ज्यादातर लोगों को अपेक्षाकृत हल्की बीमारी होती है, जहाँ उन्हें बुखार, मांसपेशियों में दर्द और पाँच से 25 घावों के साथ दाने हो सकते हैं। कुछ लोग बहुत ज़्यादा बीमार हो जाते हैं और वे पूरे शरीर में सैकड़ों घावों के साथ और भी गंभीर बीमारी विकसित कर सकते हैं।




### मंकीपॉक्स क्या है और कैसे फैलता है?

यह वायरस संक्रमित व्यक्ति या जानवर के निकट संपर्क से फैलता है। इंसानों में यह त्वचा के घावों के संपर्क, त्वचा से त्वचा के संपर्क और संक्रमित व्यक्ति के बहुत करीब बात करने या सांस लेने से फैल सकता है। यह दूषित वस्तुओं जैसे सतहों, बिस्तर, कपड़ों और तौलिये के माध्यम से भी फैल सकता है, क्योंकि वायरस शरीर में टूटी हुई त्वचा, श्वसन तंत्र या आंख, नाक और मुंह के माध्यम से प्रवेश करता है।



### किन लोगों को है ज्यादा खतरा?

यह बीमारी ज़्यादातर लोगों में हल्के लक्षण प्रस्तुत करती है, लेकिन कुछ लोगों में गंभीर लक्षणों का अनुभव होने का ख़तरा ज़्यादा होता है। उदाहरण के लिए, अनुपचारित HIV (एक यौन संचारित बीमारी) या कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में गंभीर बीमारी का ख़तरा अभी भी ज़्यादा होता है। बच्चों में भी गंभीर बीमारी का ख़तरा ज़्यादा होता है।

### मंकीपॉक्स का इलाज

मार्क्स ने कहा कि वर्तमान में मंकीपॉक्स का कोई इलाज नहीं है लेकिन कुछ एंटीवायरल दवाओं का परीक्षण किया जा रहा है। हालांकि, टीकाकरण है, जो जोखिम को कम करने में प्रभावी है।

### मंकीपॉक्स से कैसे बचें

इससे बचने के लिए स्वच्छता अपनाना जैसे हाथ धोना, बीमार लोगों के संपर्क से बचने और लक्षण दिखाई देने पर लोगों को अस्पताल जाना जरूरी है। यदि आप ऐसे देश में हैं जहाँ मंकीपॉक्स के टीके उपलब्ध हैं, तो वे सुरक्षा के लिए भी प्रभावी हैं।



# कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने से कैसे होता है दिल पर असर? इन फूड्स से होगा कम

सेहतमंद रहने के लिए दिल का हेल्दी होना जरूरी है और हार्ट हेल्थ के लिए कोलेस्ट्रॉल लेवल को मैनेज किया जाना चाहिए। शरीर में जहां गुड कोलेस्ट्रॉल जरूरी है, वहीं, बैड कोलेस्ट्रॉल, दिल पर बुरा असर डालता है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल, खान-पान की गलत आदतें वगरैह कोलेस्ट्रॉल लेवल पर असर डालती हैं। डाइट में कुछ बदलाव कर, आप इसे मैनेज कर सकते हैं। कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने से दिल पर क्या असर होता है और किन फूड्स को डाइट में शामिल करने से इसे मैनेज किया जा सकता है।

कोलेस्ट्रॉल एक तरह का लिपिड (वसा) होता है जो वैक्सी (मोम जैसा) होता है। लिपिड में वसा, मोम, स्टेरॉल, वसा में घुलनशील विटामिन (जैसे विटामिन ए, डी, ई एवं के) मोनोग्लिसराइड शामिल होते हैं। हमारे शरीर में मौजूद, ज्यादातर कोलेस्ट्रॉल, हमारे लिवर से आते हैं और बाकी हम जो भी डाइट लेते हैं, उससे हमारे शरीर में पहुंचते हैं। हमारे शरीर में कई तरह के फंक्शन्स के लिए कोलेस्ट्रॉल जरूरी होता है। लेकिन जब ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, तो उससे स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ने से धमनियों की दीवारों के भीतर प्लाक जमता है, धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिसकी वजह से ब्लड फ्लो में रुकावट आती है। यदि प्लाक बनना जारी रहता है, तो यह धमनियों में दबाव बना सकता है, जिससे रक्त का थक्का जम सकता है। प्लाक और रक्त के थक्के, धमनियों को सख्त करते हैं, जिससे हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

### क्या होता है गुड और बैड कोलेस्ट्रॉल?

लिपोप्रोटीन्स प्रोटीन और लिपिड्स (फैट्स) से मिलकर बने होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को ब्लड के जरिए हमारी बॉडी की सी सेल्स में भेजता है। लिपोप्रोटीन्स मुख्य तौर पर दो तरह के होते हैं। लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन्स, जिसे बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है और हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन ,जिसे गुड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। एलडीएल, कोलेस्ट्रॉल को पूरे शरीर में लेकर जाता है। यह धमनियों की दीवारों पर जमा हो जाता है और उन्हें संकीर्ण बनाता है। वहीं, एचडीएल, धमनियों से एक्स्ट्रा कोलेस्ट्रॉल को हटाने में मदद करता है और इसे वापस लिवर को भेजता है। इसलिए, एलडीएल के लेवल को कम रखना और एचडीएल के लेवल को सही रखना जरूरी है।

### बैड कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने वाले फूड्स

- हेल्दी अनसैचुरेडेट फैट्स, बैड कोलेस्ट्रॉल को बैलेंस करते हैं।
- कोलेस्ट्रॉल लेवल को मैनेज करने के लिए अखरोट, बादाम, सूरजमुखी और तरबूज के बीज, चिया और फ्लैक्स सीड्स, फैटी फिश, एवाकाडो और ऑलिव ऑयल को डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए।
- इसके अलावा, डाइट में फाइबर की मात्रा पर भी ध्यान देना चाहिए।
- रोज कम से कम 30 ग्राम फाइबर को डाइट में शामिल करें।
- इसके लिए मिलेट्स, दालें, फल,सब्जियां, नट्स (ये होते हैं हेल्दी नट्स) और सीड्स को खाना चाहिए।
- फाइबर, ब्लड में कोलेस्ट्रॉल के अब्जॉर्बशन को कम करता है, जिससे बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल सही रहता है।
- सुबह लहसुन की 1-2 कली गुनगुने पानी के साथ खाली पेट लें। लहसुन में एलिसिन पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है।
- मौसमी फल और सब्जियों को भी खाएं। इनमें एंटी-ऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज होती हैं जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करती हैं।
- बेरीज और खट्टे फल जैसे किवी, संतरा, अनानास और नींबू खाएं।
- सही फैट को खाएं और सैचुरेटेड व ट्रांस फैट्स को अवॉइड करें क्योंकि ये खून में बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकते हैं।

# शहद के साथ भूल से भी ना मिलाकर खाएं ये चीजें, सेहत को होगा नुकसान

**शहद को सेहत के लिए काफी अच्छा माना जाता है, लेकिन आपको कुछ फूड्स को इसके साथ नहीं खाना चाहिए। इससे आपको कई तरह के नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।**

शहद एक बेहतरीन नेचुरल स्वीटनर है, जिसमें एंटी-बैक्टीरियल व एंटी-ऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं। शहद के एंटी-ऑक्सीडेंट्स कोलेस्ट्रॉल लेवल को इंप्रूव करके हार्ट को भी हेल्दी रखते हैं। इसे अधिकतर लोग अपनी वेट लॉस जर्नी का हिस्सा भी बनाते हैं। यह आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने से लेकर डाइजेस्टिव हेल्थ तक का ख्याल रखता है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि शहद के सिर्फ लाभ ही लाभ हैं, लेकिन आपको इसके फायदे तभी मिलते हैं, जब इसका सेवन सही तरह से किया जाए। आपको शायद पता ना हो, लेकिन शहद को हर चीज़ के साथ नहीं खाया जा सकता। कुछ ऐसे फूड आइटम्स होते हैं, जिनके साथ अगर शहद का सेवन किया जाता है, तो वे एक तरह से ज़हर का काम करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद के साथ लिए जाने वाले कुछ ऐसे ही बैड फूड कॉम्बिनेशन के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

### गर्म पानी के साथ

अधिकतर लोग अपनी वेट लॉस जर्नी में शहद को गर्म या उबलते पानी में मिक्स करके पीते हैं। हालांकि, ऐसा करने से शहद टॉक्सिक हो जाता है और आपको समय के साथ पाचन संबंधी समस्याएं, मेटाबॉलिज्म असंतुलन और यहां तक कि कई अन्य तरह की गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आप गुनगुने पानी में शहद ले सकते हैं, लेकिन तेज गर्म या उबलते पानी में कभी भी शहद मिक्स ना करें। गर्म पानी के अलावा गरमा-गरम दूध, चाय या कॉफी में भी शहद मिलाने से बचना चाहिए। इनके तापमान के कारण शहद से आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### नॉन-वेज फूड के साथ

शहद को कभी नॉन-वेज आइटम्स खासतौर से फिश और मीट के साथ बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए। दरअसल, शहद और मीट की पाचन संबंधी ज़रूरतें अलग-अलग होती हैं और जब इन्हें एक साथ खाया जाता है, तो ये पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव डाल सकते हैं। जिससे आपको पाचन संबंधी समस्याएं जैसे अपच, ब्लोटिंग और बेचैनी हो सकती है। हमेशा नॉन-वेज फूड आइटम्सऔर शहद के सेवन के बीच आप कम से कम एक घंटे का गैप जरूर रखें।

### फरमेंटेड फूड के साथ

शहद को फरमेंटेड फूड के साथ लेने से भी बचना चाहिए। अगर आप शहद को अचार, दही या किमची जैसे फरमेंटेड फूड आइटम्स के साथ लेते हैं तो इससे आपको पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। फरमेंटेड फूड आइटम्स प्रोबायोटिक्स से भरपूर होते हैं और शहद की तुलना में इनका पीएच लेवल अलग होता है। इसलिए जब इन्हें एक साथ लिया जाता है तो इससे आपको पाचन संबंधी परेशानी, गैस या ब्लोटिंग आदि की शिकायत हो सकती है।

### टोफू के साथ

शहद और सोया का फूड कॉम्बिनेशन भी सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता है। आपको शहद को कभी भी टोफू या सोया मिल्क के साथ नहीं लेना चाहिए। सोया में ऐसे कंपाउंड होते हैं जो कैल्शियम जैसे मिनरल्स के अवशोषण को बाधित कर सकते हैं और जब आप इसे शहद के साथ मिक्स करके लेते हैं तो इससे आपको पाचन संबंधी गड़बड़ी, जैसे गैस या ब्लोटिंग की शिकायत हो सकती है। साथ ही साथ, शरीर के लिए पोषक तत्वों के अवशोषण में भी समस्या पैदा हो सकती है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

### मंदिर की घंटी कम जोर से बजाइए; नोएडा की सोसाइटी को मिला नोटिस

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** मंदिर की घंटी कम जोर से बजाइए, इससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसाइटी में यह कहते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से नोटिस भेजा गया है। सोसाइटी के एक एक निवासी की ओर से भेजी गई शिकायत का संज्ञान लेकर बोर्ड की ओर से कहा गया है कि मौके पर इसकी जांच की गई तो घंटी की आवाज अधिक पाई गई। गौतमबुद्धनगर जिले के ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सौंदर्यम सोसाइटी है। अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष को 5 अगस्त को यह नोटिस भेजा गया है। इसमें उन्हें ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम को 2000 के प्रावधानों को लागू करने को कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि 30 जुलाई को सोसाइटी के एक निवासी ने शिकायत की थी कि मंदिर की घंटी की वजह से उन्हें दिक्कत होती है। यह भी बताया गया है कि 5 अगस्त को मौके पर जाकर ध्वनि को मापा गया तो यह 70 डेसीबल से अधिक पाया गया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्रेटर नोएडा के क्षेत्रीय अधिकारी की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण नियम, 200 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए ताकि आसपास के निवासियों को समस्या का सामना न करना पड़े।

### साउथ सुपरस्टार विजय ने अपनी नई पार्टी का झंडा किया लॉन्च

**चेन्नई, एजेंसी।** साउथ फिल्मों के सुपरस्टार और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने गुरुवार सुबह अपनी पार्टी का झंडा जारी किया है। 22 सितंबर को विल्लुपुरम में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन से एक महीने पहले इस इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विजय ने कहा, हमारा झंडा कल से पूरे राज्य में लहराएगा। विजय ने फरवरी में अपनी खुद की पार्टी लॉन्च करने की घोषणा की थी। इस दौरान विजय ने कहा, अब तमिलनाडु बेहतर होगा। जीत निश्चित है। उन्होंने बताया कि यह झंडा तमिलनाडु के विकास के लिए कोशिश करने का प्रतीक है। पार्टी राज्य स्तरीय सम्मेलन के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रही है। विजय की नई फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के बाद इस समारोह का आयोजन होगा। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिल्मों की बात करे तो उन्होंने निर्देशक एच विनोथ के साथ अपनी अगली फिल्म के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इस फिल्म को उनके तीन दशक के फिल्मी करियर की आखिरी फिल्म बताया जा रहा है। वेंकट प्रभु की फिल्म गोट का इंतजार कर रहे अभिनेता विजय ने 2026 के राज्य चुनावों के मद्देनजर राजनीति में प्रवेश की घोषणा की थी। इसके बाद गुरुवार को उन्होंने अपनी पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम का झंडा और प्रतीक चिन्ह जारी किया है। विजय ने राजनीति को अपनी गहरी ख्वाहिश बताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि वे तमिलनाडु की सेवा करना चाहते हैं।

### काले हिरण शिकार मामले में डीएफओ और वन रेंजर निलंबित

**श्रीगंगानगर , एजेंसी।**राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में काले हिरण के शिकार के मामले में सरकार ने प्रदर्शनकारियों की मांग को मानते हुए डीएफओ को एपीओ और वन रेंजर को सस्पेंड कर दिया है। नेशनल हाईवे 62 पर जारी जाम भी खुल गया। जिला कलेक्टर लोकबंधु और एसपी गौरव यादव ने इस पूरे मामले में वार्ता का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया, संघर्ष समिति के सदस्यों और प्रशासन के बीच हुई। कई दौर की बातचीत के बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे सहमति बनी। डीएफओ दलीप सिंह को एपीओ और रेंजर वेद प्रकाश को सस्पेंड करने की मांग को प्रशासन ने स्वीकार किया। वार्ता के दौरान प्रशासन और संघर्ष समिति के बीच कुछ देर के लिए गतिरोध बना रहा, लेकिन बाद में प्रदर्शनकारियों ने धरना समाप्त कर दिया और 33 घंटे से अधिक समय से जाम हाईवे को खोल दिया गया। लेकिन बात नहीं बनी। इस पर राष्ट्रीय बिश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुड़िया ने आंदोलन को और तेज करने और पूरे प्रदेश में फैलाने की घोषणा कर दी।

# जम्मू-कश्मीर में फिर हुई राम माधव की वापसी, भाजपा को दिला सकते हैं फायदा

**जम्मू-कश्मीर , एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। भारतीय जनता पार्टी के नेता राम माधव को चुनाव प्रभारी बनाया है। इस घोषणा के ठीक 24 घंटे के भीतर उन्होंने पार्टी के चुनावी अभियान को दिशा देने के लिए स्थानीय नेताओं के साथ कई बैठकें कीं। कई स्थानीय नेताओं के मुताबिक, चुनाव प्रभारी के रूप में उनकी वापसी से पार्टी की स्थानीय इकाई उत्साहित है। 2014 में उनके साथ मिलकर काम किया था। राम माधव के साथ केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को भी इसकी जिम्मेदारी मिली है।

2014 को चुनाव में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक जाने-माने चेहरे राम माधव को कश्मीर में पार्टी की राजनीतिक और चुनावी कहानी का मसौदा तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें ही दो



अलग-अलग विचारधारा वाली पार्टियों भाजपा और क्षेत्रीय क्षत्रप पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ आने का श्रेय दिया जाता है।

नाम न छापने की शर्त पर पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, घाटी में भाजपा के लिए जमीनी स्तर पर बहुत कम समर्थन था। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा का अनुच्छेद 370 को खत्म करने और 35 (ए) को हटाने का एजेंडा अच्छी तरह से लोगों के बीच में गूंजता था। राम माधव ने क्षेत्रीय नेताओं और पार्टियों के साथ मिलकर लोगों और पार्टी के बीच एक पुल बनाने के लिए पर्दे के पीछे काम किया। वह काफी हद तक सफल रहे। भाजपा ने कश्मीर संभाग में कोई सीट नहीं जीती, लेकिन जम्मू क्षेत्र में 25 सीटें हासिल कीं। इसके साथ ही भगवा पार्टी सत्ता के बंटवारे के लिए बातचीत करने की स्थिति में आ गई। आपको बता दें कि 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 25, पीडीपी ने 28, कांग्रेस ने 12 और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 15 सीटें जीती थीं। पीडीपी के साथ भाजपा का गठबंधन अल्पकालिक था। तत्कालीन मुख्यमंत्री और पीडीपी के संरक्षक मुफ्ती मोहम्मद सईद के निधन के तुरंत बाद गठबंधन में संकट सामने आया। उनकी बेटी और राजनीतिक उत्तराधिकारी महबूबा मुफ्ती ने गठबंधन जारी रखने के मुद्दे पर अपने पैर पीछे खींच लिए। इसके बाद राम माधव को सितंबर 2020 में राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटा दिया गया और वे अपने मूल संगठन आरएसएस में वापस चले गए। भाजपा नेता ने कहा, उनकी वापसी संकेत देती है कि भाजपा गठबंधन बनाने और कहानी को धार देने की उनकी क्षमता पर भरोसा कर रही है। पार्टी उनकी अभिव्यक्ति और मीडिया एक्सपोजर का लाभ उठाकर पार्टी के लिए स्थिति बेहतर बनाना चाहती है। विपक्ष के इस आरोप का भी मुकाबला करना चाहती है जिसमें कहा जाता है कि केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाने और राज्य को विभाजित करने के लिए कानूनों का उल्लंघन किया है। वहीं, एक दूसरे नेता ने कहा कि राम माधव की वापसी को स्थानीय नेतृत्व को बढ़ावा देने, क्षत्रपों, पीडीपी और एनसी से जुड़े नेताओं के साथ संवाद का एक चैनल खोलने के भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है।

## नोएडा में लाशों के बीच गंदा काम, पोस्टमॉर्टम हाउस का वीडियो लीक होने पर ऐक्शन

**नोएडा , एजेंसी।** कोलकाता के अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर की घटना को लेकर अस्पतालों की सुरक्षा पर उठे सवालों के बीच नोएडा से भी एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। यहां सेक्टर 94 स्थित पोस्टमॉर्टम हाउस में एक कर्मचारी महिला के साथ संबंध बनाता दिखा। इस दौरान उसका दूसरा साथी वीडियो बनाता रहा। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। वहीं सफाईकर्मचारी को नौकरी से हटा दिया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुए 2 मिनट 21 सेकेंड के वीडियो में एक शख्स पोस्टमॉर्टम हाउस के डीप फ्रीजर वाले रूम में एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में दिख रहा है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाला शख्स भी यह कहता सुना जा सकता है कि अब उसका नंबर है। इस कमरे में लाशों को डीप फ्रीजर में रखा जाता है।

इस पोस्टमार्टम हाउस में कोई भी महिला कर्मचारी तैनात नहीं है। ऐसे में माना जा रहा है कि महिला को बाहर से लाया गया था। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि किसी बाहरी शख्स को यहां एंट्री कैसे मिली। कानूनी जरूरतों के मुताबिक सुरक्षित रखे गए शवों के साथ छेड़छाड़ भी हो सकती है। अभी यह साफ नहीं है कि महिला के साथ सहमति से संबंध बनाया जा रहा था या फिर उसके साथ जबरन ऐसा किया गया। पोस्टमार्टम हाउस में दो सफाईकर्मियों की ड्यूटी प्रतिदिन रहती है। वहीं दोपहर में पोस्टमार्टम के लिए एक एक डॉक्टर और फार्मासिस्ट जाता है।



## जमशेदपुर में लापता प्रशिक्षण विमान के ट्रेनी पायलट का शव डैम से बरामद

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से 20 अगस्त को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद लापता हुए विमान के ट्रेनी पायलट शुभ्रोजीत दत्ता का शव गुरुवार 10 बजे चांडिल डैम से निकाला गया। मेन पायलट जीत शत्रु आनंद की तलाश में भारतीय नौसेना और एनडीआरएफ की टीम ऑपरेशन में जुटी हुई है। ट्रेनी पायलट का शव बरामद होने के साथ ही यह बात साफ हो गई है कि विमान डैम में गिरकर क्रैश हुआ था। यह विमान अलकेमिस्ट एविएशन कंपनी का है, जो जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट चलाती है। विमान को पटना निवासी कैप्टन जीत शत्रु आनंद चला रहे थे, जबकि उनके साथ जमशेदपुर निवासी ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता सवार थे।

विमान ने दिन के करीब 11 बजे उड़ान भरी थी और करीब 20 मिनट बाद एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) से उसका संपर्क पूरी तरह भंग हो गया था। हादसे की आशंका को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई। मंगलवार दोपहर से ही विमान के लास्ट लोकेशन के आधार पर जमशेदपुर की दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी और आस-पास के इलाकों में तलाशी शुरू की गई। हेलीकॉप्टर से पूरा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

पुलिस-प्रशासन की अलग-अलग टीमों ने भी झारखंड से लेकर पश्चिम बंगाल की सीमा तक खाक छानी। पश्चिम बंगाल सरकार को भी इसकी सूचना दी गई। इस बीच चांडिल डैम में प्यालीडीह नामक स्थान पर स्नान कर रहे दो ग्रामीण तपन मांझी और रूसा मांझी ने तलाशी में जुटी पुलिस को बताया कि उन्होंने एक विमान को डैम में गिरते देखा था। इनकी सूचनाओं के आधार पर बुधवार सुबह से एनडीआरएफ की टीम सर्च अभियान में जुटी है। विमान के पायलट जीत शत्रु आनंद के पिता एवं भाई और जमशेदपुर निवासी ट्रेनी शुभ्रोजीत दत्ता के पिता प्रदीप दत्ता एवं घर के अन्य लोग डैम के पास मौजूद हैं। क्रैश हुआ टू-सीटर विमान अमेरिका में निर्मित है और इसका नाम 'सेशना 152' है। यह सिंगल इंजन का विमान है। अलकेमिस्ट एविएशन प्रा. लिमिटेड की ओर से जमशेदपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का संचालन वर्ष 2008 से ही किया जा रहा है। इसके संचालक मृणाल पॉल हैं। मार्च 2022 में भी इस इंस्टीट्यूट का एक प्रशिक्षण विमान सोनारी हवाई अड्डे दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस हादसे में दो पायलट जख्मी हो गए थे।

## रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के निर्वाचन को चुनौती

**रामपुर, एजेंसी।** यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रामपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी को उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब के लिए नोटिस जारी किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र कुमार राय ने बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी की चुनाव याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने चुनाव याचिका में मोहिबुल्लाह नदवी का निर्वाचन रद्द किए जाने की मांग की है। भाजपा उम्मीदवार रहे लोधी ने याचिका में कहा गया है कि नदवी ने अपने नामांकन पत्र में कई जानकारियां छिपाई थीं। इस आधार पर उनका निर्वाचन रद्द कर दिया जाना चाहिए। याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 21 अक्तूबर की तारीखलगाईगईहै। कमी होने का मुद्दा उठाते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए सपा सांसद को नोटिस जारी किया है।

# शरद पवार को मिली 'जेड प्लस' सिक्योरिटी और सीआरपीएफ के 55 जवानों की टीम करेगी सुरक्षा

**मुंबई, एजेंसी।**
केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार को 'जेड प्लस' श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से महाराष्ट्र के 83 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री को सुरक्षा मुहैया कराने को कहा है। इस कार्य के लिए सीआरपीएफ के 55 सशस्त्र जवानों की एक टीम को तैनात किया गया है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खतरे के आकलन की समीक्षा में पवार को मजबूत सुरक्षा प्रदान करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र ने उन्हें 'जेड प्लस' श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया है। सूत्रों के अनुसार सीआरपीएफ की एक टीम इस कार्य को करने के लिए पहले से ही महाराष्ट्र में है। 'जेड प्लस' सुरक्षा सशस्त्र वीआईपी सुरक्षा की सर्वोच्च



श्रेणी है। वीआईपी सुरक्षा श्रेणी का वर्गीकरण उच्चतम 'जेड प्लस' से शुरू होता है। इसके बाद 'जेड', 'वाई प्लस', 'वाई' और 'एक्स' आते हैं।

बता दें कि शरद पवार तीन बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे 1978-1980, 1988-1991, और 1993-1995 तक महाराष्ट्र के सीएम रहे। इसके अलावा, पवार ने केंद्र सरकार में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने कृषि मंत्री, रक्षा मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। 1999 में उनके द्वारा सह-स्थापित एनसीपी को पिछले साल जुलाई में उनके भतीजे अजित पवार ने विभाजित कर दिया था। चुनाव आयोग ने अजीत गुट को 'असली' एनसीपी के रूप में मान्यता दी है। फिलहाल एनसीपी (एसपी) ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा एक स्पेशल यूनिट है जो केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा बताए गए लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है। इन वीआईपी में केंद्रीय मंत्री, राज्यपाल, राजनेता, सरकारी अधिकारी, आध्यात्मिक नेता, व्यवसायी और अन्य प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं। इस बीच, पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने बुधवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध किया कि उनकी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को हटा दिया जाए। फडणवीस महाराष्ट्र के गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने ठाणे जिले के बदलापुर के एक स्कूल में सफाईकर्मी द्वारा दो चार वर्षीय लड़कियों के साथ कथित यौन उत्पीड़न के बाद फडणवीस से यह अपील की।

उन्होंने एक बयान में कहा कि पुलिस बल का एक बड़ा हिस्सा वर्तमान और पूर्व सांसदों को सुरक्षा प्रदान करने में लगा हुआ है और इन सांसदों में वह खुद भी शामिल हैं। सुले ने कहा कि हालांकि कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर वर्तमान दबाव को देखते हुए, ऐसी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना उचित नहीं है। राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ''इसलिए मैं गृह मंत्री से अनुरोध करती हूं कि मेरी सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को तुरंत हटाया जाए। इन अधिकारियों को जनता की सुरक्षा में तैनात किया जाना चाहिए।''

## गंदा काम किया; गाजियाबाद में अर्द्धनग्न मिली महिला तो मचा हड़कंप

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सड़क किनारे अर्द्धनग्न हालत में एक महिला बैठी मिली। उसने अपने साथ गंदा काम किए जाने की बात भी कही। हालांकि, जांच के बाद पुलिस ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। महिला और परिवार के लोगों से पूछताछ के बाद गाजियाबाद पुलिस ने कहा है कि महिला पहले भी घर से इस तरह निकल चुकी है।

सोशल मीडिया पर बुधवार को गाजियाबाद का एक वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। वीडियो में अर्धनग्न हालत में सड़क किनारे फुटपाथ पर बैठी महिला ने अपने साथ गंदा काम होने की बात कही। वीडियो बनाने वाला जब उससे पूछता है क्या हुआ आपके साथ कोई गलत काम हुआ तो महिला ने कहा, हां हुआ है। लड़के मुझे झाड़ी में ले गए। दारू पी। गंदा काम किया और मुझे सड़क पर फेंक दिया। मैं चिल्लाती रही। मैं कहती रही कि मेरे पांच बच्चे हैं। मैंने पुलिस बुलाई लेकिन रफा-दफा करके चली गई।

कोलकाता और बदलापुर में यौन शोषण की घटनाओं को लेकर उपजे आक्रोश के बीच यह वीडियो सामने आया तो तेजी से वायरल होने लगा। यह देखकर पुलिस भी तुरंत हरकत में आई और पड़ताल शुरू की गई। एसीपी वेब सिटी पूनम मिश्रा ने बताया कि जांच-पड़ताल से पता चला कि यह चौकी क्षेत्र लालकुआं थाना वेव सिटी का मामला है।

एसीपी के मुताबिक वीडियो में दिख रही मिला के साथ महिला पुलिस अधिकारियों ने बातचीत की। इसके अलावा उसके घर का पता लगाया गया और परिजनों को भी बुलाया गया। एसीपी पूनम मिश्रा ने कहा कि परिवार के लोगों ने जानकारी दी कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह पहले भी घर से इसी तरह निकलकर हरिद्वार, रूड़की आदि स्थानों पर जा चुकी है।

## राहुल गांधी ने श्रीनगर के मशहूर होटल में कश्मीरी वाज़वान का लिया स्वाद

**श्रीनगर, एजेंसी।**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के दौरे पर हैं। इस दौरान अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पारंपरिक स्थानीय व्यंजन वाजवान का आनंद लेने के लिए श्रीनगर शहर के प्रसिद्ध होटल अहदूस गए। सुरक्षा अधिकारियों को बताने के बाद राहुल गांधी इस होटल में खाना खाने गए। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा, हमें व्यस्त रेजीडेंसी रोड पर उनके आगमन के लिए जल्दी से तैनाती करनी थी और सड़कें क्लियर करनी थीं। वीआईपी यात्रा के लिए यातायात को निकटवर्ती मौलाना आजाद रोड की ओर आंशिक रूप से मोड़ दिया गया।

गांधी सीधे अहदूस होटल पहुंचे और हॉल में उस समय वहां मौजूद अन्य मेहमानों के साथ बैठ गए। अहदूस के होटल के प्रबंधक अब्दुल हमीद ने आईएएनएस को बताया, राहुल गांधी ने पारंपरिक कश्मीरी वाज़वान 'ट्रामी' का ऑर्डर दिया। ट्रामी में मीठी माज, तबक माज़, कबाब और चिकन जैसे पारंपरिक वाज़वान व्यंजन थे। फिर उन्हें रिश्ता, रोगन जोश और अंत में गोस्ताबा परोसा गया। प्रबंधक ने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे उनके साथ थे। उन्होंने शाकाहारी भोजन लिया। कई स्थानीय लोग राहुल गांधी को देखने के लिए उमड़ पड़े। सुरक्षा बलों



को उनको रोकने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कई लोगों ने मोबाइल फोन से राहुल गांधी का वीडियो रिकॉर्ड किया।

सिटी सेंटर की अपनी शाम की यात्रा समाप्त करने से पहले गांधी आइसक्रीम खाने के लिए पास के एरीना आइसक्रीम पार्लर भी गए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आगामी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों का आकलन करने जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार शाम श्रीनगर पहुंचे। दोनों नेता अन्य दलों से संभावित गठबंधन पर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख डॉ फारूक अब्दुल्ला से मुलाकात करेंगे। गांधी पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संबोधित करेंगे और फिर यहां एक होटल में प्रेस वार्ता करेंगे।

# राजनीतिक लाभ के लिए सरकारी खजाना लुटने नहीं दूंगा: मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जोगिंद्रा सहकारी बैंक के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सोलन में मंगलवार देर शाम आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया और बैंक के नए 'लोगो' का अनावरण किया। उन्होंने 7.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बैंक के नए भवन को जनता को समर्पित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जोगिंद्रा बैंक का टर्नओवर 2000 करोड़ रुपये होने पर बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि किसी भी बैंक के कर्मचारी उस संस्था की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक का कुल एनपीए आठ प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह गया है। उन्होंने जोगिंद्रा बैंक के कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का डिपोज़िट 1400 करोड़ रुपये हो गया है लेकिन बैंक की वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बेहतर काम करने वाली




बैंक की शाखाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार इस वित्त वर्ष में प्रत्येक 100 रुपये में से वेतन पर 25 रुपये, पेंशन पर 17 रुपये, ब्याज पर 11 रुपये, कर्ज अदायगी पर नौ रुपये, स्वायत्त संस्थानों की ग्रांट पर 10 रुपये और बचे हुए 28 रुपये पूंजीगत व्यय और अन्य गतिविधियों पर खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान भी कम हुआ है। वर्ष 2021-22 में अनुदान के रूप में राज्य सरकार को 10 हजार करोड़ रुपये मिलते थे जबकि वर्ष 2025-26 में यह अनुदान घट कर तीन हजार करोड़ रुपये रह जाएगा, लेकिन इसके बावजूद वर्तमान राज्य सरकार का विज़न हिमाचल प्रदेश को व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर बनाना है।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा, राजनीतिक लाभ के लिए मैं सरकारी खजाने को लुटने नहीं दूंगा। साधन संपन्न लोगों को बिजली और पानी पर सब्सिडी नहीं दी जाएगी तथा सरकार द्वारा इसका युक्तिकरण किया जा रहा है, ताकि गरीब व्यक्ति को लाभ मिले। सरकार द्वारा उठाए कदमों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो रहा है।

## जनता नाराज है, मेयर ने हमारे मुद्दों पर मूंदी आंखें; एमसीडी बैठक में आप के 3 पार्षदों का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन की बैठक में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष के अलावा सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को अपने ही तीन पार्षदों का विरोध देखना पड़ा। पार्टी के पार्षदो ने कहा, दिल्ली मेयर उन सभी मुद्दों पर आंखें मूंद रहीं हैं, जिन्हें वे उठा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप जनता में नाराजगी है। मेयर के खिलाफ सदन में प्रदर्शन करने वाले तीन पार्षदों के नाम हैं- दिलशाद कालोनी की बहन प्रीति, मंगलापुरी के नरेंद्र कुमापर गिरसा और मोती नगर की अलका ढींगरा।

बहन प्रीति एमसीडी सदन के वेल के पास बैठकर एक तख्ती हाथ में पकड़े हुए थी, जिसपर लिखा था, मेयर इंसाफ करो, मैं चुप नहीं रहूंगी, मेरी आवाज सुनो। उन्होंने कहा, मैं पिछले 20 साल से निगम से जुड़ी हुई हूं और मैंने इस तरह का शासन कभी नहीं देखा। आप पार्षद ने वर्तमान शासन व्यवस्था को लेकर अपनी निराशा व्यक्त की। आप के टिकट पर चुनाव लड़ने से पहले प्रीति तीन बार निर्दलीय पार्षद रह चुकी हैं। उन्होंने कहा, पहले हम सदन में जनहित के मुद्दे उठाते थे। अब तो शादी जैसा माहौल हो गया है। पार्षद इकट्ठा होते हैं, गाते हैं, ताली बजाते हैं, खाते हैं, नारे लगाते हैं और फिर चले जाते हैं, लेकिन कोई काम नहीं होता। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलापुरी से आप पार्षद नरेंद्र कुमार गिरसा जिन्होंने पहले त्रिलोकपुरी से विजय कुमार के साथ डिप्टी मेयर पद के लिए नामांकन दाखिल किया था, ने कमिश्नर को लिखे पत्र दिखाए, जिसमें गाद निकालने और जलभराव पर कार्रवाई करने की मांग की गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रोहित शर्मा को मिला क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड

- जय शाह को भी किया गया सम्मानित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और धाकड़ बल्लेबाज रोहित शर्मा का सिएट क्रिकेटर ऑफ ईयर का अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा खेल प्रशासन में शानदार काम के लिए बीसीसीआई के सचिव जय को भी सम्मानित किया गया है। विराट कोहली वनडे बैटर ऑफ द ईयर बने जबकि शमी को बॉलिंग के लिए सम्मान मिला।

भारतीय टेस्ट और वनडे के कप्तान रोहित शर्मा ने एक क्रिकेट अवॉर्ड सेरिमनी में कई खुलासे किए। उन्होंने टी20 विश्व कप जीत के 3 पिलर्स पर खुलासा तो किया ही साथ ही इशारे ही इशारे में 5 आईपीएल ट्रॉफी यूं ही नहीं जीत लेने पर बड़ा बयान दिया। मुंबई इंडियंस की कप्तानी से हटाए जा चुके रोहित शर्मा ने जय शाह, राहुल द्रविड़ और अजीत अगरकर को टी20 विश्व कप खिताब जीतने में भारत की सफलता के पीछे असली कारण बताया।

रोहित ने हालांकि विश्व क्रिकेट को चेतावनी देते हुए स्वीकार किया कि वह अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भी यही परिणाम दोहराने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## चैंपियनशिप ट्रॉफी-2025

# ससेक्स ने चेतेश्वर पुजारा से खत्म किया करार, इस ऑस्ट्रेलियाई से मिलाया हाथ



**लंदन, एजेंसी।** भारत के टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा अगले साल की काउंटी चैंपियनशिप के लिए ससेक्स की टीम में वापसी नहीं करेंगे क्योंकि इंग्लैंड के क्लब ने ऑस्ट्रेलिया के डेनियल ह्यूज की सेवाएं बरकरार रखने के लिए उन्हें कार्यमुक्त करने का विकल्प चुना है।

बाएं हाथ के बल्लेबाज ह्यूज अगले सत्र में सभी चैंपियनशिप और टी20 विटैलिटी ब्लास्ट मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। क्लब ने यह भी घोषणा की कि वेस्टइंडीज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेडन सील्स इस काउंटी टीम की तरफ से चैंपियनशिप के शुरुआती मैचों में खेलेंगे। पुजारा 2024 में लगातार तीसरी बार ससेक्स की तरफ से खेले थे। उन्होंने ह्यूज की वापसी से पहले पहले सात चैंपियनशिप मैच खेले।

ससेक्स के मुख्य कोच पॉल फारब्रेस ने आधिकारिक वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'चेतेश्वर से करार खत्म करना आसान काम नहीं था लेकिन डेनियल हमारी जरूरत के अनुरूप टीम में फिट बैठे हैं और हमें खुशी है कि वह अगले पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। ह्यूज ने इस साल के ब्लास्ट के ग्रुप चरण में 43.07 की औसत से 560 रन बनाए जिसमें पांच अर्द्धशतक शामिल है। उनका उच्चतम स्कोर 96 रन रहा। वह वर्तमान सत्र में काउंटी चैंपियनशिप के बाकी बचे पांच मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।




# टीम इंडिया में इन 4 खिलाडियों का अगले 10 टेस्ट में खेलना तय

### बाकी के बीच जगह पाने के लिए होगी जंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद करीब डेढ़ महीने से ज्यादा का ब्रेक मिला है.

इस ब्रेक के बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी. कुल मिलाकर भारतीय क्रिकेट टीम को 111 दिनों के अंदर 10 टेस्ट खेलने हैं. ऐसे में सबसे ज्यादा सवाल टीम इंडिया के सेलेक्शन को लेकर होंगे. क्योंकि आने वाले 10 टेस्ट से ही भारतीय टीम का वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने का रास्ता तय करेंगे. इन मुकाबलों में भारतीय टीम को शानदार प्रदर्शन करना होगा. ऐसे में टीम इंडिया में टेस्ट क्रिकेट के लिहाज से कौन से खिलाड़ी खेलेंगे इस पर खूब जंग देखने को मिलेगी.

सूत्रों ने बताया कि कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और आर अश्विन का खेलना अगले 10 टेस्ट में तय है. वहीं, अन्य खिलाड़ियों का चयन दलीप ट्रॉफी के प्रदर्शन के आधार पर होगा.

दलीप ट्रॉफी का आगाज 5 सितंबर को होगा. इसमें 4 टीमें उतरेंगी. विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन को इस टूर्नामेंट में खेलने से छूट मिली है. यानी यह टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे. लेकिन यह चारों ही खिलाड़ी आने वाले 10 टेस्ट में निश्चित तौर पर खेलते हुए दिखेंगे.

सूत्रों ने यह भी बताया कि चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर इन खिलाडियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे. वहीं, अन्य सेलेक्टर्स शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी, सलिल अंकोला, श्रीधरन शरथ मैदान में जाकर भी खिलाडियों का प्रदर्शन भापेंगे. ऐसे में दलीप ट्रॉफी के मैच खिलाडियों का प्रदर्शन ग्राउंड पर भी जाकर देखते हुए नजर आएंगे.

## पाकिस्तान- बांग्लादेश

### मोहम्मद रिजवान के साथ साऊद शकील भी चमके



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान के मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और साऊद शकील ने मिलकर टीम को संभालने का काम किया। पहली पारी में पहले रिजवान ने और उसके कुछ देर के बाद ही साऊद शकील ने भी शतक ठोक दिया। रिजवान ने जहां अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक लगाया तो वहीं ये साऊद शकील के भी टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक रहा।

टेस्ट प्रारूप में रिजवान ने श्रीलंका के खिलाफ पहला शतक लगाने का कमाल किया तो वहीं साऊद शकील का ये इस टीम के खिलाफ दूसरा शतक रहा। इससे पहले साऊद शकील ने श्रीलंका के खिलाफ 2023 में नाबाद 208 रन की पारी खेली थी। पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में पाकिस्तान के पहले 4 विकेट 114 रन पर गिर गए थे, लेकिन शकील और रिजवान ने मिलकर पारी को संभालने का काम किया। साऊद शकील ने अपनी टीम के लिए इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले की पहली पारी में अपने टेस्ट क्रिकेट करियर का तीसरा शतक 195 गेंदों पर पूरा किया। इस दौरान शकील ने 5 चौके लगाए और उनकी बल्लेबाजी काफी धैर्यभरी रही।

इस मैच में पाकिस्तान के 4 शीर्ष बल्लेबाजों में से तीन बैट्समैन का बुरा हाल रहा और वो दहाई का अंक भी नहीं छू पाए। पहली पारी में अबदुल्लाह शफीक ने दो रन जबकि कप्तान शान मसूद 6 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं बाबर आजम तो खाता भी नहीं खोल पाए और 2 गेंदों का सामना करते हुए जीरो पर आउट हो गए।

## रिकॉर्ड :

# रोनाल्डो ने बनाया एक और विश्व रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बुधवार को अपना यूट्यूब चैनल लॉन्च किया। रियल मैड्रिड के पूर्व स्टार के फैंस उनके चैनल की सदस्यता लेने और वह किस तरह से अपना जीवन जीते हैं, यह जानने के लिए यूट्यूब पर उमड़ पड़े। फैंस की उत्सुकता इतनी ज्यादा थी कि रोनाल्डो ने सबसे तेज एक मिलियन यानी 10 लाख ग्राहकों के लिए यूट्यूब का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि महज 90 मिनट में हासिल की।

खबर लिखे जाने तक रोनाल्डो के चैनल पर 13 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर्स हो चुके हैं। फुटबॉल स्टार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के माध्यम से अपने यूट्यूब चैनल की शुरुआत की घोषणा की थी, जहां उनके बड़े पैमाने पर फॉलोअर्स हैं। रोनाल्डो के एक्स प्लेटफॉर्म पर 112.5 मिलियन, फेसबुक पर 170 मिलियन और इंस्टाग्राम पर 636 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

रोनाल्डो ने चैनल लॉन्च का एलान करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किया, इंतजार खत्म हो गया है। मेरा यूट्यूब चैनल आखिरकार जारी हो चुका है! इस नई यात्रा पर मेरे साथ जुड़ें। अपना पहला वीडियो पोस्ट करने के कुछ घंटों बाद, 1.69 मिलियन फैंस चैनल को सब्सक्राइब कर चुके थे। रोनाल्डो के इस वीडियो को 90 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। 24 घंटे में रोनाल्डो को गोल्डन प्ले बटन भी मिल गया। उन्होंने अपने बच्चों को गोल्डन प्ले बटन दिखाया तो सभी झूम उठे। इसका वीडियो उन्होंने एक्स पर शेयर किया है।

मेसी से ज्यादा रोनाल्डो के सब्सक्राइबर्स

रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी और इंटर मियामी से खेलने वाले अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी का भी एक यूट्यूब चैनल है और उनके 2.27 मिलियन सब्सक्राइबर्स हैं। मेसी ने इसे 2006 में लॉन्च किया गया था।

# जसप्रीत बुमराह इस समय तीनों फॉर्मेट के किंग: टिम साउदी

**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पुरुष टेस्ट कप्तान टिम साउदी ने कहा है कि भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पीठ की चोट से वापसी के बाद उन्होंने और बेहतर प्रदर्शन किया है।



चोट के कारण भारतीय तेज गेंदबाजी के लीडर करीब 11 महीने तक खेल से दूर थे। साउदी ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग के बाद दूसरे ऐसे क्रिकेट स्टार हैं, जिन्होंने बुमराह को दुनिया का शानदार ऑल-फॉर्मेट गेंदबाज बताया है।

पिछले साल के वनडे विश्व कप में पूरी तरह फिट होकर लौटे बुमराह ने 20 विकेट लिए थे, और इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में 19 विकेट झटके थे। इसके बाद जून में टी20 विश्व कप में उन्होंने 4.17 की इकॉनमी रेट से 15 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे और टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई।

## ओलंपिक :

# पेरिस ओलंपिक में हिस्सा वाली 24 साल की इस भारतीय एथलीट ने छोड़ा टेबल टेनिस, अब यूएस में करेंगी पढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्चना के ओलंपिक के लिए चयन को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, लेकिन उन्होंने विवाद पर ध्यान देने की बजाय अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। अर्चना को टीओपी, ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट (ओजीक्यू) और अन्य प्रायोजकों का समर्थन प्राप्त है।

भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामथ ने हाल ही में पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था। अब वह इस खेल को छोड़कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने यूएस जाने का फैसला लिया है। यह घटना हैरान करने वाली है, क्योंकि अर्चना ने पेरिस ओलंपिक में महिला टीम के साथ इतिहास रचा था। भारत की महिला टेबल टेनिस टीम पहली बार ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही थी। क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया को जर्मनी के हाथों हार मिली थी, जहां अर्चना कामथ एकमात्र पैडलर थीं जिन्होंने एक गेम जीता था। भारत यह मैच 1-3 से हार गया था और



प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अब 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों में पदक की कोई गारंटी नहीं होने के कारण युवा पैडलर अर्चना ने पेशेवर रूप से टेबल टेनिस छोड़ने का फैसला किया है।

पेरिस खेलों से स्वदेश लौटने के बाद अर्चना कामथ ने अपने कोच अंशुल गर्ग से अगले खेलों में पदक हासिल करने की संभावनाओं के बारे में ईमानदार बातचीत की थी। अर्चना के रुख से स्तब्ध कोच ने ईमानदारी से जवाब देने का फैसला किया। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया- मैंने उनसे कहा कि यह मुश्किल है। इसमें बहुत मेहनत लगेगी।

# नीरज चोपड़ा के रजत पदक जीतने से प्रेरणा ले रहे हैं सुमित अंतिल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस में आगामी पैरालंपिक में सभी की निगाहें भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल पर होंगी। टोक्यो 2020 चैंपियन का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना होगा और उन्हें विश्वास है कि वह अच्छे परिणाम के साथ लौटेंगे।अंतिल, जो 28 अगस्त से 8 सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक के उद्घाटन समारोह में 84 सदस्यीय भारतीय दल के दो ध्वजवाहकों में से एक होंगे, ने कहा कि वह पेरिस में स्टेड डी फ्रांस में नीरज चोपड़ा के रजत पदक जीतने के प्रयास से प्रेरणा ले रहे हैं। टोक्यो के प्रदर्शन को दोहराने के बारे में आश्वस्त अंतिल ने कहा कि चोपड़ा ने पेरिस पैरालंपिक में से पहले एक सरल सलाह साझा की थी।

अंतिल ने एसएआई मीडिया से कहा, नीरज भाई का 89.45 मीटर थ्रो एक बेहतरीन प्रयास था। यह उनके सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था और यह उनके चोटिल होने के बाद आया। यह उस आदमी के बारे में बहुत कुछ कहता है। नीरज भाई कहते हैं कि मुझे कुछ भी नया करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए और सिर्फ शांत और स्थिर रहकर अपनी तैयारी पर भरोसा करना चाहिए।

हरियाणा का हट्टा-कट्टा भाला फेंकने वाला एथलीट पैरालंपिक में खुद को चुनौती देगा। टोक्यो में, अंतिल ने तीन बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ा और 68.55 मीटर के अपने अंतिम प्रयास ने उन्हें एफ-64 श्रेणी (निचले अंगों में समस्याओं वाले एथलीट, या कृत्रिम अंग के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले या पैर की लंबाई से प्रभावित एथलीट) में स्वर्ण पदक दिलाया। आत्मविश्वास के बावजूद, भाला कभी भी चोट का कारण बन सकता है और अंतिल को पीठ की चोट थी जिसके पेरिस में प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ठीक होने की उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने कहा, हम इस समय चोटों को लेकर काफी सचेत हैं। यह हमारे थ्रो पर प्रभाव डालता है। अभी मेरी पीठ में हल्की चोट है और मैं नहीं चाहता कि इसका असर पेरिस में मेरे प्रदर्शन पर पड़े। इसके अलावा मेरी तैयारी अच्छी रही है और मैं अच्छे परिणाम के साथ वापसी करने की कोशिश करूंगा।



# कमाई में हार्दिक पांड्या को पछाड़ देंगे नीरज चोपड़ा !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नीरज चोपड़ा और मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में भारत का नाम रोशन किया था. नीरज ने जैवलिन थ्रो के इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था, जबकि शूटिंग क्वीन मनु भाकर ने दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए थे. मनु तीसरा ब्रॉन्ज मेडल जीतने से सिर्फ एक कदम दूर रह गई थीं.

अब सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा कमाई के मामले में भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को छोड़ते हुए दिख रहे हैं. वहीं शूटर मनु भाकर की भी कमाई में चार चांद लगने की खबर है. इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट की मानें तो वित्तीय सलाहकार फर्म क्रोल के आंकड़ों के आधार पर नीरज चोपड़ा की वैल्यू में मोटी बढ़ोत्तरी होगी.

रिपोर्ट के मुताबिक नीरज की वैल्यू 29.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 248 करोड़ भारतीय रुपये) से बढ़कर 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 330 करोड़ भारतीय रुपये) हो जाएगी. आगे बताया गया कि ओलंपिक से पहले नीरज चोपड़ा की वैल्यू (पैसों की) हार्दिक पांड्या के बराबर थी, लेकिन उम्मीद है कि नीरज अब हार्दिक पांड्या को पीछे छोड़ देंगे.



### दीप्ति की प्रतिभा और समर्पण का सम्मान किया जाना चाहिए: मिताली राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज ने लंदन स्पिरिट को 2024 विमेंस हंड्रेड का खिताब दिलाने में साहसिक प्रदर्शन के लिए दीप्ति शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑलराउंडर अपनी प्रतिभा खेल में समर्पण के लिए दूर-दूर तक जश्न मनाने तथा सम्मान किये जाने की हकदार है।

घायल ग्रेस हैरिस के बाहर होने के बाद दीप्ति टीम में प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में आईं और अंततः लॉर्ड्स में वेल्श फायर पर जीत के साथ स्पिरिट को अपना पहला खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दीप्ति ने फाइनल में लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगाकर विजयी रन भी बनाया, जब स्पिरिट को चैंपियनशिप जीतने के लिए आखिरी तीन गेंदों पर चार रन की जरूरत थी।

मिताली ने कहा, हम अक्सर कुछ खिलाड़ियों की प्रतिभा को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन इस खिलाड़ी की प्रतिभा और समर्पण का दूर-दूर तक जश्न मनाया जाना चाहिए। सितारों से भरी दुनिया में, दीप्ति अपने अनोखे तरीके से चमकती हैं। जब दीप्ति शर्मा ने द हंड्रेड फ़ाइनल में वह मैच जिताऊ छक्का लगाया, तो यह अत्यंत प्रतिभा का क्षण था।

## एक नजर

### पूर्व मुखिया का मना शहादत दिवस

**रफीगंज (औरंगाबाद) (का. सं.)।** गुरूवार को इस्माइलपुर स्टेशन के समीप पूर्व मुखिया राजकुमार सिंह की 26 वां शहादत दिवस मनायी गयी।अध्यक्षता शिक्षक रणजीत कुमार ने किया। स्मारक पर शाहिद की पत्नी बेदनियां कुँवर ने माल्यार्पण कर झंडोतोलन किया। पंकज यादव एवं चंद्रशेखर प्रसाद ने गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने शोक सभा एवं विचार गोष्ठी का किया।इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष महेश सिंह , जिप बालेश्वर प्रसाद, लाल धारी यादव, बालकुमार यादव, चंद्रशेखर प्रसाद पूर्व मुखिया अनिल पासवान, पंकज कुमार, सुरेश विश्वकर्मा, रामनरेश प्रसाद , लक्ष्मण प्रसाद, श्रीदेव राजवंशी, मो सलाउद्दीन,केशोपुर के रामप्रीत यादव, महेंद्र गिरी, पूर्व मुखिया जितेंद्र यादव,केराप के रामसेवक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सोने का चेन सहित एक लाख रूपए लेकर अपराधी फरार, की मारपीट

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद। शहर के धनीधर मोड़ मोती सोनार के दुकान के समीप बीती रात एक युवक के साथ मारपीट हुई है। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जख्मी का आस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि बदमाश सोने की चेन और एक लाख रूपए लेकर फरार हो गए है। घायल युवक की पहचान औरंगाबाद शहर के टिकरी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय कामेश्वर पासवान के बेटे बिट्टू कुमार के रूप में की गई है। घायल बिट्टू ने इलाज के दौरान बताया कि वह एलआईसी में कार्यरत है। बीती शाम (बुधवार) को कलेक्शन कर घर लौट रहा था, तभी कुछ लड़के पीछा करते हुए आए और एक लाख नगद व सोने के चेन की छिनतई की। छिनतई का विरोध करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। घायल ने बताया कि घटना के वक्त लगभग 30 से 35 की संख्या में बदमाश पहुंचे थे। इस मामले में नगर थाना अध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, पुलिस इस मामले को पुरानी रंजिश से भी जोड़कर देख रही है। घायल का डॉक्टर प्रवीण अग्रवाल ने इलाज किया। इलाज के दौरान डॉक्टर प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि घायल को सिर में चोट लगी है। घायल ने घटना के बाद कुछ बदमाशों की पहचान किया गया है। अपराधियों ने धमकी दी है कि मुकदमा दर्ज करने पर मार से देंगे।

### 24 घंटे के अंदर 176 अपराधी गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना पुलिस ने पिछले 24 घंटे के अंदर बड़ी कार्रवाई की है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान के तहत 176 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी पूर्वी भारत सोनी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि चेन स्नेचिंग, फायरिंग, मादक पदार्थों की तस्करी समेत कई मामलों में गिरफ्तारी हुई है। अपराधियों के पास से नशे का सामान, शराब और हथियार बरामद हुआ है। लूट, छिनतई और गोलीबारी की घटना को लेकर संबंधित थाना क्षेत्रों में बिट ऑफिसर को तैनात किया गया था। एक लिस्ट बनाकर अपराधियों को चिन्हित किया गया था। सिटी एसपी पूर्वी ने बताया कि बुधवार देर रात विशेष अभियान चलाकर चिन्हित 176 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में 54 मामले दर्ज किए गए हैं। सभी थानाध्यक्षों को अपराध की रोकथाम के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं।

चोरी के बड़े मामले का पुलिस ने किया भंडाफोड़

# पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार 9.83 लाख नगदी व जेवरात बरामद

निज संवाददाता



**हसपुरा( औरंगाबाद)।** औरंगाबाद के हसपुरा थाना की पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का उद्भेदन किया है। मामले में पुलिस ने चार चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही चोरो के पास से 9.83 लाख नगदी एवं अन्य सामान भी बरामद किया है। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कुमार ऋषिराज ने बताया कि 20 अगस्त की रात हसपुरा के चौराही रोड में एक बर्तन दुकान और दुकानदार के दुकान के उपर घर में पीछे के रास्ते से घुसकर अज्ञात चोरों ने गोदरेज और आलमीरा तोड़कर 22 लाख की नगदी और सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की थी। मामले में पीड़ित दुकानदार राधा प्रसाद चौरसियां के बयान पर भारतीय न्याय संहिता की धारा-331(4) एवं 305 के तहत प्राथमिकी संख्या-234/24 दर्ज कर हसपुरा पुलिस त्वरित अनुसंधान में लगी थी। इस बीच चोरो की गिरफ्तारी एवं चोरी गए सामानों की बरामदगी को लेकर उनके निर्देश पर हसपुरा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों की एक टीम गठित की गई। टीम ने अनुसंधान के दौरान मिले खुफिया इनपुट के आधार पर त्वरित छापेमारी करते हुये चोरी की घटना को अंजाम देने में शामिल चार चोरो को घटना के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोरो के पास से पुलिस ने चोरी की गई 9.83 लाख नगदी, सोना-चांदी के जेवरात एवं 03 मोबाईल फोन बरामद किए है। चोरी गए शेष सामानों की बरामदगी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार चोरो में हसपुरा के चौराही रोड निवासी मो. वकील खलीफा का पुत्र शकील आलम, इस्लाम खलीफा का पुत्र मकसूद आलम, सनोज चौधरी का पुत्र सुजीत कुमार एवं हलीमचक निवासी मंगल चौधरी का पुत्र सुनील कुमार शामिल है। गिरफ्तार चोरों में शामिल शकील उसी बर्तन दुकान में पिछले तीन साल से काम करता था और उसी ने अन्य तीनों चोरों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई थी। योजना के तहत शकील ने साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को तब अंजाम दिया, जब दुकानदार रक्षाबंधन पर घर से बाहर ससुराल चला गया।इसी का फायदा उठाते हुए शकील ने मौका देख 20 अगस्त को दिन में हीं अपने साथियों को दुकान में बुला लिया और रात में घटना को अंजाम दिया। आलमीरा से ताला तोड़कर लगभग 20 लाख रूपये नगदी तथा तीन चांदी का सिक्का, एक सोने का चेन सहित अन्य जेवरात निकाल लिया। रात को 12 बजे रुपए व जेवरात के साथ उसके साथी चोरी कर निकल गए। बुधवार की सुबह जब दुकानदार पिंटू का छोटा भाई सौरभ दुकान के छत पर आरती दिखाने गया तो आलमीरा पर नजर पड़ी। देखा कि आलमारी टूटा हुआ और खाली था। उसने शोर मचाना शुरू किया।

फिर सूचना पर पिंटू भी शाम तक हसपुरा पहुंचा। फिर सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची। इसके बाद हसपुरा पुलिस प्रशासन की सतर्कता के कारण मात्र 48 घंटे के अंदर हीं इस कांड का उद्वेदन हो गया। बाकी के गायब रुपयों एवं जेवरात की बरामदगी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार सभी चोरों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर अलग-अलग जगहों से पुलिस ने 9.83 लाख नगदी, तीन मोबाईल, चांदी का दो पायल, दो बाला, एक कड़ा, सोने का दो कान का झुमका, एक जिउतिया, दो लॉकेट एवं दो कान का तरना बरामद किया है। पुलिस के छापेमारी दल में हसपुरा थानाध्यक्ष नरोत्तम, पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार, सूर्यदेव सिंह यादव, रूबी कुमारी, गौतम राम एवं अन्य पुलिस बल शामिल रहे।

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान

# सतीश कुमार सिंह बने जिला सदस्यता प्रमुख

- बिहार में एक करोड़ नए सदस्यों का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता






**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक सितंबर से अपने सदस्यता अभियान की शुरुआत करने की घोषणा की है। इस अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा, जिसके तहत बिहार में 1 करोड़ से अधिक नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत, औरंगाबाद जिले की सदस्यता टोली की घोषणा की गई है। इस टोली में सतीश कुमार सिंह को जिला सदस्यता प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके सहायक के रूप में दीनानाथ विश्वकर्मा, विशाल वैभव उर्फ टैगौर, और सारिका शेखर को नियुक्त किया गया है। सतीश कुमार सिंह ने इस अभियान की रणनीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस बार पार्टी की सदस्यता लेने के चार मुख्य तरीके होंगे। पहला मोबाइल नंबर पर मिस्ड कॉल देकर, दूसरा क्यूआर कोड स्कैन करके, तीसरा नमो ऐप के माध्यम से और चौथा भाजपा की वेबसाइट के जरिए। सतीश कुमार सिंह की कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा करते हुए, उन्हें इस महत्वपूर्ण अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि पार्टी इस अभियान में हर जाति, धर्म, और समुदाय के लोगों को शामिल करेगी, जिससे यह सर्व समावेशी और सर्वव्यापी होगा। दूरदराज के इलाकों में पारंपरिक कागजी तरीकों का भी इस्तेमाल किया जाएगा ताकि हर व्यक्ति इस अभियान का हिस्सा बन सके।

### कल विशेष सदस्यता कार्यशाला का आयोजन

औरंगाबाद जिले के कार्यकर्ताओं के लिए कल, 24 अगस्त को एक विशेष सदस्यता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, बिहार सदस्यता अभियान प्रभारी सह पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा सहित जिले के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता के अलावा औरंगाबाद लोस के पूर्व सांसद, विधायक, विधान पार्षद, मंडल अध्यक्ष, और अन्य सम्मानित नेता भी शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य जिले में सदस्यता अभियान को और मजबूत करना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें और भाजपा के मिशन को साकार कर सकें।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, चार लोग झुलसे

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर-7 स्थित संतोष कुमार चंद्रवंशी के घर में बुधवार की अहले सुबह आग लई गई। इसमें घर में रखा सारा सामान और घर के पहले तला पर स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान व गोदाम में रखा समान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण बिजली का शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हादसे में 4 लोग झुलसे है।

गृह स्वामी संतोष कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि घर के सभी सदस्य सो रहे थे, तभी घर के निचले फ्लोर में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। ये धीरे-धीरे बढ़ता गया और पूरे घर को अपने चपेट में ले लिया। घर के दूसरे फ्लोर पर सो रहे लोगों ने देखा कि घर में आग लग गई और आग से बचने के लिए बाहर निकलने का प्रयास किया।

घर से बाहर निकलने के क्रम में संतोष चंद्रवंशी, उनकी मां शांति देवी, बहनोई योगेश्वर सिंह और भगना साहिल कुमार बुरी तरह से झुलस गए। अगलगी में झुलसे लोगों को नगर वासियों के सहयोग से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अगलगी की सूचना नगर वासियों ने पुलिस प्रशासन और दमकल को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस प्रशासन व दमकल की टीम ने नगर वासियों के सहयोग से घंटों कड़ी मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पाया।

संतोष चंद्रवंशी ने बताया कि अगलगी की घटना की सूचना स्थानीय थाना को दे दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही चंद्रगढ़ पंचायत के मुखिया अमोद चंद्रवंशी,नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेंद्र रजक,राजद नेता दिवाकर चंद्रवंशी घटनास्थल पर पहुंचे व अगलगी में घायल लोगों से मिलने अस्पताल पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शी अभिमन्यु कुमार गुप्ता ने बताया कि हम घर से बाहर थे, तभी अचानक जोर-जोर से आवाज सुनाई दी। जिसके बाद मैंने अपने साथियों के साथ घर में रह रहे लोगों को बाहर निकाला।

# इफको बाजार से खाद नहीं मिलने पर किसानों ने किया हंगामा व सड़क जाम



निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** इफको बाजार गोह मे किसानो को कतारबद्ध खाद नहीं मिलने पर किसानो ने नाराजगी व्यक्त किया। इसको लेकर गुरुवार को दर्जनों किसानो ने इफको बाजार मे हगामा करते हुए सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान लगभग एक घंटा दाऊदनगर गया पथ जाम रहा सुचना मिलते हीं दाऊदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, एसडीओ मनोज कुमार, बीडीओ राजेश कुमार दिनकर व थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर किसानों को समझा बूझकर जाम को हटाया।

हंगामा कर रहा है। किसानों का कहना था कि हम लोग सैकड़ो किसान सुबह बिना नाश्ता किए हुए भूखे प्यासे लाइन में लगे हुए हैं। लेकिन इफको बाजार के कर्मचारियों द्वारा अपने चहेते को सबसे पहले खाद दे दिया जा रहा है और हम लोग लाइन में लगे हुए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के बाद अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और किसानो को समझाने बुझाने के बाद जाम हटाया गया। उसके बाद से सुचारू रूप से किसानों के बीच खाद का वितरण किया गया।

# डीएम ने किया प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक



निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह मे गुरुवार को औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम द्वारा गठित जिला टीम द्वारा प्रखंड के 20 पंचायत में चल रहे विकास योजनाओ की समीक्षा की गई। डीएम ने प्रखंड कार्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय, डाटा सेंटर कार्यालय का निरीक्षण किया। अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया और राजस्व पंजी, रोकड पंजी सहित अन्य कागजातों की जांच की। वही प्रखंड कार्यालय के गौतम बुद्ध नगर भवन में जनप्रतिनिधियों के साथ डीएम सहित वरीय पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र के समस्याएं रखी।गोह के पंचायत समिति सदस्य सत्यपाल उर्फ़ भोला यादव ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि गोह मे खेल मैदान के रूप मे एक गांधी मैदान हैं, उसमे भी जल जमाव हैं। इस पर डीएम ने गंभीरता से लेते हुए बीडीओ साहब को फटकार लगाया। ऐसे कई पंचायत के मुखिया व सरपंच ने अपनी अपनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। डीएम ने सभी शिकायतों को नोट करते हुए संबंधित पदाधिकारी को इसका समाधान करने का निर्देश दिया।

# डायन बिसाही मामले में हत्या के आरोपी को कोर्ट ने दिया दोषी करार




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के एडीजे-5 उमेश प्रसाद की अदालत ने गुरूवार को देव थाना कांड संख्या-42/15,जीआर-1202/15 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए मामले के एक मात्र अभियुक्त सिमरी टोले देव निवासी योगेन्द्र सिंह को भादंवि की धारा-302/34 में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया।अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कोर्ट ने सजा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 29 अगस्त निर्धारित की है। अधिवक्ता ने बताया कि मामले में बतौर सूचक सिमरी टोले देव निवासी सुशीला कुंवर ने 01 जुलाई 2015 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। कहा था कि अभियुक्त के घर एक घटना घटी थी। उसे संदेह था कि मेरे घर कोई डायन है। इसी भ्रम में एक दिन हमारे घर पर हमला कर बुजुर्ग ससुर वृजा सिंह की हत्या कर दी थी। अंधविश्वास के कारण हत्या हुई थी।

# परमिट शुल्क कम करने से बढ़ेंगे स्वरोजगार : शीला मंडल

निज संवाददाता | पटना



परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि आमजनों की सहूलियत के लिए राज्य सरकार ने व्यावसायिक मोटर वाहनों के परमिट शुल्क को कम करने का निर्णय लिया है। इससे बिहार में वाहनों की खरीद बढ़ेगी और प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगा। उन्होंने कहा कि नए वाहनों की खरीद से राज्य में स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। परिवहन मंत्री गुरुवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। इस मौके पर मद्यनिषेध, निबंधन एवं उत्पाद मंत्री रत्नेश सदा ने आरोप लगाया है कि राजद की सरकार में मुख्यमंत्री आवास से फिरौती और अपरहण की साजिश रची जाती थीं। वहीं, आज बिहार में कानून का राज है। अपराध करने वालों के खिलाफ अब कठोर और त्वरित कार्रवाई होती है। पत्रकारों के सवाल पर रत्नेश सदा ने कहा कि प्रशांत किशोर की राजनीतिक विश्वनीयता का कोई ठोर-ठिकाना नहीं है। बिहार की जनता कभी उनके भ्रमजाल में नहीं फंसेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित करें बीमा कंपनियां : डीएलएसए

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम ने राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर गुरुवार को सभी इंश्योरेंस कंपनियों के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक की। बैठक में बीमा कंपनियों के अधिकारियों में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक ज्ञानेंद्र कुमार, न्यू इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंधक के अलावा इंश्योरेंस कंपनियों से संबंधित अधिवक्ता रसिक बिहारी सिंह, अरूण तिवारी, धनंजय शर्मा, तथा अन्य ने भाग लिया। बैठक में सभी ने पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में हुए निष्पादन से ज्यादा वादों का निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सचिव ने सभी पदाधिकारियों को स्वयं से ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे क्रियान्वित करने के लिए कहा। सचिव ने कहा कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए समय बहुत कम है। इस कारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार हरसंभव प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराया जा सके। इस कारण युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। आपके सहयोग से मोटर दुर्घटना वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से होता है तो पीड़ित को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने में सहायक होगा। इसी विश्वास के साथ आपको लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना है। सचिव ने आम जनों से भी अपील किया कि 14 सितम्बर को आयोजित आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक आमजन लाभ उठाए। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराना हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# कॉलेज जाने के दौरान युवक को कर लिया गया था अगवा, छह दिन बाद सकुशल बरामद, अपहर्ता के पीछे हाथ धोकर पड़ी पुलिस

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** घर से पढ़ाई करने निकले युवक को अगवा किए जाने की घटना के छः दिन बाद पुलिस ने अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। युवक को बरामद करने के बाद पुलिस अपहर्ता के पीछे हाथ धोकर पड़ी है। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही अपहर्ता को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे ठूस दिया जाएगा। मामला औरंगाबाद के मदनपुर थाना क्षेत्र के वार गांव का हैं। दरअसल मदनपुर थाना क्षेत्र के वार गांव निवासी संजय प्रजापति का पुत्र अनुराज कुमार(19) उस वक्त लापता हो गया था, जब वह घर से पढ़ने औरंगाबाद के रामलखन सिंह यादव कॉलेज के लिए निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। साथ ही उसका फोन भी बंद बता रहा था। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता नही चलने पर परिजनों ने थक हारकर युवक को अगवा किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

औरंगाबाद के अनुमंडल पुलिस पदधिकारी(एसडीपीओ)-2 अमित कुमार ने बताया कि शिकायत के आलोक में प्राथमिकी के बाद पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देश पर युवक को सकुशल बरामद करने के लिए उनके नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया था। एसआइटी ने युवक को बरामद करने हेतु उसका फोटो सीआईजी, समाचार पत्र, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन पर प्रेषित कराया। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के बारे में सूचना देने वाले को 25 हजार का इनाम देने की भी घोषणा की गई। इसी कड़ी में मदनपुर पुलिस एवं जिला आसूचना ईकाई के सहयोग से खुफिया इनपुट पर युवक अनुराज कुमार को सुकुशल बरामद कर लिया।

# शातिर ठग हुआ गिरफ्तार

**पटना (नि.सं.)।** पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल से पुलिस ने शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। एक मोबाइल और लैपटॉप बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान मुजफ्फरपुर निवासी शंकर सिंह के तौर पर हुई है। पुलिस की पूछताछ में ये बात सामने आई है कि आरोपी देश के कई राज्यों में लोगों को अपना निशाना बना चुका है। पुलिस पदाधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि लखीमपुर गांव से सूचना मिली थी। ग्रामीणों ने बताया कि एक व्यक्ति खुद को निजी बैंक का स्टाफ बताकर ठगी की कोशिश कर रहा है।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत डीडीसी ने किया वृक्षारोपण

निज संवाददाता

**रफीगंज( औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथु गांव में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत औरंगाबाद डीडीसी अभरेंद्र मोहन सिंह ने वृक्षारोपण कर लोगों को जागरूक किया।उन्होंने बताया कि जल जीवन हरियाली अभियान के एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। पौथू पंचायत के विभिन्न गांव में वृक्षारोपण कर लोगों को जागरूक किया। कहा कि पेड़ पौधे रहने से वायुमंडल का संतुलन बना रहता है। अपने घरों व आसपास की खाली जमीन पर इस अभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल बेहतर ढंग से करते रहे। डीडीसी ने वन महोत्सव की शुरुआत की। बदलते परिवेश में पर्यावरण का संतुलन बहुत जरूरी है। इसलिए सभी लोग अपने घर के खाली जमीन पर एक-एक पौधा लगाएं। सरकार भी मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में पौधा लगाने का कार्य कर रही है।ताकि पर्यावरण संतुलित रखा जा सके।

# तीन अपराधियों की संपत्ति जब्त करेगी ईडी

निज संवाददाता

**पटना।** ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने आपराधिक गतिविधि से संपत्ति अर्जित करने वाले बिहार के तीन अपराधियों अखिलेश यादव, जयनंदन यादव और दिनेश यादव की अवैध संपत्ति को अंतिम रूप से जब्त करने की कवायद शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर पटना स्थित पीएमएलए के विशेष न्यायालय में ईडी की पटना इकाई ने मामला दायर किया है। इस पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने स्वीकृत कर लिया है। इन तीनों अपराधियों की 29 अचल संपत्ति जब्त की गई थी, जिसका सरकारी मूल्य 2 करोड़ 8 रुपये से अधिक है। हालांकि, इसका बाजार मूल्य इससे कई गुणा अधिक है। प्राप्त सूचना के अनुसार, ये तीनों अपराधी खगड़िया इलाके के हैं और आपस में भाई हैं।

ईडी ने आपराधिक गतिविधियों से कमाई इनकी संपत्ति को करीब डेढ़ वर्ष पहले ही शुरुआती स्तर पर जब्त कर ली थी। अब इनकी संपत्ति को अंतिम रूप से जब्त करने की पहल की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने अपनी जांच में यह पाया कि इन तीनों ने डकैती, हत्या, छिनैती समेत अन्य संगीन जुर्म की बदौलत करोड़ों की संपत्ति जमा कर ली है। इन्होंने अपनी संपत्तियों को अपने परिवार वालों के नाम पर भी जमा कर रखी है। इन सभी को ईडी ने जब्त कर लिया है।

# एनपीके उर्वरक की बोरी में कंकर, भड़के किसान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** एनपीके उर्वरक की बोरी में कंकर, पत्थर व बालू मिलने से गुरूवार को देव के करमाड़ीह के किसान भड़क उठे। आक्रोशित किसानों का समूह उर्वरक की बोरी लिए भड़के किसान उर्वरक दुकान पर चले आए और जमकर हंगामा किया। किसानों का आरोप है कि उर्वरक दुकान से खरीदे खाद को छिंटने के दौरान उन्हे बोरी में कंकर, पत्थर और बालू मिला दिखा। इसके बाद वें मिलावटी खाद की बोरियों को लेकर उर्वरक विक्रेता की दुकान पर चले आए। मौके पर हंगामा करने के साथ ही किसानों ने इसकी सूचना देव के प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्णदेव चौधरी को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बीएओ नें दुकान से एनपीके उर्वरक का सैंपल लिया। कहा कि सैंपल को प्रयोगशाला में भेज रहे है। जांच रिपोर्ट आने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान देव के कर्माडीह के किसानों ने बताया कि उन्होंने हिमांशु सीमेंट-खाद स्टोर से इंडो रामा कंपनी की करीब 100 बोरी एनपीके 1428 रूपयें प्रति बोरी निर्धारित कीमत से अधिक देकर 1450 रूपये प्रति बोरी की दर से उर्वरक ख़रीदी थी। जब खाद का प्रयोग अपनें खेतों में करने लगे तो बोरी में कंकर, पत्थर और बालू मिला दिखा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. संजय कुमार
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी
प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, मदनपुर (औरंगाबाद)
पंकज कुमार (लेखा प्रबंधक)
ललन कुमार (स्वास्थ्य प्रबंधक)